FOR REFERENCE ONLY

H.P

आर्थिक समीक्षा 1997

हिमाचल प्रदेश

ECONOMIC REVIEW

HIMACHAL PRADESH

5252
338.95452
HIM 97

DEPARTMENT OF ECONOMICS & STATISTICS
HIMACHAL PRADESH SHIMLA-171 001

हिमाचल प्रदेश
की
आर्थिक समीक्षा

1997

अर्थ एवम् संख्या विभाग

NIEPA DC
D10774

LIBRARY & DOCUMENTATION CENTRE
National Institute of Educational
Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016
DOC, No. D-10774
Date 26-07-2000

प्रस्तावना

आर्थिक समीक्षा एक बजट प्रलेख है, जो सरकार के विभिन्न विभागों की मुख्य आर्थिक गतिविधियों को प्रस्तुत करता है। वर्ष 1996-97 में राज्य की आर्थिक गतिविधियों व प्रगति की समीक्षा प्रथम भाग में, जब कि सांख्यकीय तालिकायें भाग दो में दी गई हैं ।

समय पर सूचना उपलब्ध करवाने के लिये मैं सभी विभागों तथा सार्वजनिक उपक्रमों के प्रति आभार प्रकट करता हूं । इस समीक्षा के लिये इतनी अधिक तथा विस्तृत सामग्री का एकत्रीकरण, संकलन और इसको संक्षेप में प्रस्तुत करने का कार्य अर्थ एवम् संख्या विभाग ने किया। मैं विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा किए गए कड़े परिश्रम की प्रशंसा करता हूं ।

कंवर शमशेर सिंह
वित्तायुक्त एवं सचिव
(वित्त, योजना तथा अर्थ एवं संख्या),
हिमाचल प्रदेश सरकार।

विषय-सूची

भाग-1 वर्ष 1996-97 की प्रगति की समीक्षा

		पृष्ठ
1.	सामान्य समीक्षा	1
2.	जनसंख्या	5
3.	राज्य आय	7
4.	कृषि	9
5.	उद्योग	28
6.	विद्युत	30
7.	रोजगार	37
8.	ग्रामीण विकास	42
9.	भाव की स्थिति	48
10.	नागरिक आपूर्ति एवं सामाजिक सेवाएं	51
11.	व्यापार तथा वाणिज्य	70
12.	परिवहन तथा संचार	72
13.	सहकारिता	76
14.	स्थानीय निकाय	78

भाग-1

वर्ष 1996-97 की प्रगति की समीक्षा

1. आर्थिक समीक्षा

देश की आर्थिक स्थिति

1.1 वर्ष 1991-92 में पिछली बिगड़ी हुई आर्थिक स्थिति से उभरने के लिए जो आर्थिक सुधार प्रारम्भ किए गए थे उनके कारण विकास की प्रक्रिया इस वर्ष भी जारी रही। सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर जो वर्ष 1991-92 में 0.8 प्रतिशत हो गई थी बढ़ कर वर्ष 1994-95 में 7.2 प्रतिशत हो गई तथा पुन: वर्ष 1995-96 में 7.1 प्रतिशत रही। स्थिर मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 1994-95 के 2,56,095 करोड़ रुपये की तुलना में वर्ष 1995-96 में 2,74,209 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। प्रचलित मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 1994-95 में 8,54,340 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 1995-96 में 14.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हुए 9,85,787 करोड़ रुपये हो गया। 1980-81 के मूल्यों के आधार पर प्रति व्यक्ति आय वर्ष 1994-95 के 2,449 रुपये की तुलना में वर्ष 1995-96 में 2,573 रुपये हो गई। प्रचलित मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय पिछले वर्ष की 8,282 रुपये की तुलना में इस वर्ष 9,321 रुपये हो गई जो कि 12.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

1.2 सकल घरेलू उत्पाद में 7.1 प्रतिशत की यह वृद्धि उद्योग, विद्युत व्यापार, होटल व रेस्तरां, रेल तथा संचार इत्यादि क्षेत्रों में हुई सराहनीय वृद्धि के कारण आई। इस वर्ष लोक प्रशासन तथा रक्षा व अन्य व्यैक्तिक सेवाओं के क्षेत्र में भी सुधार हुआ है परन्तु कृषि तथा वानिकी क्षेत्रों में आंशिक कमी आई। वर्ष 1995-96 में कृषि उत्पादन में 0.4 प्रतिशत की गिरावट आई जो कि चावल (-2.6प्रतिशत), गेहूं (-4.8 प्रतिशत) मोटा अनाज (-1.0 प्रतिशत) तथा दालों (-5.5 प्रतिशत) के कम उत्पादन के कारण है। मुद्रा स्फिति की दर जो वर्ष 1994-95 में 10.4 प्रतिशत से घटकर 1995-96 में 5.0 प्रतिशत तक पहुंच गई थी फिर से बढ़नी शुरू हो गई जो कि बिन्दू दर बिन्दू आधार पर 31.12.1995 से 30.12.1996 के दौरान बढ़कर 7.4 प्रतिशत की हो गई जबकि गत वर्ष इसी अवधि में मुद्रा-स्फिति की दर 6.03 प्रतिशत थी।

हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति

1.3 हिमाचल प्रदेश की अर्थ व्यवस्था अधिकतर कृषि तथा उससे सम्बन्धित क्षेत्रों पर निर्भर करती है। कृषि उत्पादन अभी तक भी सामायिक वर्षा तथा मौसम की स्थिति पर निर्भर करता है। वर्ष 1995-96 में खाद्यान्न उत्पादन 15.17 (अस्थाई) लाख टन हुआ। जबकि 1996-97 के लिये यह लक्ष्य 15.47 लाख टन का है।

गत पांच वर्षों के दौरान खाद्यान्नों का उत्पादन निम्न तालिका में दर्शाया गया है:-

वर्ष	खाद्यान्न उत्पादन (लाख टन)
1992-93	13.13
1993-94	12.37
1994-95	14.06
1995-96 (अस्थाई)	15.17
1996-97 (लक्ष्य)	15.47

1.4 हिमाचल प्रदेश में व्यवस्थित रूप से फल उत्पादन कार्य स्वतन्त्रता के पश्चात ही आरम्भ किया गया। प्रदेश की विविध जलवायु फलों को पैदा करने के लिए इतनी उपयुक्त है कि यहां तटीय क्षेत्र के फलों के अतिरिक्त सभी प्रकार के फलों का उत्पादन हो रहा है। वर्ष 1994-95 में फलों का कुल उत्पादन 1.71 लाख टन था बढ़कर वर्ष 1995-96 में 3.12 लाख टन हो गया तथा वर्ष 1996-97 में लगभग 3.46 लाख् टन होने की सम्भावना है। सब्जियों के उत्पादन में लगातार वृद्धि हो रही है और 1996-97 में 4.40 लाख टन सब्जियों का उत्पादन होने की आशा है। हिमाचल प्रदेश का बीज आलू जोकि रोगमुक्त होने के कारण बहुत प्रसिद्ध है, इसकी देश भर में बहुत मांग है।

1.5 द्रुत अनुमानों के अनुसार हिमाचल प्रदेश के राज्य घरेलू उत्पाद में वर्ष 1994-95 के 5.3 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 1995-96 में 6.6 प्रतिशत वृद्धि हुई तथा प्रति व्यक्ति आय 1994-95 के 7,846 रुपये से बढ़कर वर्ष 1995-96 में 8,747 रुपये हो गई।

1.6 ग्रामीण विद्युतीकरण के क्षेत्र में वैसे तो शत-प्रतिशत गांवों का विद्युतीकरण हो चुका है, फिर भी अभी बहुत कुछ करना शेष है, क्योंकि बची हुई बस्तियों को भी इसके अन्तर्गत लाना है। वर्ष 1994-95 के 1,131.7 मिलियन यूनिट बिजली के उत्पादन की तुलना में वर्ष 1995-96 में लगभग 1,286.0 मिलियन यूनिट उत्पादन हुआ जबकि वर्ष 1996-97 में नवम्बर,1996 तक 1,103.8 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ। प्रदेश में बिजली के क्षेत्र को लगातार उच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

1.7 मार्च,1996 तक प्रदेश में कुल 2.90 लाख लोग रोजगार पर लगे थे। सभी रोजगार कार्यालयों में दिसम्बर,1996 तक बेरोजगारों की संख्या 6.45 लाख थी। सरकार ने अधिक रोजगार के

अवसर प्रदान करने हेतु कई कार्यक्रम शुरू किए हैं । जवाहर रोजगार योजना के अन्तर्गत दिसम्बर,1996 तक 7.05 लाख कार्य दिवस अर्जित किए गए। दिसम्बर,1996 तक "प्राईसम" कार्यक्रम के अन्तर्गत 369 युवकों को प्रशिक्षित किया गया, 225 युवकों को रोजगार प्रदान किया गया ।

1.8 वर्ष 1995-96 में कृषि समितियों द्वारा 9.08 लाख सदस्यों को 3,654.11 लाख रुपये के ऋण दिए गए जबकि 1994-95 में 8.92 लाख सदस्यों को 3,179.94 लाख रुपये के ऋण दिए गए थे ।

1.9 पर्यटन विकास के लिए प्रतिबन्धित क्षेत्रों को पर्यटकों के लिए खोलने के साथ-साथ गैर-वाणिज्यिक पर्यटन जैसे कि कम विकसित स्थानों पर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार का दायित्व होगा । इस नीति का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में विभिन्न प्रकार के पर्यटन विकास में निजि उद्यमियों को सम्मिलित करना है। इस नीति के अन्तर्गत निजि उद्यमियों को कुछ छूट व प्रोत्साहन देने का प्रावधान है ।

1.10 प्रदेश में औद्योगिकरण को बढ़ावा देने के लिये उन्नत ढांचे की संरचना पर विशेष ध्यान दिया गया है तथा उद्यमियों को छूट व प्रोत्साहन की ओर आकर्षित किया गया है। हथकरघा, हस्तशिल्प, रेशम उद्योग, चाय तथा अन्य गहन श्रमिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है जिससे राज्य के ग्रामीण लोगों में औद्योगीकरण के लाभों का विस्तार करने में सहायता मिलेगी।

1.11 राज्य के विकास कार्यक्रम प्रदेश की तीव्र उन्नति तथा सामाजिक समानता के उद्देश्यों से संचालित होते हैं। इन उद्देश्यों की पूर्ति व्यापक रोजगार प्रदान करने वाली योजनाओं, गरीबी उन्मूलन तथा सामाजिक क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य व शिक्षा आदि के लिए अधिक योजना उद्व्यय का प्रदाय व सामाजिक सुरक्षा के ढांचे के निर्माण द्वारा की जा रही है। वर्ष के दौरान मुख्य सामाजिक-आर्थिक उपलब्धियां हैं (i) वर्ष 1996-97 में राज्य में 225 करोड़ रुपये की लागत से अधिक रोजगार उपलब्ध करने के कार्यक्रम के अन्तर्गत एक लाख बेरोजगार युवकों को सरकारी, निजि तथा संगठित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करना, (ii) राज्य में कांगड़ा जिले के टांडा में दूसरा राज्य आयुर्विज्ञान महाविद्यालय खोलना, (iii) सभी स्तरों पर जिसमें, तकनीकी तथा व्यावसायिक पाठयक्रम भी सम्मिलित है में लड़कियों को मुफत शिक्षा देना, (iv) 0-5 वर्ष के बच्चों के लिए पल्स पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम चलाना, (v) वर्ष 1997-98 के अन्त तक 2,100 प्राथमिक पाठशालएं खोलकर समस्त पात्र बच्चों को एक किलोमीटर के बीच में ही प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना जिनमें से 1,400 पाठशालाएं 1996-97 के अन्त तक कार्यान्वित कर दी जाएंगी, (vi) वृद्धों, विधवाओं तथा विकलांगों को सामाजिक सुरक्षा पैंशन की दर 60 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपए

प्रतिमास करना, (vii) कुष्ठ रोग से पीड़ित रोगियों के पुर्नवास भत्ते को 60 रुपए से बढ़ाकर 120 रुपए प्रतिमास करना, (viii) वर्ष 1994 में शुरू की गई 'गांधी कुटीर योजना' के अन्तर्गत ग्रामीण गृह कार्यक्रम को जारी रखते हुए दिसम्बर, 1996 तक 19,000 मकानों का निर्माण किया जा चुका है। (ix) सभी ऐसी बस्तियां जो सुरक्षित पेयजल के अन्तर्गत नहीं ली गई हैं (एन.सी. बस्तियां) को वर्ष 1997-98 में इसके अन्तर्गत लाना, (x) मार्च, 1998 तक प्रत्येक 2 पंचायतों में एक पशु औषधालय खोलना, (xi) सभी आई.आर.डी. परिवारों को विकासशील परियोजनाओं की ऋण सुविधा के लिए रियायती दर पर 4 प्रतिशत की दर से ब्याज तथा 50 प्रतिशत अनुदान सभी विकासशील परियोजनाओं पर दिया जाएगा (xii) 1.3.1996 से सभी 24 अनुसूचित रोजगारों में अकुशल मजदूरों की दैनिक मजदूरी रुपए 45.75 या 1,375 रुपए प्रतिमाह।

2. जनसंख्या

2.1 हिमाचल प्रदेश की जनसंख्या जो कि **1981** की जनगणना के अनुसार **42.81** लाख थी **20.79** प्रतिशत की दस वर्षीय वृद्धि दर्शाते हुए बढ़कर **1991** की जनगणना के अनुसार **51.71** लाख हो गई। राष्ट्रीय स्तर पर यह दस वर्षीय वृद्धि **1981-1991** के दौरान **23.85** प्रतिशत रही। जनसंख्या का घनत्व प्रदेश के लिए प्रति वर्ग किलोमीटर **93** है और समस्त भारत का **274** है। निम्न तालिका में प्रदेश व भारत की जनसंख्या से सम्बन्धित मुख्य विशेषताएं दर्शाई गई हैं:

जनसंख्या आंकड़े(1991 की जनगणना के अनुसार)

मद	हिमाचल प्रदेश	भारत
1. जनसंख्या (लाखों में):		
(क) पुरुष	26.18	4,392.31
(ख) स्त्रियां	25.53	4,070.72
कुल	51.71	8,463.03
2. दस वर्षीय वृद्धि दर (1981-91) (प्रतिशत)	20.79	23.85
3. घनत्व (व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.)	93	274
4. लैंगिग अनुपात (1000 पुरुषों के पीछे स्त्रियों की संख्या)	976	927
5. साक्षरता (प्रतिशत)	63.86	52.21
6. शहरी जनसंख्या (योग से प्रतिशत)	8.69	25.73
7. अनुसूचित जातियों की जनसंख्या (कुल से प्रतिशत)	25.34	16.48
8. अनुसूचित जन-जातियों की जनसंख्या (कुल से प्रतिशत)	4.22	8.08

परिवार का आकार

2.2 प्रदेश में **1991** जनगणना के अनुसार परिवारों की संख्या **9.69** लाख थी और परिवार का औसत आकार **5** था ।

लैंगिक अनुपात

2.3 लैंगिक अनुपात अर्थात् प्रति हजार पुरुषों के पीछे स्त्रियों की संख्या इस शताब्दी के आरम्भ से प्रदेश में लगातार बढ़ रही है जो कि **1901** में **884** से **1991** में **976** हो गया । राष्ट्रीय स्तर पर

लैंगिक अनुपात 1901 में 972 से घटकर 1981 में 934 तथा 1991 में 927 हो गया ।

नगरीय प्रवृति

2.4 स्वतन्त्रता से देश की शहरी जनसंख्या बढ़ती जा रही है। यह 1971 में 19.91 प्रतिशत, 1981 में 23.34 प्रतिशत से बढ़कर 1991 जनसंख्या के अनुसार 25.73 हो गई । हिमाचल प्रदेश में शहरी जनसंख्या का बढ़ना काफी कम रहा । यह 1971 में 6.99 प्रतिशत, 1981 में 7.61 प्रतिशत तथा 1991 जनगणना के अनुसार बढ़कर 8.69 प्रतिशत हो गई । 1981-91 के दौरान राज्य की शहरी जनसंख्या की सीमान्त वृद्धि दर 1.08 प्रतिशत है । शिमला जिला के अतिरिक्त जिसकी शहरी जनसंख्या 20.08 प्रतिशत है, अन्य जिले जहां पर शहरी जनसंख्या की अधिक प्रतिशतता रही वह कांगड़ा (13.21 प्रतिशत), मण्डी (12.41 प्रतिशत), तथा सोलन (10.53 प्रतिशत) है ।

अनुसूचित जाति तथा जनजातियों की जनसंख्या

2.5 प्रदेश में 1981 की 10,53,958 अनुसूचित जातियों की जनसंख्या की तुलना में 1991 में अनुसूचित जातियों की जनसंख्या 13,10,296 थी जो कुल जनसंख्या का 25.34 प्रतिशत है। 1991 जनगणना के अनुसार अनुसूचित जन-जातियों की जनसंख्या 2,18,349 थी जो कुल जनसंख्या का 4.22 प्रतिशत है जबकि 1981 में 1,97,263 थी। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली अनुसूचित जाति जनसंख्या की प्रतिशतता 93.7 और जनजातीय जनसंख्या 97.5 थी। 1981-1991 के दशक में कुल जनसंख्या के 20.79 प्रतिशत वृद्धि दर की तुलना में अनुसूचित जातिय व जन-जातिय जनसंख्या का दस वर्षीय वृद्धि दर क्रमश: 24.32 प्रतिशत तथा 10.69 प्रतिशत रहा

श्रमिक जनसंख्या

2.6 1991 जनगणना के अनुसार मुख्य तथा सीमान्त श्रमिक कुल जनसंख्या का क्रमश: 34.41 व 8.42 प्रतिशत है। शेष कुल जनसंख्या का 57.17 प्रतिशत अश्रमिक हैं। मुख्य श्रमिकों में 63.25 प्रतिशत कृषक, 3.30 प्रतिशत कृषि मजदूर, 1.43 प्रतिशत घरेलू उद्यमों में कामगार और शेष 32.02 प्रतिशत अन्य व्यवसायों में थे जिनमें कर्मचारी भी सम्मिलित हैं।

धर्मानुसार जनसंख्या

2.7 1991 जनगणना के अनुसार प्रदेश में 4 मुख्य धर्म हैं । सबसे अधिक हिन्दू जो कि 49,58,560 हैं(95.9 प्रतिशत), उसके बाद मुसलमान 89,134(1.7 प्रतिशत), बौद्ध 64,081(1.2 प्रतिशत) और सिख 52,050(1.0 प्रतिशत) आते हैं । ईसाई कुल जनसंख्या का केवल 0.1 प्रतिशत जैन 0.02 प्रतिशत तथा अन्य 0.03 प्रतिशत हैं ।

3. राज्य आय

राज्य घरेलू उत्पाद

3.1 राज्य आय अथवा राज्य घरेलू उत्पाद किसी भी राज्य के आर्थिक विकास का सर्वोचित मापदंड है। द्रुत अनुमानों के अनुसार स्थिर भावों पर (आधार **1980-81=100**) वर्ष **1995-96** में प्रदेश का घरेलू उत्पाद **1,593.60** करोड़ रूपये हो गया जबकि यह वर्ष **1994-95** में **1,495.30** करोड़ रूपये था। वर्ष **1995-96** में प्रदेश के आर्थिक विकास की दर **6.6** प्रतिशत रही जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह दर **7.1** प्रतिशत है। प्रचलित भाव पर राज्य का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष **1994-95** में **4,876.16** करोड़ रूपए से बढ़कर **1995-96** में **5,518.52** करोड़ रूपये हो गया जो कि **13.2** प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। वर्ष **1994-95** में खाद्यान्न उत्पादन **14.06** लाख टन की तुलना में वर्ष **1995-96** में यह **15.17** लाख टन हुआ। सेब का उत्पादन वर्ष **1994-95** में **1.23** लाख टन से बढ़कर **1995-96** में **2.77** लाख टन हो गया था। हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्यत: कृषि पर ही निर्भर है। कृषि क्षेत्र पर निर्भरता, तथा औद्योगिक आधार कमजोर होने के कारण खाद्यान्नों व फलों के उत्पादन का उतार-चढ़ाव प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बहुत प्रभावित करता है। वर्ष **1995-96** के दौरान भी कुल राज्य आय का लगभग **28** प्रतिशत कृषि क्षेत्र से ही प्राप्त हुआ है।

3.2 गत तीन वर्षों में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक विकास की दर नीचे सारणी में दर्शाई गई है:-

(प्रतिशत)

वर्ष	हिमाचल प्रदेश	समस्त भारत
1993-94	**4.3**	**5.0**
1994-95 (अस्थाई)	**5.3**	**7.2**
1995-96 (द्रुत)	**6.6**	**7.1**

प्रति व्यक्ति आय

3.3 राज्य आय के द्रुत अनुमानों के अनुसार **1995-96** में प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय **8,747** रूपये है जो कि **1994-95** (**7,846** रूपये) की तुलना में **11.5** प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

विभिन्न क्षेत्रों के अधीन प्रगति

3.4 वर्ष **1995-96** में प्रदेश की राज्य में सबसे अधिक अनुदान प्राथमिक क्षेत्रों का है जो कि **36.45** प्रतिशत है। गौण क्षेत्रों का **25.22** प्रतिशत, सामुदायिक वैयक्तिक क्षेत्रों का **18.79** प्रतिशत,

परिवहन संचार एवं व्यापार का 9.97 प्रतिशत तथा वित्त एवं स्थावर सम्पदा का योगदान 9.57 रहा ।

3.5 वर्ष 1995-96 में मुख्य क्षेत्रों के अन्तर्गत हुए आर्थिक विकास का विवरण निम्न प्रकार से हैं:-

प्राथमिक क्षेत्र

3.6 प्राथमिक क्षेत्र में, जिसमें कृषि, वानिकी, मत्स्य, खनन तथा उत्खनन है, वर्ष 1995-96 के दौरान विकास दर में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि रही ।

गौण क्षेत्र

3.7 इस क्षेत्र में जिसमें विनिर्माण, पंजीकृत व अपंजीकृत, निर्माण तथा विद्युत गैस व जल आपूर्ति सम्मिलित हैं, वर्ष 1995-96 में वार्षिक विकास दर 6.6 प्रतिशत रही ।

परिवहन संचार एवं व्यापार

3.8 वर्ष 1995-96 में इस क्षेत्र के अधीन विकास दर 6.4 प्रतिशत रही ।

वित्त एवं स्थावर सम्पदा

3.9 इस क्षेत्र में बैंक, बीमा, स्थावर सम्पदा, आवासों का स्वामित्व एवं व्यवसायिक सेवाएं सम्मिलित हैं । इस क्षेत्र की विकास दर वर्ष 1995-96 में 3.7 प्रतिशत रही ।

सामुदायिक एवं निजी सेवाएं

3.10 इस क्षेत्र की विकास दर वर्ष 1995-96 में 8.7 प्रतिशत है ।

4. कृषि

4.1 कृषि हिमाचल प्रदेश के लोगों का प्रमुख व्यवसाय है अत: यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है इससे प्रदेश में लगभग **71** प्रतिशत मुख्य श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध होता है । राज्य के कुल घरेलू उत्पाद का लगभग एक तिहाई भाग कृषि तथा इससे सम्बन्धित क्षेत्रों से प्राप्त होता है। प्रदेश के कुल **55.67** लाख हैक्टेयर भौगोलिक क्षेत्र में से **10.10** लाख हैक्टेयर क्षेत्र **8.34** लाख किसानों द्वारा जोता जाता है। औसतन जोत **1.2** हैक्टेयर बनती है। वर्ष **1990-91** की कृषि गणना के अनुसार जोतों का वितरण निम्न सारणी में दर्शाया गया है ।

जोतों का आकार (हैक्टेयर)	कृषकों की श्रेणी	जोतों की संख्या (लाखों में)	क्षेत्र (लाख हैक्टेयर में)	जोतों का औसतन आकार (हैक्टेयर)
1.0 से कम	सीमान्त	5.32 (63.8%)	2.15 (21.3%)	0.4
1.0-2.0	लघु	1.66 (19.9%)	2.35 (23.3%)	1.4
2.0-4.0	अर्ध-मध्यम	0.94 (11.3%)	2.58 (25.5%)	2.7
4.0-10.0	मध्यम	0.36 (4.3%)	2.05 (20.3%)	5.7
10.0 व अधिक	बड़े	0.06 (0.7%)	0.97 (9.6%)	16.1
		8.34 (100.0%)	10.10 (100.0%)	1.2

4.2 प्रदेश की कृषि जलवायु आलू, अदरक तथा बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन के लिए बहुत ही उपयुक्त है । सातवीं योजना से पहले किसानों को तकनीकी जानकारी देने के इलावा उन्नत बीज की किस्में, उर्वरक, पौध संरक्षण उपायों, उन्नत किस्म के कृषि औजारों का वितरण तथा कृषि भूमि पर भू तथा जल संरक्षण उपायों द्वारा अनाज व नकदी फसलों के उत्पादन में वृद्धि पर जोर दिया जाता रहा।

4.3 सातवीं योजना तथा वार्षिक योजना **1991-92** तथा **1992-93** और 8वीं पंचवर्षीय योजना में समय पर निवेश आपूर्ति, सिंचाई के अन्तर्गत अधिक क्षेत्र लाकर, जल संग्रह विकास, प्रदर्शन और प्रभावकारी उन्नत कृषि तकनीकी जानकारी के द्वारा, खाद्यान्न फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के अतिरिक्त आलू, दालों तथा तिलहनों की पैदावार को बढ़ाने पर जोर दिया गया है। **1996-97** के दौरान प्रगति समीक्षा नीचे दी गई है:-

खाद्यान्न उत्पादन

4.4 वर्ष **1995-96** के दौरान खाद्यान्न उत्पादन **15.17** (अस्थाई) लाख टन हुआ। वर्ष **1996-97** के दौरान **15.47** लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य रखा है तथा वर्ष **1997-98** के दौरान **15.85** लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का प्रस्ताव है। पिछले पांच वर्षों के दौरान खाद्यान्न उत्पादन निम्न सारणी में दर्शाया गया है।

(लाख टनों में)

वर्ष	उत्पादन
1992-93	**13.13**
1993-94	**12.19**
1994-95	**14.06**
1995-96 (अस्थाई)	**15.17**
1996-97 (लक्ष्य)	**15.47**

इस उत्पादन स्तर को प्राप्त करने हेतु उठाए गए कदमों का विवरण नीचे दिया गया है ।

(i) विशेष खाद्यान्न उत्पादन कार्यक्रम

4.5 प्रदेश में मक्की व धान की पैदावार बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा दी गई **75** प्रतिशत वित्तीय सहायता से विशेष उत्पादन कार्यक्रम आरम्भ किया गया । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बीज, पौध संरक्षण सामग्री तथा कृषि उपकरण इत्यादि किसानों को उपदान मूल्यों पर वितरित किए गए।

(ii) अधिक उपज देने वाली फसलों की किस्में

4.6 खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने हेतु किसानों को अधिक उपज देने वाले बीजों के वितरण पर जोर दिया गया । अधिक उपज देने वाली मुख्य फसलों जैसे मक्की, धान व गेहूं के अन्तर्गत पिछले दो वर्षों में लाया गया क्षेत्र निम्न तालिका में दिया गया है:-

खाद्यान्न उत्पादन

'000 टन में



फसल का नाम	इकाई	अधिक उपज देने वाली किस्मों के अन्तर्गत क्षेत्र		निर्धारित लक्ष्य
		1994-95	1995-96	1996-97
मक्की	'000 हैक्टेयर	130.00	157.67	165.00
धान	"	81.50	81.01	82.00
गेहूं	"	362.83	373.10	365.00

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा चयनित आई. आर. डी. पी. में आने वाले किसानों को 50 प्रतिशत मूल्यों पर अधिक उपज देने वाले बीज उपलब्ध करवाए गए ।

(iii) उर्वरक

4.7 मात्र उर्वरक ही ऐसा निवेश है जिससे उत्पादन में बढ़ोतरी की जा सकती है। लगातार व समर्पित भावना से किए गए प्रयत्नों से वर्ष 1985-86 में प्रयोग में लाए गए 23,664 मि.टन उर्वरक का स्तर वर्ष 1992-93 में 30,605 मि.टन हो गया। आठवीं योजना के अन्त तक उर्वरकों की खपत का स्तर बढ़कर 35,000 मि. टन होने की आशा है । वर्ष 1996-97 के दौरान सरकार द्वारा परिवर्तित नीति के अनुसार गोदाम से परचून केन्द्रों तक उर्वरक के ढुलान पर 100 प्रतिशत अनुदान राशि दी जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा कैन, यूरिया तथा अमोनियम सल्फेट पर अनुदान की राशि 405 रुपये प्रति मि.टन दी जा रही है और एस.एस.पी.पर यह दर 245 रुपये प्रति मि.टन प्रति किसान प्रति फसल 3 बैग तक दी जा रही है। पिछले वर्ष में उर्वरकों की खपत व वर्ष 1996-97 में प्रस्तावित खपत तथा 1997-98 के लक्ष्य का ब्यौरा निम्न प्रकार से है:-

मद	उर्वरक की पौष्टिक रूप में खपत ('000 मि.टन.		
	1995-96	1996-97 (सम्भावित)	1997-98 (लक्ष्य)
नाईट्रोजनस	24.9	25.3	26.5
फासफैटिक	2.6	5.4	5.6
पोटाशिक	2.2	4.3	4.4
योग	29.7	35.0	36.5

(iv) पौध संरक्षण

4.8 फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए यह बहुत जरूरी है कि फसलों को इनमें लगने वाली बिमारियों, कीट व कीट नाशकों से बचाया जाए । वर्ष 1995-96 में 4.40 लाख हैक्टेयर सस्यगत क्षेत्र विभिन्न पौध संरक्षण उपायों के अन्तर्गत लाये जाने के विपरीत वर्ष 1996-97 में भी 4.40 लाख हैक्टेयर को पौध संरक्षण उपायों के अन्तर्गत लाने का प्रस्ताव है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व चयनित आई.आर.डी.पी. परिवारों को पौध संरक्षक रसायन तथा उपकरण 50 प्रतिशत कीमतों पर उपलब्ध करवाए गए

(v) मिट्टी की जांच

4.9 मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को बनाए रखने के लिए मिट्टी की निरन्तर जांच आवश्यक है । सभी जिलों में मिट्टी की जांच के लिए प्रयोगशालाएं स्थापित कर दी गई हैं । वर्ष 1995-96 में लगभग 58,588 मिट्टी के नमूने विभिन्न प्रयोगशालाओं में विश्लेषण करने के लिये एकत्रित किये गए। वर्ष 1996-97 के दौरान 70,000 मिट्टी के नमूनों के विश्लेषण का लक्ष्य रखा गया है ।

कृषि विपणन

4.10 उत्पादकों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य दिलवाने के लिए हिमाचल प्रदेश कृषि उत्पादन अधिनियम-1969 लागू रहा और रेगुलेटेड मार्किटों को प्रदेश के विभिन्न भागों में बनाया जाना भी जारी रहा। अभी तक 29 रेगुलेटेड मार्किटों, 29 सब-मार्किट यार्ड तथा 2 टर्मिनल मार्किट प्रदेश में स्थापित किए गए।

अधिसूचित पिछड़े क्षेत्र के किसानों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन

4.11 सरकार द्वारा जून,1996 में उर्वरकों को छोड़कर सभी कृषि निवेशों पर अधिसूचित पिछड़े क्षेत्रों के किसानों को 50 प्रतिशत छूट देने की स्वीकृति प्रदान की है।

केन्द्रीय क्षेत्रीय योजना, कृषि क्षेत्र में महिलाएं

4.12 "कृषि क्षेत्र में महिलाएं" योजना के अंतर्गत शिमला जिला के मशोबरा, ठियोग, रामपुर विकास खण्डों को लिया गया है। इस योजना के अंतर्गत कृषि में संलग्न महिलाओं के समूह बनाए जाएंगें जिससे कि कृषि तकनीकों व इसके प्रसार का कार्यान्वियन उनके द्वारा ठीक प्रकार से हो सके।

बेरोजगार युवकों को कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना

4.13 "कृषि कस्टम हायरिंग-कम सर्विस सैंटर" रोजगार दिलवाने की योजना के अंतर्गत 900 बेरोजगारों को रोजगार दिलवाया जाएगा और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पहले वर्ष यानि 1996-97 में 300 कस्टम हायरिंग-कम सर्विस सैंटरों की स्थापना संभावित क्षेत्रों/फोकल पाइंटस पर की जाएगी ताकि उद्यमियों को जारी रहने वाला रोजगार निश्चितता के आधार पर दिलवाया जा सके।

बीज प्रमाणीकरण

4.14 बीजों की गुणवत्ता को बनाए रखने तथा उत्पादकों को उनकी उपज के अच्छे दाम दिलवाने की सुनिश्चितता बनाए रखने के लिए बीज प्रमाणीकरण कार्यक्रम पर बल दिया गया। प्रदेश के विभिन्न भागों में उत्पादकों को उनके बीज उत्पादन तथा उनकी उपज प्रमाणीकरण के लिए हिमाचल प्रदेश बीज प्रमाणीकरण संस्था ने काफी मात्रा में उत्पादकों को पंजीकृत किया।

भू-संरक्षण

4.15 कृषि भूमि पर भू-संरक्षण उपायों के अंतर्गत नियंत्रण बांध, ब्रश डैम, लोहे के जाल व टैंकों को बनवाया गया। इसके अलावा व्यक्तिगत योजना के अंतर्गत वर्ष **1996-97** से टैंट बनाने के लिए प्रति इकाई प्रति किसान **5,000** रुपये दिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय प्रयोजित नदी-घाटी योजनाएं एवं बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में "एकीकृत जल प्रबंधन" योजनाएं प्रदेश में लागू की गई हैं।

वर्षा पर निर्भर क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय जल विभाजन विकास परियोजना

4.16 यह योजना भारत सरकार द्वारा उन क्षेत्रों के लिए स्वीकृत की गई जहां पर कुल खेती योग्य क्षेत्र का निश्चित स्त्रोतों द्वारा सिंचित क्षेत्र **30** प्रतिशत से कम हो। प्रदेश के कुल **72** विकास खण्डों में से केवल **58** ही इस कसौटी पर खरे उतरते हैं। भारत सरकार के दिशा निर्देशों को मध्य नजर रखते हुए प्रदेश में **58** जल विभाजन क्षेत्रों का पता लगाया जा चुका है ।प्रत्येक विकास खण्ड में एक। इस कार्य के लिए **15.41** करोड़ रुपयों की लागत आने का अनुमान है तथा इस परियोजना के विभिन्न घटकों पर कृषि, उद्यान, पशु-पालन तथा वन विभागों द्वारा **8.0** करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं।

बायो-गैस विकास कार्यक्रम

4.17 परम्परागत ईंधन के तेजी से खत्म होते स्त्रोतों जैसे कि जलाने की लकड़ी को देखते हुए प्रदेश में बायो-गैस का महत्व बहुत बढ़ गया है। इस कार्यक्रम के आरम्भ से दिसम्बर,**1996** तक कुल **36,672** बायो-गैस संयत्र लगाए जा चुके हैं। वर्ष **1996-97** में **1,200** बायो-गैस संयत्र लगाने की सम्भावना है तथा वर्ष **1995-96** में **1,231** बायो-गैस प्लांट लगाए गए थे।

उद्यान

4.18 विभिन्न प्रकार के फलों के उत्पादन के लिये हिमाचल प्रदेश की जलवायु तथा वनस्पति बहुत उचित है । अधिक उत्पादन तथा प्रति उद्यान इकाई अधिक आय होने के फलस्वरूप प्रदेश में उद्यान ग्रामीण लोगों की आर्थिक व सामाजिक दशा सुधारने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है । सेब का उत्पादन अभी भी फल उत्पादन में मुख्य स्थान रखता है । साथ ही साथ अन्य फसलें भी जैसे नींबू प्रजाति के फल, आम, गुठलीदार फल और पुष्प खेती, होप्स, मधु-मक्खी पालन, व खुम्ब

उत्पादन भी सम्भावित क्षेत्रों में धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। प्रदेश सरकार तथा राज्य के लोगों के अथक प्रयासों के कारण प्रदेश ने देश के बागवानी के मानचित्र पर एक श्रेष्ठ स्थान बना लिया है। आज हिमाचल प्रदेश पहाड़ी क्षेत्रों के विकास के लिए एक आदर्श राज्य माना जा रहा है। वर्ष 1996-97 में उद्यान क्षेत्र में हुई मुख्य उपलब्धियों का उल्लेख निम्नलिखित है:-

फलों के अधीन क्षेत्र

4.19 वर्ष 1996-97 में फल पौधों के अन्तर्गत 8,000 हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को लाने का लक्ष्य था। दिसम्बर,1996 तक लगभग 2,700 हैक्टेयर क्षेत्रफल फल पौधों के अन्तर्गत लाया जा चुका है तथा 6.05 लाख फल पौधों का वितरण किया गया। शेष लक्ष्य वित्तीय वर्ष के अन्त तक प्राप्त कर लिया जाएगा।

फलोत्पादन

4.20 वर्ष 1996-97 में सभी प्रकार के फलों के उत्पादन की क्षमता 6.42 लाख टन है, जबकि दिसम्बर,1996 तक प्रदेश में 3.38 लाख टन फलों का उत्पादन हो चुका है तथा वर्ष 1996-97 के दौरान केवल 2.46 लाख टन कुल फल उत्पादन होने की संम्भावना है। फूल एवं फल लगने तथा फल विकास की प्रारम्भिक अवस्थाओं में प्रतिकूल मौसम के कारण फलों की फसलों को क्षति हुई जिसके फलस्वरूप फलोत्पादन में कमी आई।

जंगली फल पौधों का उत्तम किस्मों में सुधार

4.21 जंगली फल पौधे इस प्रदेश में बहुत अधिक संख्या में पाये जाते हैं जिन्हें शीर्ष कलमबन्दी द्वारा उत्तम किस्मों में बदल कर उनसे अधिक लाभ उठाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1996-97 में दिसम्बर,1996 तक 0.50 लाख फल पौधों के लक्ष्य की तुलना में 0.66 लाख पौधों की कलमबन्दी की जा चुकी है।

पौध संरक्षण

4.22 वर्ष 1996-97 में 1.75 लाख हैक्टेयर बागवानी क्षेत्र पौध संरक्षण कार्यों के अन्तर्गत लाने के लक्ष्य की तुलना में दिसम्बर,1996 तक 0.91 लाख हैक्टेयर क्षेत्र पौध संरक्षण कार्यों के अन्तर्गत लाया गया जिसके वर्ष के अन्त तक पूरा हो जाने की संभावना है, क्योंकि पौध संरक्षण कार्य भी शीत व बसन्त ऋतु के दौरान ही किए जाते हैं । इसके अतिरिक्त स्कैब के रोग की रोकथाम के अन्तर्गत 0.60 लाख हैक्टेयर लाने के लक्ष्य की तुलना में वर्ष 1996-97 में लगभग 0.45 लाख हैक्टेयर में स्कैब रोधक दवाइयों का छिड़काव किया जा चुका है। बागवानों को फल पौधों पर कीटों एवं बिमारियों की रोकथाम के लिये माह दिसम्बर,1996 तक 152.16 लाख रुपये की 93.61 मिट्रिक टन कीटनाशक एवं फफूंदनाशक दवाईयों का वितरण किया गया ।

फल उत्पादन

क्षेत्रफल

'000 हैक्टेयर



उत्पादन

'000 टन में



सेव

सभी फल

उद्यान उद्योग में विविधता लाना

4.23 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में आर्थिक महत्व वाली नई फल फसलों जैसे पुष्प उत्पादन, जैतून, अंजीर, होप्स, कीवी फल तथा स्ट्रावैरी इत्यादि को भी भविष्य में फल फसलों के रूप में बढ़ावा देने हेतु विशेष प्रयत्न किए जा रहे हैं । वर्ष **1996-97** के दौरान दिसम्बर, **1996** तक **16** हैक्टेयर क्षेत्रफल पुष्प उत्पादन के अन्तर्गत लाया गया तथा **21** पुष्प उत्पादन सहकारी समितियां प्रदेश में पंजीकृत की गई। वर्ष के दौरान दिसम्बर, **1996** तक **56** मिट्रिक टन शुष्क हाप्स का उत्पादन हुआ। जन-जातीय क्षेत्रों में एक **24** मिट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले हाप्स के सुखाने एवं विधायन संयंत्र की स्थापना की गई।

सहयोगी औद्यानिकी गतिविधियों को बढ़ावा देना

4.24 फल फसलों के उत्पादन में विविधता लाने के अतिरिक्त सहयोगी औद्यानिकी गतिविधियों जैसे खुम्ब उत्पादन, मौन पालन तथा पुष्प उत्पादन को बढ़ावा देकर भी उद्यान उद्योग में विविधता लाई जा रही है। वर्ष **1996-97** में चम्बाघाट तथा पालमपुर स्थित विभागीय दो खुम्ब विकास परियोजनाओं में **250.18** मिट्रिक टन पास्चूराईजड कम्पोस्ट तैयार की गई तथा खुम्ब उत्पादकों में वितरित की गई। वर्ष **1996-97** में दिसम्बर, **1996** तक **457** मिट्रिक टन खुम्ब उत्पादन हुआ। मौन पालन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष **1996-97** में **480** मौनवंश वितरित किए गए तथा **300** मिट्रिक टन शहद उत्पादन के लक्ष्य में से दिसम्बर, **1996** तक **284** मिट्रिक टन शहद उत्पादन हुआ।

फलों का विपणन एवं विधायन

4.25 वर्ष **1996-97** के दौरान प्रदेश से दिसम्बर, **1996** तक लगभग **2.94** लाख टन फलों का निर्यात किया गया। उत्पादकों को उन के उत्पादन के लिये पैकिंग सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु विस्तृत प्रबन्ध किए गए। सार्वजनिक क्षेत्र में प्रगतिनगर(कोटखाई) में स्थापित कार्टन फैक्टरी में दिसम्बर, **1996** तक **31.25** लाख टैलीस्कोपी कार्टन का निर्माण किया गया तथा बागवानों में बांटा गया । पेटियां बनाने के लिए जंगलों पर आश्रित न होने तथा लकड़ी की पेटियों के लिए विकल्प सुझाने की दृष्टि से प्रदेश में फल उत्पादकों को उनके उत्पाद की पैकिंग हेतु सी. एफ. बी कार्टन प्लास्टिक क्रेट तथा सफेदे की लकड़ी के बाक्स इत्यादि के लिये प्रदेश सरकार निम्न प्रकार से उपदान प्रदान कर रही है:-

क्रम सं.	जिले का नाम	विवरण	परिवहन अनुदान दर (रूपये)	प्रति इक अधिकतर परिवहन अनुदान सीमा (रूपये)
1.	सोलन, सिरमौर, ऊना बिलासपुर, हमीरपुर तथा कांगड़ा	(क) फटियां (i) 0.25 प्रति आधा बक्सा		500
		(ii) 0.50 प्रति स्टैंडर्ड बक्सा		
		(ख) गैल्ट्रू (iii) 5.00 प्रति क्विंटल		500
2.	शिमला, मण्डी, कुल्लू, चम्बा, किन्नौर तथा लाहौल-स्पिति	(क) फटियां (i) 0.50 प्रति आधा बक्सा		1,000
		(ii) 1.00 प्रति स्टैंडर्ड बक्सा		
		(ख) गैल्ट्रू 10.00 प्रति क्विंटल		1,000
3.	कार्टन पर अनुदान समस्त जिले	1. टैलिस्कोपिक कार्टन	12.00 प्रति कार्टन	
		2. कुल्लू कार्टन	5.00 प्रति कार्टन	15,000 प्रति बागवान
		3. पलम कार्टन	2.50 प्रति कार्टन	
		4. बादाम कार्टन	2.00 प्रति कार्टन	

4.26 इस विभाग की 9 फल विधायन इकाइयों द्वारा वर्ष 1996-97 के 3... मिट्रिक टन के लक्ष्य की तुलना में दिसम्बर 1996 तक 247.5 मिट्रिक टन फल पदार्थ तैयार किए गये तथा सामुहिक फल विधायन सेवा के अन्तर्गत 66.5 मिट्रिक टन फल पदार्थ तैयार किए। इसके अतिरिक्त 3,883 व्यक्तियों को घरेलू स्तर पर फल सब्जियों के विधायन कार्य में प्रशिक्षण दिया।

4.27 इस के अतिरिक्त एच.पी.एम.सी. ने फल उत्पादक क्षेत्रों में अनेक शीतकरण इकाईयों तथा सभी महानगरों तक फलों की सुरक्षित ढुलाई और रख रखाव के लिए शीत श्रृंखला एवम् शीत भंडारों की

योजना बनाई है। अतः इस के द्वारा ताजे फलों तथा सब्जियों की अन्तिम मंडी तक आपूर्ति की जायेगी और उत्पादकों को मंडियों में मूल्य कम मिलने की अवस्था में उत्पादक अपनी उपज इन शीत भंडारों में सुरक्षित रख सकेंगे। निगम ने हि. प्र. से फलों एंव सब्जियों के निर्यात के लिए एक निर्यात ईकाई स्थापित करने की योजना भी बनाई है। निकट भविष्य में निगम अपने परवाणु स्थित एक टेट्रापैक की भराई का कारखाना भी लगाने जा रही है। इस प्रकार वर्ष 1997 के आरम्भ में व्यापक पैमाने पर हर प्रकार के रस को टेट्रापैक में विभिन्न मंडियों में भेजा जा सकेगा।

नई तकनीक द्वारा उत्पादकता बढ़ाना

4.28 बागीचों में उपलब्ध पानी स्त्रोत के सही उपयोग हेतु ड्रिप सिंचाई पद्धति जैसी आधुनिक तकनीक तथा फलों, सब्जियों व पुष्पों का बेमौसम तथा संरक्षणात्मक ढंग से गुणवता उत्पादन करने हेतु ग्रीन हाऊस तकनीक को बढावा दिया जा रहा है तथा इन नई तकनीकियों को अपनाने हेतु किसानों को 10 से 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है । इस के अतिरिक्त किसानों को डिब्बों में फल भरने व उनकी ढुलाई हेतु प्लास्टिक करेटस पर राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड सहायता स्कीम के अन्तर्गत भी 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है।

सिंचाई

मुख्य तथा मध्यम सिंचाई परियोजना

4.29 मुख्य तथा मध्यम सिंचाई योजना के अन्तर्गत वर्ष 1995-96 की अवधि में 343.43 लाख रुपए सिंचाई की सुविधा हेतु व्यय किए गए। वर्ष 1996-97 में 322.00 लाख रुपए का प्रावधान है जिससे 1,055 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा प्रदान की जाएगी। नवम्बर,1996 के अन्त तक 173.15 लाख रुपये 545 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने के लिये व्यय किए गए और शेष लक्ष्य की पूर्ति वर्ष के अंत तक कर ली जाएगी।

लघु सिंचाई परियोजनाएं

4.30 वर्ष 1995-96 में 2,675.92 लाख रुपये राज्य क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई सुविधाओं को 1,608 हैक्टेयर क्षेत्र में उपलब्ध करवाने हेतु व्यय किए गए। वर्ष 1996-97 में 3,109.00 लाख रुपये का राज्य क्षेत्र के अन्तर्गत प्रावधान रखा गया है जिससे 1,600 हैक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधाओं को दिया जा सके। इसके अन्तर्गत नवम्बर, 1996 तक 974 हैक्टेयर भूमि आ चुकी है। जबकि शेष लक्ष्य मार्च,1997 तक पूरा कर लिया जाएगा।

जल वितरण क्षेत्र

4.31 प्रदेश सरकार सिंचाई क्षेत्र में उपयोगिता तथा सिंचाई शक्ति में बढ़ौतरी के बीच अन्तर के प्रति सचेत है ताकि किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध करवाया जा सके जिससे कृषि उत्पादकता बढ़ सके । जहां तक प्रदेश में अपने वित्तीय साधनों से चलाई गई योजनाओं का सम्बन्ध है कमांड क्षेत्र विकास कार्य केवल मध्यम सिंचाई

योजनाओ पर किया जा रहा है। बल्ह घाटी व भभौर साहिब फेज-1 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्ष 1996-97 के दौरान 219.00 लाख रूपए जिसमें 109 लाख रूपए की केन्द्रीय सहायता भी सम्मिलित है, भभौर साहिब फेज-II के अन्तर्गत 400 हैक्टेयर भूमि में फील्ड चैनल तथा 250 हैक्टेयर भूमि में वाराबन्दी के लिए रखे गए हैं। दिसम्बर,1996 तक 400 हैक्टेयर क्षेत्र में फील्ड चैनल बनाए गए तथा 250 हैक्टेयर क्षेत्र में वाराबन्दी की जा चुकी है ।

बाढ़ नियंत्रण

4.32 वर्ष 1995-96 में 500 हैक्टेयर भूमि को बाढ़ से बचाने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई जिसपर 203.17 लाख रूपए खर्च किए गए। वर्ष 1996-97 में बाढ़ नियंत्रण कार्यों पर 370.00 लाख रूपये खर्च करने का प्रावधान है जिससे 500 हैक्टेयर भूमि बाढ़ नियंत्रण कार्य के अन्तर्गत लानी है । इसके अन्तर्गत नवम्बर,1996 तक 212.81 लाख रूपये की लागत से 351 हैक्टेयर भूमि बाढ़ नियंत्रण कार्य के अधीन लाई जा चुकी है और चालू वर्ष के अंत तक लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।

कृषि गणना

4.33 वर्ष 1990-91 की कृषि गणना के अन्तिम आंकड़ों के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में 8.34 लाख जोतें थीं जो कि वर्ष 1985-86 पर 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती हैं । इन जोतों का कुल क्षेत्र 1990-91 में 10.10 लाख हैक्टेयर था। इसके परिणाम स्वरूप औसत जोत वर्ष 1990-91 में 1.21 हैक्टेयर रह गई । वर्ष 1990-91 में सीमान्त जोतों(1.0 हैक्टेयर) की संख्या 5.32 लाख हो गई जब कि वर्ष 1985-86 में 4.63 लाख थी जबकि लघु जोतें (1.0 से 2.0 हैक्टेयर) वर्ष 1985-86 में 1.55 लाख थी, वर्ष 1990-91 में बढ़कर 1.66 लाख हो गई । 0.5 हैक्टेयर तक की जोतें जो 1985-86 में 2.96 लाख थी वर्ष 1990-91 में बढ़कर 3.37 लाख हो गयी । और 0.5 से 1.0 हैक्टेयर तक की जोतें जो वर्ष 1985-86 में 1.67 लाख थीं 1990-91 में बढ़कर 1.82 लाख हो गई । लघु जोतों की तुलना में 10.0 हैक्टेयर व उससे अधिक जोतों की संख्या जो वर्ष 1985-86 में 5,643 थी वर्ष 1990-91 में घटकर 5,522 रह गई । सीमान्त व लघु जोतों (3.0 हैक्टेयर और उससे कम की जोतें) के सम्बन्ध में यह प्रतिशतता जो वर्ष 1985-86 में 82.2 थीं 1990-91 में बढ़कर 83.8 हो गई और उनके अधीन क्षेत्र की प्रतिशतता जो वर्ष 1985-86 में 43.2 थी बढ़कर 1990-91 में 44.6 हो गई । इसके विपरीत 10.0 हैक्टेयर व इससे अधिक बड़ी जोतों की प्रतिशतता वर्ष 1985-86 तथा 1990-91 में 0.7 ही रही। इसके अतिरिक्त 1990-91 की कृषि गणना के अनुसार 8.34 लाख जोतों में से 1.87 लाख व 0.35 लाख जोतें अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजातियों की थी जोकि कुल

जोतों का 22.4 प्रतिशत व 4.2 प्रतिशत है । जहां तक उनका क्षेत्र मे हिस्से का सम्बन्ध है वह 1.38 लाख हैक्टेयर अनुसूचित जाति व 0.40 लाख हैक्टेयर अनुसूचित जनजाति का है जो कि कुल 10.10 लाख हैक्टेयर क्षेत्र का 13.7 प्रतिशत व 4.0 प्रतिशत है । यदि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति दोनों की जोतों व क्षेत्र में प्रतिशतता की जाए तो वह 26.6 प्रतिशत व 17.6 प्रतिशत होती है ।

भूमि सुधार

4.34 भूमि सम्बन्धी तरीकों में सुधार नीति प्रदेश में वर्ष 1996-97 में भी लागू रही। इस नीति के अन्तर्गत, (क) काश्तकार किसानों को भूमि का स्वामित्व दिलाना, (ख) भूमि जोतों में भिन्नता को कम करना, (ग) भू-एकत्रीकरण द्वारा जोतों के विभाजन को रोकना, (घ) भूमि रिकार्ड्ज को बन्दोबस्त कार्यवाही द्वारा संशोधित करना और (ड.) नौतोड़ रूल्ज, 1968 अधिशेष भूमि उपयोग स्कीम 1975 के अन्तर्गत भूमिहीन व पात्र व्यक्तियों को भूमि आवंटन करना है।

स्वामित्व के अधिकार देना

4.35 हिमाचल प्रदेश काश्तकार एवं भूमि सुधार अधिनियम-1972 के 10वें अध्याय के तहत गैर स्वामित्व काश्तकारों को स्वामित्व का अधिकार दिया जाता है। धर्मशाला मण्डल में 2,35,472 गैर स्वामित्व काश्तकार थे जिनमें से 2,17,332 को स्वामित्व के अधिकार दिए जा चुके हैं । शेष काश्तकार ऐसे हैं जो भू-स्वामी संरक्षण वर्ग में आते हैं जैसे कि बच्चे, विधवा, सैनिक, अपंग व्यक्ति आदि। इसी प्रकार मंडी मंडल में 1,07,107 गैर-स्वामित्व काश्तकारों में से 95,621 को स्वामित्व के अधिकार दिये गए। इसके अतिरिक्त शिमला मण्डल में 31,477 गैर स्वामित्व काश्तकार हैं जिनमें से 3,078 काश्तकारों को स्वामित्व के अधिकार नहीं दिए गए।

हि. प्र. ग्रामीण शामलात (निहित और उपयोग) एक्ट, 1974

4.36 धारा 3 के अन्तर्गत गांवों की कुल शामलात भूमि सरकार में निहित हुई है जिसे भूमिहीनों तथा पात्र व्यक्तियों को आवंटन हेतु प्रयोग किया जा रहा है । धर्मशाला मण्डल में 31.12.1996 तक कुल 3,859 भूमिहीनों / गृहहीन व्यक्तियों को जो 1981-1983 के सर्वेक्षण में चुने गये थे कृषि तथा गृह निर्माण हेतु भूमि का आवंटन किया जा चुका है । शेष चुने हुये व्यक्तियों को कृषि योग्य तथा गृह निर्माण के लिये उपयुक्त भूमि उपलब्ध न होने के कारण भूमि नहीं दी जा सकी है। इसी प्रकार मण्डी मण्डल में कोई भी भूमि भूमिहीनों को आवंटित नहीं की गई है। वर्ष 1981-1983 के सर्वेक्षण के अनुसार चुने हुए सभी व्यक्तियों को भूमि प्रदान कर दी गई है परन्तु जिला कुल्लू में वन भूमि होने के कारण कुछ व्यक्तियों को भूमि प्रदान नहीं की जा सकी है। शिमला मण्डल में सारी शामलात भूमि भूमिहीनों तथा पात्र व्यक्तियों में वितरित की गई।

किसान पास बुकों का वितरण

4.37 किसान पास बुकों के वितरण का कार्य **1996-97** में जारी रहा। कांगड़ा व मण्डी मण्डल में दिसम्बर,**1996** तक **3.92** लाख व **0.11** लाख किसान पास बुकें किसानों को वितरित की गई।

भूमि एकीकरण

4.38 पुराने सर्वेक्षण के अनुसार कुल **49** लाख एकड़ भूमि भू-एकत्रीकरण के योग्य है इसमें से मार्च,**1996** तक **21.93** लाख एकड़ भूमि एकत्रित की जा चुकी है। भू-एकत्रीकरण कार्य कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर , सोलन तथा मण्डी जिलों में प्रगति पर हैं। वर्ष **1996-97** में दिसम्बर,**1996** तक **9,650** एकड़ भूमि में यह कार्य पूर्ण हुआ।

पशुपालन

4.39 ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था को सुधारने में पशुपालन का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश में पशुपालन के विकास कार्यक्रम में (1) पशु स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण, (2) गौजातीय पशु विकास, (3) भेड़ प्रजनन एवं ऊन का विकास, (4) कुक्कुट विकास, (5) पशु आहार तथा चारा विकास और (6) पशु चिकित्सा सम्बन्धी शिक्षा सम्मिलित हैं। इन क्षेत्रों की **1996-97** की सम्भावित उपलब्धियां निम्नलिखित हैं:-

पशु स्वास्थ्य और रोग नियन्त्रण केन्द्र

4.40 इस समय राज्य में **302** पशु चिकित्सालय, **25** केन्द्रीय पशु औषधालय, **731** औषधालय हैं जहां पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है और विभिन्न छूत के रोगों की रोकथाम के लिए टीके लगाए जाते हैं । इसके अतिरिक्त प्रदेश में **14** चलते-फिरते औषधालय भी कार्य कर रहे हैं जो कि महामारी को फैलने से रोकने के अतिरिक्त पशु चिकित्सा सुविधा शीघ्र पहुंचाते हैं । प्रदेश में **4** क्लीनिकल प्रयोगशालाएं कार्य कर रही हैं जिनसे पशुओं के विभिन्न रोग लक्षणों की तुरन्त जांच की जाती है । राज्य मुख्यालय में एक सर्विलेंस इकाई कार्य कर रही है । जिसके द्वारा पशुओं के रोग की जांच व रोगों का नियन्त्रण किया जाता है । वर्ष **1996-97** में पशु महामारी (रिंडरपैस्ट) जो छूत की बिमारी है की रोकथाम के लिए **4** चैक पोस्ट पंडोगा तथा मांदली जिला ऊना में, स्वारघाट जिला बिलासपुर में तथा गिलवां जिला कांगड़ा में कार्यरत हैं । इनके द्वारा वर्ष **1996-97** में, **12,000** आने जाने वाले पशुओं को टीके लगाने का अनुमान है ।

4.41 वर्ष **1996-97** में पशु चिकित्सा सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न संस्थाओं द्वारा निम्नलिखित उपलब्धियां होने की सम्भावना हैं ।

क्रम संख्या	मद	1996-97 की सम्भावित उपलब्धियां (' 000)
1.	घृत के रोगों से ग्रस्त पशुओं की चिकित्सा (अन्तरंग व बाह्य रोगी)	12
2.	अघृत के रोगों से ग्रस्त पशुओं की चिकित्सा (अन्तरंग व बाह्य रोगी)	1,520
3.	रोग ग्रस्त पशुओं को दवाई दी गई जो कि चिकित्सालय, औषधालय आदि में नही लाए गए	47
4.	टीके लगाए गए	19
5.	बंधियाकरण किया	108
6.	परिभ्रमण में दी गई चिकित्सा सुविधा:	
	(क) घृत	25
	(ख) अघृत	310
7.	परिभ्रमण बंधियाकरण	80
8.	परिभ्रमण में लगाए गए टीके	530

गोजातीय विकास

4.42 गायों में जर्सी नसल सब नसलों से उत्तम मानी गई है। इससे प्रदेश में नसल सुधार के लिए जर्सी प्रजनन पर विशेष बल दिया जा रहा है। गायों में कृत्रिम गर्भाधान का कार्य किया जाता है। जहां आवागमन के साधन सुगम नहीं हैं वहां जर्सी नसल के बैलों से गायों में प्राकृतिक गर्भाधान का कार्य किया जाता है। भैंसों की नसल का सुधार मुरहा प्रजाति की नसल से किया जा रहा है। भैंसों में कृत्रिम गर्भाधान का कार्य किन्नौर, कुल्लू तथा लाहौल-स्पिति जिलों को छोड़ शेष सभी जिलों में किया जा रहा है। पशु विकास का कार्य निम्न स्कीमों द्वारा किया जा रहा है।

(क) ग्राम सम्वर्धन योजना:- इस योजना के अन्तर्गत 7 ग्राम सम्वर्धन ब्लाक तथा 55 ग्राम सम्वर्धन केन्द्रों द्वारा कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। यह योजना शिमला, सोलन, सिरमौर, हमीरपुर, बिलासपुर तथा ऊना जिलों में कार्यरत है।

(ख) पहाड़ी पशु विकास कार्यक्रम:- यह कार्यक्रम शिमला, सोलन, ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू तथा चम्बा जिलों में चलाया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत 31 केन्द्रों द्वारा कृत्रिम गर्भाधान सुविधा प्रदान की जा रही है

(ग) सघन गोजातीय विकास परियोजना:- गोजातीय विकास

के लिए घणाहट्टी में सघन गोजातीय विकास परियोजना' कृत्रिम गर्भाधान कार्यों को पूरा करती है। यह परियोजना घणाहट्टी में स्थित वीर्य बैंक से शिमला जिले की शिमला व सुन्नी तहसील में तथा सोलन जिले की अर्की तहसील में 20 केन्द्रों/उप केन्द्रों में चलाई जा रही है ।

(घ) चिकित्सालयों/औषधालयों तथा सांड केन्द्रों द्वारा प्रजनन सुविधाएं:- प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए 894 चिकित्सालयों/औषधालयों द्वारा दोगली जाति के प्रजनन व कृत्रिम गर्भाधान की सुविधांए प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी प्राकृतिक गर्भाधान की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं जहां पर कृत्रिम गर्भाधान की सुविधांए उपलब्ध न हों ।

(ङ.) कृत्रिम गर्भाधान:- उन क्षेत्रों में जहां चिकित्सालयों तथा औषधालयों की सुविधाएं प्राप्त नहीं हैं वहां 46 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों द्वारा प्रजनन की सुविधांए प्रदान की जा रही हैं।

4.43 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1996-97 में निम्नलिखित उपलब्धियां होने की सम्भावना है:-

क्रम सं.	मद	वर्ष 1996-97 की सम्भावित उपलब्धियां	
		गाय	भैंसे
1.	कृत्रिम गर्भाधान	3,07,000	55,000
2.	प्राकृतिक गर्भाधान	1,200	-
3.	कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न बछड़े	1,02,000	21,000
4.	प्राकृतिक गर्भाधान से उत्पन्न बछड़े	850	-

4.44 प्रदेश में शुद्ध व अच्छी नस्ल के सांडों की आवश्यकता को शुरु करने के लिए 5 क्रास प्रजनन फार्म कमान्द, भंगरोटू (मण्डी), कोठीपुरा (बिलासपुर), पालमपुर (कांगड़ा) तथा बागथन (सिरमौर) में कार्यरत हैं । तीन वीर्य कोष जिसमें एक गहरी जमी हुई प्रयोगशाला तथा 7 तरल नाईट्रोजन संयत्र हैं, राज्य में सांडों का जमा हुआ वीर्य विभिन्न कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों में आपूर्ति कर रहे हैं। इन कार्यक्रमों को लागू करने से वर्ष 1996-97 में 7 लाख टन दूध के उत्पादन की सम्भावना है। इस वर्ष 4.00 लाख गाय व 65,000 भैंसों के स्ट्रा तथा इसके अतिरिक्त 1,50,000 लिटर तरल नाईट्रोजन का उत्पादन होगा। इसके अतिरिक्त कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न 900 सुधरी नस्ल के बछड़ों/बछड़ियों को विशेष पशु प्रजनन कार्यक्रम के तहत कम दरों पर पशु

आहार उपलब्ध करवाया जा रहा है।

भेड़ प्रजनन तथा ऊन विकास

4.45 भेड़ों तथा ऊन में सुधार लाने के लिए सरकारी भेड़ प्रजनन फार्म ज्यूरी (शिमला), सरौल (चम्बा), नगवाई (मण्डी), ताल (हमीरपुर) और कड़छम (किन्नौर) राज्य में किसानों को उन्नत भेड़ें देते हैं । इन फार्मों में **2,600** भेड़ें थी । वर्ष **1996-97** में लगभग **700** उन्नत भेड़ें किसानों को वितरित किए जाने की सम्भावना है। भेड़ों की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए तथा सोवियत मैरीनों और अमेरिकन रैमबुलेट की ख्याति को देखते हुए सरकार ने वर्तमान सरकारी फार्मों पर प्रजनन कार्य शुरु कर दिया है । पांच भेड़ प्रजनन केन्द्र कोठी, कोहार (कांगड़ा) स्वाड़ (मण्डी), बागीपुल (कुल्लू) डोडरा क्वार (शिमला) तथा चुरी (चम्बा) में कार्यरत हैं । भेड़ों के विकास के लिए विशेष पशु विकास परियोजना के अन्तर्गत छोटे व सीमान्त किसानों और कृषि मजदूरों को कम दरों पर ऋण प्रदान करने की परियोजना सिरमौर जिला में चलाई जा रही है । इसके अतिरिक्त सघन भेड़ विकास कार्यक्रम जो चम्बा जिले की भरमौर, चम्बा व भटियात तहसीलों में लागू है, के अन्तर्गत भेड़ पालकों को उन्नत किस्म की भेड़ें दी जाती हैं तथा डिपिंग व ड्रैंचिंग की सुविधाओं के साथ चरागाहें उन्नत की जाती हैं । भेड़ों की ड्रैंचिंग तथा भेड़ पालकों को प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम भी चलाया गया है । वर्ष **1996-97** में **16.00** लाख किलोग्राम ऊन उत्पादन की संभावना है । अंगोरा खरगोश पालकों को अंगोरा खरगोश का वितरण पालमपुर (कांगड़ा), नगवांई (मण्डी) तथा रिब्बा (किन्नौर) फार्म द्वारा किया जा रहा है।

कुक्कुट विकास

4.46 सुधरी किस्म के कुक्कुट पक्षी वितरित करने तथा अण्डों से बच्चे निकालने के लिए प्रदेश में **14** कुक्कुट फार्म कार्यरत हैं । वर्ष **1996-97** में निम्नलिखित उपलब्धियां होने की संभावना है:-

क्रम	मद	वर्ष **1996-97** की सम्भावित उपलब्धियां
1.	सरकारी फार्मों पर अण्डे देने वाली मुर्गियों की औसत संख्या	**4,300**
2.	अण्डों का उत्पादन	**8,50,000**
3.	चूजों का उत्पादन	**3,00,000**
4.	चूजे निकालने के लिए रखे गए अण्डे	**3,20,000**
5.	खाने के लिए अण्डों का विक्रय	**4,40,000**
6.	चूजे निकालने के लिए अण्डों का विक्रय	**1,000**
7.	प्रजनन के लिए पक्षियों का विक्रय	**1,92,000**
8.	खाने के लिए पक्षियों का विक्रय	**30,000**

4.47 विशेष पशुधन(कुक्कुट) उत्पादन कार्यक्रम के अन्तर्गत जो शिमला, बिलासपुर तथा ऊना जिलों में केन्द्रीय सरकार की वित्तीय सहायता से लघु एवं सीमान्त किसानों के लाभ के लिए है वर्ष **1996-97** में **130** कुक्कुट इकाईयां स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

पशु आहार तथा चारा विकास

4.48 उन्नत किस्म की नसलों को उपयुक्त मात्रा में सुदृढ़ पौष्टिक आहार व चारा देकर सुरक्षित रखा जा रहा है। उपजाऊ भूमि पर चारा ऊगाया जाता है तथा चारागाहों को विकसित किया गया है। पशु पालकों को उन्नत किस्म के चारा स्टम्प, चारा बीज् तथा चारा वृक्ष कम दामों पर उपलब्ध करवाये जाते हैं।

प्रशिक्षण

4.49 विभाग दुग्ध उत्पादकों तथा स्टाक सहायकों इत्यादि के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चला रहा है। इस वर्ष लगभग **560** दुग्ध उत्पादकों को तथा **500** बेटनरी फार्मासिस्टों आदि को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मत्स्य

4.50 हिमाचल प्रदेश विशाल एवं विभिन्न प्रकार के मत्स्य स्त्रोतों से सम्पन्न राज्य है जिसमें शीतल जल के नदी नालों और जलाशयों का जाल बिछा है जिसमें उष्ण कटिबधीय व सब-टैम्परेट की मत्स्य प्रजातियां हैं। नदीय लक्यूस्ट्राईन, रिक्रीएशन और पौंड फिशरिज में वर्गीकृत राज्य के जलों में मत्स्य विकास की काफी संभावना है । प्रदेश में लगभग **12,000** मछुआरे अपनी रोजी के लिए मछली व्यवसाय पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निर्भर है । वर्ष **1996-97** में सबसे पहले मत्स्य कार्प व ट्राऊट किस्म के बीज के उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया गया जिसके फलस्वरूप दिसम्बर,**1996** तक **19.15** मिलियन कार्प बीज उत्पादित किया गया। सुल्तानपुर, होली , बरोट, नागनी तथा नालागढ़ में मत्स्य बीज फार्मों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। भारत नार्वेजियन ट्राउट फार्म पतलीकुहल पर नार्वे से आइड ओवा आयात करके इसकी पुनः स्थापना कर ली गई। दिसम्बर,**1996** तक गोविन्द सागर और पौंग जलाशय केवल में ही **1,074** टन मछली का उत्पादन हुआ।

4.51 अनुसूचित जाति विशेष घटक योजना के अन्तर्गत विभाग सामुदायिक लाभ की योजनाओ पर विशेष बल दे रहा है । विभिन्न कार्यकलापों के अन्तर्गत भौतिक उपलब्धियों का ब्यौरा निम्न तालिका में दिया गया है:-

क्रमांक	मद	लक्ष्य	उपलब्धियां	
		1996-97	दिसम्बर, 1996 तक	मार्च, 1997 तक संभावित
1.	मत्स्य उत्पादन (मि. टन)	6,700	4,205	6,700
2.	मत्स्य बीज उत्पादन (मिलियन)	30.00	19.15	30.00
3.	पंजीकृत मछुआरे (संख्या)	13,225	8,000	13,000

वन

4.52 हिमाचल प्रदेश में वनों के अधीन कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 63.8 प्रतिशत अर्थात 35,518 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र आता है। हिमाचल प्रदेश सरकार की वन नीति में मूल आधार उपयोग के साथ संरक्षण करना तथा साथ-साथ इसकी नींव का विस्तार करना सम्मिलित है। इन्ही नीतियों को पूर्ण रूप देने के लिए वन विभाग द्वारा कुछ योजना कार्यक्रम चलाए गए हैं जो निम्न प्रकार से हैं:-

वन रोपण

4.53 वन रोपण का कार्य फलोत्पादक वन योजना तथा भू-संरक्षण योजना के अन्तर्गत चलाया जा रहा है । फलोत्पादक वन योजना में शीघ्र बढ़ने वाली प्रजातियों, आर्थिक वन रोपण, चारागाह में सुधार, ईधन व चारा तथा गौण वन उपज इत्यादि आते हैं। वर्ष 1996-97 में दिसम्बर, 1996 तक 713.10 लाख रुपए की लागत से 1,654 हैक्टेयर क्षेत्र फलोत्पादक वन योजना के अन्तर्गत लाया गया।

एकीकृत वेस्टलैण्ड विकास परियोजना

4.54 यह परियोजना चम्बा जिले के भरमौर, चम्बा, चुराह तथा डलहौजी मण्डलों में चलाई जा रही है । यह परियोजना 1992-93 से 1996-97 तक की अवधि की है तथा इस परियोजना की कुल लागत 441.00 लाख रुपये है । वर्ष 1996-97 में 56.51 लाख रुपये की तुलना में दिसम्बर, 1996 तक 19.60 लाख

रुपये व्यय किए जा चुके हैं जिससे 546 हैक्टेयर क्षेत्र की तुलना में 440 हैक्टेयर क्षेत्र में यह योजना चलाई गई है ।

वन्य प्राणी तथा प्राकृतिक संरक्षण

4.55 हिमाचल प्रदेश विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षियों के लिए प्रसिद्ध है, इस योजना का मुख्य उद्देश्य आखेट स्थलों में सुधार लाना है ताकि विभिन्न पशु-पक्षियों की प्रजातियों को बचाया जा सकें । वर्ष 1996-97 में 350.47 लाख रुपये की तुलना में दिसम्बर, 1996 तक 157.07 लाख रुपये(केन्द्रीय भाग सहित) की राशि उपयोग में लाई गई ।

वन सुरक्षा

4.56 वनों को अग्नि, अवैध गिरान तथा अतिक्रमण आदि खतरों का सामना प्रायः करना पड़ता है इसलिए आवश्यकता है कि उपर्युक्त स्थानों पर चैक पोस्टस की स्थापना की जाए। इसलिए अग्निशामन उपकरणों तथा तकनीकों के प्रावधान की व्यवस्था की गई तथा उन सभी वन-मण्डलों को जो अग्नि विनाशक हैं, को उपलब्ध करवाए गए। आग के खतरे वाले वन मण्डलों में वन सुरक्षा के तहत अच्छी संचार व्यवस्था की आवश्यकता है। वर्ष 1996-97 में दिसम्बर, 1996 तक 126.62 लाख रुपये लक्ष्य के मुकाबले 51.03 लाख रुपये की धन राशि व्यय की गई ।

बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाएं

भारत-जर्मनी इको विकास परियोजना(चंगर क्षेत्र परियोजना)

4.57 भारत-जर्मन आर्थिक विकास परियोजना पालमपुर उप-मण्डल के चंगर क्षेत्र में फैडरल रिपब्लिक आफ जर्मनी के सहयोग से कार्य कर रही है । इस परियोजना की अनुमानित लागत 18.71 करोड़ रुपये है। इस परियोजना के अन्तर्गत वन, कृषि, बागवानी और पशुपालन जैसे विभाग एक दूसरे के तालमेल से काम करेंगे । वर्ष 1996-97 के लिए इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 200.00 लाख रुपये उपलब्ध करवाए गए थे जिसमें से दिसम्बर, 1996 तक 150.00 लाख रुपये खर्च किये जा चुके हैं ।

हिमाचल प्रदेश वानिकी परियोजना(ओ.डी.ए.(यू.के.

4.58 यह परियोजना वर्ष के दौरान में जारी रही। 15 करोड़ रुपये लागत की इस परियोजना की अवधि (पाईलट फेज) वर्ष 1994-95 से 1996-97 तक की है। इस परियोजना का उद्देश्य संयुक्त वन व्यवस्था प्रक्रिया के अंतर्गत लोगों को नई योजना की प्रक्रिया में शामिल करना है। इस परियोजना से विद्यमान वनों के अतिरिक्त सिलविकलचरल के लिए भी सहायता मिलती है। वर्ष 1996-97 के दौरान कुल्लू व मण्डी वृतों में 534 हैक्टेयर क्षेत्र के लिए 104.16 लाख रुपये खर्च किए गए।

वन अनुसंधान शिक्षा व विस्तार परियोजना (एफ. आर. ई. ई. पी.)

4.59 वर्ष **1994-95** से प्रदेश में वन अनुसंधान शिक्षा व विस्तार परियोजना विश्व बैंक की सहायता से चलाई जा रही है। यह परियोजना पांच वर्ष की अवधि की है, जिस की लागत **5.00** करोड़ रुपये है। इस परियोजना की शत प्रतिशत विश्व बैंक से प्रतिपूर्ति है। वर्ष **1996-97** के दौरान इस के लिए **1.58** करोड़ रुपये का प्रावधान है जिस से **46.71** लाख रुपये दिसम्बर, **1996** तक खर्च किये गये हैं।

एकीकृत वाटर शैड परियोजना (हिल्ज कण्डी परियोजना)

4.60 एकीकृत वाटर शैड परियोजना (हिल्ज कण्डी परियोजना)/ विश्व बैंक की मदद से **1990-91** में वर्ष **1996-97** तक शुरू की गई । इसका उद्देश्य पांच नदियों मारकण्डा (सिरमौर), घग्घर व सिरसा (सोलन), स्वां (ऊना) तथा चक्की (कांगड़ा) के जल ग्रहण क्षेत्रों का इकोलोजीकल पुनर्वास करना है ताकि इन क्षेत्रों में रहने वाले किसानों का सामाजिक व आर्थिक उधार हो सके । कण्डी क्षेत्र इन पांच नदियों के जल ग्रहण क्षेत्र में आता है तथा सूखे से वर्ष भर अत्यधिक प्रभावित रहता है व यहां भूमि का कटाव भी अधिक होता है । इस परियोजना के अधीन वन, कृषि, बागवानी व पशुपालन विभाग एक दूसरे के तालमेल से काम करते हैं। वर्ष **1996-97** के लिए इस परियोजना के अन्तर्गत वन रोपण, भू-संरक्षण कार्य, उद्यान व कृषि गतिविधियां, तालाब के किनारों का संरक्षण तथा सिविल कार्यों के लिए **1,030.00** लाख रुपये उपलब्ध करवाए गए तथा दिसम्बर, **1996** तक **706.71** लाख रुपये इन कार्यों पर खर्च किए गए।

5. उद्योग

5.1 हिमाचल प्रदेश ने औद्योगिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। प्रदेश में औद्योगिक प्रक्रिया अस्सी के दशक में शुरु की गई थी और इस दशक में इसमें काफी गतिशीलता आई। इस समय प्रदेश में 161 मध्यम व बड़े तथा लगभग 25,000 लघु पैमाने के उद्योग कार्यरत है जिनमें लगभग 2,000 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश है। औद्योगिक क्षेत्र में प्रदेश में लगभग 3,000 करोड़ रुपये वार्षिक उत्पादन हो रहा है तथा इसमें लगभग 1.25 लाख लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध है।

औद्योगिक परियोजना अनुमोदन एवं समीक्षा प्राधिकरण(आई. पारा.)

5.2 इस प्राधिकरण का मुख्य कार्य उद्यमियों को उनकी परियोजनाओं के कार्यान्वयन करने के लिए विभिन्न सम्बन्धित संस्थाओं/एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करना है। मध्यम एवं बड़े उद्योगों के लिए आई. पारा की स्वीकृति अनिवार्य है। चालू वर्ष में 17 परियोजनाओं का अनुमोदन किया गया जिनमें 18,515.98 लाख रुपये का निवेश है तथा लगभग 2,362 लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं।

जिला उद्योग केन्द्र

5.3 प्रदेश के सभी जिलों में जिला उद्योग केन्द्र कार्य कर रहे हैं। जिला उद्योग केन्द्र कार्यक्रम का उद्देश्य गांव तथा छोटे उद्यमियों को एक छत के नीचे सभी सुविधाएं/सेवाएं तथा समर्थन प्रदान करना है। वर्ष 1996-97 में 584 लघु उद्योगों का स्थाई पंजीकरण किया गया, इनमें 2,354 लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए गए।

औद्योगिक क्षेत्र

5.4 उद्यमियों को साधन सम्बन्धी सुविधाएं प्रदान करने के लिए (i) परवाणु, बरोटीवाला, बद्दी, पांवटा साहिब, मैहतपुर, शमशी, नगरोटा बगवां, बिलासपुर, रिकोंग पिओ, संसारपुर टैरस, चम्बाघाट (सोलन) में इलैक्ट्रोनिक कम्पलैक्स, मण्डी, मांवला, हमीरपुर, शोघी, चम्बा, अम्ब, टाहलीवाल तथा काला अम्ब में औद्योगिक क्षेत्र, (ii) सोलन, धर्मपुर, कांगड़ा, ज्वाली तथा डेहरा-गोपीपुर में औद्योगिक सम्पदाएं स्थापित की गई। इसके अतिरिक्त प्रदेश में और औद्योगिक क्षेत्र/सम्पदाएं विकसित किए जा रहे हैं।

प्रधानमन्त्री रोजगार योजना

5.5 सारे प्रदेश में प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत शिक्षित रोजगार युवकों को स्वरोजगार सहायता योजना शुरु की गई है। इस वर्ष के अन्तर्गत 2,100 लाभार्थियों को सहायता प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। इस वर्ष नवम्बर, 1996 तक 4,276 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 1,166 को 668.18 लाख रुपये की

धनराशि स्वीकृत की गई तथा 978 को 538.10 लाख रुपये की धनराशि वितरित की गई और शेष प्रक्रिया के अधीन है।

उद्यमी विकास एवं औद्योगिक संचेत कार्यक्रम

5.6 उद्योग विभाग उद्यम विकास के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम इच्छुक उद्यमियों के लिए आयोजित कर रहा है। इसके अतिरिक्त एक सप्ताह के पाठ्यक्रम उद्यमियों को सम्वेष्ट सूचना देने तथा औद्योगिक इकाईयों को स्थापित करने के लिए अपेक्षित आवश्यकताएं तथा कार्य पद्धतियों से अवगत करवाने के लिए आयोजित किए गए हैं । वर्ष 1996-97 के दौरान 15 उद्यमी विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 396 युवकों को प्रशिक्षण दिया गया। 32 औद्योगिक सचेत कार्यक्रमों के अन्तर्गत 744 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया।

रेशम उद्योग

5.7 रेशम उद्योग राज्य का एक महत्वपूर्ण उद्योग है जिससे किसानों को अतिरिक्त रोजगार प्राप्त होता है । रेशम के कीड़ों को पालने तथा कोकून को बेचने से वे अपनी आय में वृद्धि करते हैं । वर्ष 1996-97 में 1.61 लाख किलोग्राम कोकून जिसकी कीमत 145.00 लाख रूपए है का उत्पादन किया गया।

चाय उद्योग

5.8 चाय का उत्पादन कांगड़ा एवं मण्डी जिलों में समुद्र तल से 1,000 से 1,500 मीटर की ऊंचाई पर किया जाता है । प्रदेश में 2,063 हैक्टेयर क्षेत्र में 1,685 चाय उगाने वाले कृषक कार्यरत हैं। वर्ष 1996-97 में प्रदेश में दिसम्बर,1996 तक लगभग 12.39 लाख किलोग्राम चाय का उत्पादन हुआ।

हथकरघा एवं हस्तशिल्प

5.9 हथकरघा एवं हस्तशिल्प प्रदेश का एक महत्वपूर्ण कुटीर उद्योग है। इस समय प्रदेश में लगभग 0.50 लाख हथकरघे हैं जो मुख्यत: ऊन पर आधारित हैं। इस समय बाजार विकास सहायता, ग्रिफ्ट फण्ड योजना, निराश्रित हथकरघा बुनकरों के लिए मार्जन मनी सहायता, स्वास्थ्य पैकेज योजना तथा प्रोजैक्ट पैकेज योजना जैसी कई योजनाएं हैं जिनके अन्तर्गत बुनकरों को हथकरघा उत्पादन को विकसित करने के लिए सहायता प्रदान की जाती है।

6. विद्युत

6.1 हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं का निष्पादन कर रही है । यह बहुत ही संतोषजनक बात है कि अत्याधिक पहाड़ी क्षेत्र के बावजूद प्रदेश के सभी आबाद गाँवों का विद्युतीकरण कर लिया गया है ।

6.2 प्रारम्भिक जल, विज्ञान तलरूप तथा भौमकीय अन्वेषणों के अनुसार हिमाचल प्रदेश के पाँच नदी क्षेत्रों से जल विद्युत उत्पादन का अनुमान बड़े, मध्यम, लघु व सूक्ष्म जल परियोजनाएं बना कर लगभग 20,000 मैगावाट आंका गया है । इसके अतिरिक्त प्रदेश नदी क्षेत्रों में अभी ऐसे स्थानों की पहचान बाकी है जिन पर लघु व सूक्ष्म परियोजनाओं के साथ-2 मध्यम और बड़ी परियोजनाएं बना कर विद्युत क्षमता में बहुत बड़ा योगदान मिल सकता है । थरमल व अणुशक्ति-उत्पादित विद्युत की लागत बढ़ने के कारण बहुत सी चिन्हित परियोजनाएं जिनको उत्पादन की अधिक व अधिक लागत के कारण उपरोक्त जल-विद्युत क्षमता में शामिल नहीं किया गया था, भी भविष्य में आर्थिक दृष्टि से कार्यान्वयन हो जाएंगे । इन दो पहलुओं को देखते हुए हिमाचल की कुल जल विद्युत क्षमता का अनुमान 25,000 मैगावाट व इससे भी अधिक आंका जा सकता है । कुल क्षमता में से अभी तक केवल 3,934.74 मैगावाट क्षमता का दोहन किया गया है जिसमें से हिमाचल प्रदेश के अधीन केवल 292.37 मैगावाट है, क्योंकि बड़े भाग का दोहन केन्द्रीय सरकार व अन्य अभिकरणों ने किया है । राज्य की विशाल जल विद्युत क्षमता उत्तरीय क्षेत्र के विद्युत विकास कार्य में प्रमुख भूमिका निभा सकती है जिससे हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो जाएगी ।

6.3 प्रदेश में छठी पंच वर्षीय योजना से जल विद्युत उत्पादन को प्राथमिकता दी गई है क्योंकि इससे न केवल राज्य की बढ़ती मांग पूरी होगी बल्कि उत्तर क्षेत्र में विद्युत की कमी को पूरा करने में मदद मिलेगी । इन तथ्यों को मध्य नजर रखते हुए बड़े, मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म परियोजनाओं को नौवें पंचवर्षीय योजना के दौरान आरम्भ करने का राज्य में चरणबद्ध कार्यक्रम बना लिया गया तथा साथ ही साथ पहले से आरम्भ की गई परियोजनाओं को शीघ्रातिशीघ्र पूरा किया जाएगा ।

6.4 जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण की बढ़ती हुई गतिविधियों को देखते हुए पर्याप्त विद्युत संचारण तथा वितरण पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि राज्य में इन परियोजनाओं द्वारा विद्युत औद्योगिकी की जा सके तथा उपयोग के लिये विद्युत का वितरण किया जा सके ।

6.5 ग्रामीण विद्युतीकरण में प्रदेश ने आसाधारण उपलब्धियां प्राप्त की हैं । इस तथ्य के बावजूद कि हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य देर से आरम्भ हुआ तथा कठिन पहाड़ी क्षेत्रों के

होते हुए भी संतोषजनक बात है कि जून,1988 के अन्त तक सभी आबादी वाले गांवों का विद्युतीकरण किया जा चुका है। गहन विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत बचे हुए घरों का विद्युतीकरण किया जा रहा है तथा राज्य में बिजली की आपूर्ति की विश्वसनीयता तथा उपलब्धता बनाये रखने का कार्य भी चल रहा है ।

क. उत्पादन

चालू परियोजनाएं

बनेर विद्युत परियोजना(12 मैगावाट)

6.6 वर्ष 1981 में 6 मैगावाट क्षमता रखने वाली यह परियोजना स्वीकृत की गई थी जो कि बाद में बढ़ा कर 12 मैगावाट कर दी गई है। इसकी नवीनतम अनुमानित लागत अक्तूबर,1991 की कीमतों के अनुसार 40.34 करोड़ रुपए है। इस परियोजना को मई,1996 में चालू कर दिया गया है।

गज विद्युत परियोजना(10.5 मैगावाट)

6.7 यह परियोजना वर्ष 1982 में स्वीकृत की गई थी। इसकी नवीनतम अनुमानित लागत संशोधित करके अक्तूबर,1991 की कीमतों के अनुसार 40.00 करोड़ रुपए कर दी गई थी। इस परियोजना को जून,1996 में चालू कर दिया गया है।

भावा विकास योजना

6.8 जून,1987 में योजना आयोग द्वारा भावा विकास योजना की अनुमानित लागत 9.46 करोड़ रुपये स्वीकृत की गई है जबकि बाद में इसकी अनुमानित लागत संशोधित करके 16.33 करोड़ रुपए 1990 की कीमतों के अनुसार आंकी गई है । भावा विद्युत गृह से इस योजना के अन्तर्गत 34 एम. यू. अतिरिक्त विद्युत उत्पादन किया जाएगा। इस परियोजना का कार्य 1997-98 तक शुरू हो जाएगा।

घानवी जल-विद्युत परियोजना (22.5 मैगावाट)

6.9 यह परियोजना ज्यूरी नामक कस्बे जहां घानवी और सतलुज नदी का संगम है, के स्थान पर स्थित है। इस परियोजना के पूरा होने पर 22.5 मैगावाट (2x11.25 यूनिट) बिजली पानी का भंडार किये बिना पैदा की जाएगी और इस परियोजना को केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण से जुलाई,1987 में अनुमोदन प्राप्त हो चुका था। इस परियोजना पर वर्तमान कीमतों के अनुसार लगभग 9,464 लाख रुपये व्यय होने की सम्भावना है। 6,150 लाख रुपये पावर वित्त निगम नई दिल्ली से ऋण बन्धन कर लिया है तथा शेष राशि राज्य योजना द्वारा प्राप्त की जाएगी। यह परियोजना 1998-99 में पूरा होने की सम्भावना है तथा इससे 124.21 मिलियन यूनिट बिजली पैदा होगी।

छोटे/लघु जल विद्युत परियोजनाएं

6.10 चार लघु/छोटी जल विद्युत परियोजनाएं होली (3 मैगावाट), साल-II (2 मैगावाट) तथा भावा विकास पावर

हाऊस योजना (3 मैगावाट) और गुम्मा एस.एच.पी. (3 मैगावाट) 43.00 करोड़ रुपए की लागत से टर्न की बेसिस पर चलाई जा रही हैं। जिसके लिए एम एन ई एस भारत सरकार ने 16.40 करोड रुपए की स्वीकृति दी हैं। शेष राशि राज्य योजना के अंतर्गत प्राप्त की जाएगी। साल-II योजना का कार्य वर्ष 1997-98 में पूर्ण होने की संभावना हैं तथा शेष तीन लघु परियोजनाएं 1998-99 में पूरा होने की सम्भावना हैं।

नाथपा-झाखड़ी विद्युत निगम (एन.जे.पी.सी.) द्वारा कार्यान्वित परियोजनाएं (केन्द्रीय तथा राज्य सरकार संयुक्त रूप से)

नाथपा-झाखड़ी जल विद्युत परियोजना (1,500 मैगावाट)

6.11 नाथपा-झाखड़ी जल विद्युत परियोजना जिसकी 1,500 मैगावाट क्षमता हैं का कार्य संयुक्त रूप से राज्य तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा नाथपा-झाखड़ी विद्युत निगम के माध्यम से किया जाएगा। उत्पादन कार्य हेतु इस परियोजना के लिए विश्व बैंक द्वारा 437 मिलियन डालर का ऋण स्वीकृत किया गया। यह ऋण सीधा नाथपा झाखड़ी निगम को आवंटित किया जाएगा तथा इक्विटी वाला भाग केन्द्रीय तथा राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा। इस परियोजना की संशोधित अनुमानित लागत 6,000 करोड़ रुपए हैं।

लारजी (126 मैगावाट) तथा कोल डैम (800 मैगावाट)

6.12 हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्णयानुसार लारजी विद्युत परियोजना (126 मैगावाट) तथा कोल डैम (800 मैगावाट) के कार्य को संयुक्त रूप में हिमाचल सरकार तथा निजी क्षेत्र द्वारा किया जाना हैं। इन परियोजनाओं के लिए विधिवत रूप से ग्लोबल निविदाएं मांगी गई थी जिनकी तकनीकी आधार पर बोलियां प्राप्त हो चुकी हैं व उनकी गुणवता को देखा जा रहा हैं। इन परियोजनाओं में हिमाचल प्रदेश सरकार व निजी क्षेत्र की भागीदारी क्रमशः 25 प्रतिशत एवं 75 प्रतिशत की होगी। यह आशा की जाती हैं कि इन परियोजनाओं के लिए निजी कम्पनियों के चुनाव का कार्य जुलाई-अगस्त,1997 तक पूर्ण कर लिया जाएगा तथा इन परियोजनाओं का कार्य वित्तीय वर्ष 1997-98 तक शुरू किया जा सकता हैं।

6.13 वर्ष 1995-96 के दौरान विद्युत उत्पादन 1,206.0 मिलियन यूनिट था जब कि चालू वर्ष में नवम्बर,1996 तक 1,103.8 मिलियन यूनिट था। नवम्बर,1996 तक 207 पम्पसैटों का उर्जीयन किया गया।

निजि क्षेत्र की भागीदारी

6.14 केन्द्रीय सरकार तथा प्रदेश सरकारों के स्त्रोत सीमित होने के कारण भारत सरकार ने अब निजी क्षेत्र को बिजली के उत्पादन, आपूर्ति तथा वितरण में भाग लेने की अनुमति प्रदान कर दी है ताकि आने वाले समय में बिजली की कमी की पूर्ति हो सके। इसके फलस्वरूप

विद्युत उपभोग


मिलियन यूनिट
2800
2400
2000
1600
1200
800
400
0
1989-90
90-91
91-92
92-93
93-94
94-95
95-96
प्रदेश में
प्रदेश से बाहर

प्रदेश सरकार ने सैद्धान्तिक रूप से निजी क्षेत्र को जल विद्युत परियोजनाओं में भाग लेने की अनुमति प्रदान करने का निश्चय किया।

6.15 इन परियोजनाओं की स्थिति नीचे दर्शायी गई है :-

1. **बासपा जल विद्युत परियोजना :-** हिमाचल प्रदेश सरकार ने अक्तूबर, **1992** को मैसर्ज जय प्रकाश इन्डस्ट्रीज के साथ एक कार्यान्वयन समझौता इस परियोजना को निजी क्षेत्र में चलाने के लिए हस्ताक्षरित कर दिया है। इस परियोजना का कार्य प्रगति पर है। कम्पनी के साथ हस्ताक्षरित किया जाने वाला विद्युत क्रय समझौता निर्णायक स्तर पर है।
2. **ऊहल जल विद्युत परियोजना :-** हिमाचल प्रदेश सरकार ने मैसर्ज बालारपुर इन्डस्ट्रीज सीमित के साथ फरवरी, **1992** में एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित कर दिया तथा फरवरी, **1993** में कम्पनी ने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पेश कर दी है। बिजली के बेचने के बारे में निकाली गई दरें उच्च होने के कारण सम्बन्धित कम्पनी ने जनवरी, **1994** में संशोधित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट दोबारा प्रस्तुत की है। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद द्वारा जांच के पश्चात रिपोर्ट तकनीकी तथा वार्षिक स्वीकृति प्रदान करने हेतु केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण को भेजी जा चुकी है।

6.16 इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार ने हिबरा (**231** मैगावाट), धमवाड़ी सुन्दा (**70** मैगावाट), करछम वांगटु (**1,000** मैगावाट), नियोगल (**12** मैगावाट), अलैन दुहांगन (**192** मैगावाट) तथा मलाना (**86** मैगावाट) नामक **6** विद्युत परियोजनाएं निजी क्षेत्र में देने के लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन दिए तथा धमवाड़ी सुन्दा (**70**मैगावाट) परियोजना समझौते पर कार्यान्वयन हेतु अक्तूबर, **1996** को हस्ताक्षर किए गए हैं।

ख. संचार तथा वितरण

6.17 राज्य में उपभोक्ताओं को बिना रुकावट के विद्युत आपूर्ति, नियमित वोलटेज तथा नई योजनाओं द्वारा विद्युत उत्पादन को शुरू करने के लिए संचारण तथा वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। साथ ही विभिन्न अन्तर्राज्यीय तथा केन्द्रीय परियोजनाओं से विद्युत आपूर्ति का हिस्सा भी प्राप्त करना है। धन के अभाव के कारण संचार तथा वितरण परियोजनाएं पूर्ण नहीं की जा सकी तथा नई परियोजनाओं को हाथ में नहीं लिया जा सका। नाथपा झाकड़ी परियोजना से उत्पन्न विद्युत को राज्य में ही उपयोग किया जाएगा। **132** के.वी. संचारण लाईनें/सब-स्टेशन भी बिजली बोर्ड द्वारा शुरू करना है जिसके लिए विश्व बैंक ने **43** मिलियन डालर ऋण की स्वीकृति दी है। प्रारम्भिक तथा उच्चतर वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए समय समय पर उपभोक्ताओं की विद्युत की मांग को पूरा करने

के लिए 33 के.वी. सब स्टेशन तथा इससे कम की स्वीकृत की लाईनों को कम वोलटेज की समस्या तथा संचार व वितरण की कमियों को पूरा करने के लिए स्वीकृत किया जाता है ।

ग. सर्वेक्षण तथा अन्वेषण

6.18 राज्य में अपार विद्युत क्षमता की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न पांच नदियों के प्रवाहों पर उत्पादकता क्षेत्रों को चुना गया है। इन क्षेत्रों का पूर्ण सर्वेक्षण तथा अन्वेषण कार्य किया जाना अति आवश्यक है ताकि इन क्षेत्रों की परियोजना रिपोर्ट बनाई जा सके व जिन परियोजनाओं का पहले अन्वेषण किया जा चुका है उनपर चरणबद्ध तरीके से कार्य शुरू किया जा सके। भारत सरकार व राज्य सरकार की वर्तमान नीति के आधार पर जल-विद्युत परियोजनओं को प्रतिस्पर्धा बोलियों के आधार पर निजी क्षेत्रों एवं संयुक्त क्षेत्रों में दिया जा रहा है जिसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रतिस्पर्धा बोलियों के आधार पर मांगी गई है। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद ने एक परिप्रेक्ष्य योजना सर्वेक्षण एवं अन्वेषण हेतु बनाई है जिसका लाभ नौवीं तथा दसवीं पंचवर्षीय योजनाओं में होगा।

ऊर्जा के गैर परम्परागत, नए तथा नवीकरण साधनों का विकास

6.19 आर्थिक वृद्धि के साथ-2 तेजी से औद्योगीकरण, अच्छे रहन-सहन के स्तर तथा आधारभूत सुविधाओं में बढ़ौतरी के कारण ऊर्जा की मांग बहुत बढ़ी है । पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों में कमी होने के कारण गैर पारम्परिक और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों जैसे सौर जल तापीय संयन्त्र, पवन चक्की तथा अन्य ऊर्जा संयन्त्रों के उपयोग पर अधिक बल दिया जा रहा है। गैर पारम्परिक और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के विकास पर प्रदेश में "हिमऊर्जा" की गतिविधियों पर अधिक महत्व दिया जाएगा।

6.20 नए तथा नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों में सौर ऊर्जा का उपयोग अधिक महत्व रखता है। हिम ऊर्जा द्वारा (आई.आर.ई.पी. एकीकृत ग्रामीण ऊर्जा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत नवीकरण ऊर्जा को लोकप्रिय बनाने के लिए, गैर परम्परागत ऊर्जा मन्त्रालय भारत सरकार की वित्तीय सहायता से यह कार्यक्रम राज्य के **41** विकास खण्डों में पूर्ण रूप से चलाया जा रहा है। नवीकरण ऊर्जा स्त्रोत और गैर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत जैसे कि सोलर कुकर, सौर तापीय संयत्र, सौर ड्रायर, उन्नत किस्म के चूल्हे, उन्नत जल की चक्कियां फोटोवोलटिक रोशनी तथा प्रैशर कुकर (आई.आर.डी.पी. परिवारों के लिए(इत्यादि को भी लोकप्रिय बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष **1996-97** के माह दिसम्बर,**1996** तक की उपलब्धियां निम्न प्रकार से हैं :-

सौर थर्मल प्रणाली

6.21 दिसम्बर, **1996** तक राज्य में **893** सोलर कुकर बेचे गए राज्य के विभिन्न भागों में **65** सौर जल तापीय संयन्त्र जो कि

विभिन्न क्षमताओ वाले हैं लगाए/आर्डर बुक किए जा चुके हैं । दिसम्बर, 1996 तक राज्य के जनजातीय तथा दूर दराज के क्षेत्रों में 268 सौर पी.वी. लालटेन, 25 फोटावोल्टिक लाइटस तथा 825 सौर घरेलू लाइटस लगाई/बुक की गई। विभिन्न चयनित आई.आर.ई.पी. खण्डों में 2268 उन्नत किस्म के चुल्हें बाटें/लगाए गए। उन्नत उच्च क्षमता वाले पोर्टेबल चूल्हे जिनकी थर्मल दक्षता 15 प्रतिशत अधिक हैं, का प्रयोग, खाना बनाने तथा जगह गर्म रखने के उद्धेश्य से शीत ग्रस्त तथा जनजातीय क्षेत्रों में लोकप्रिय किए जा रहें हैं। दिसम्बर, 1996 तक 721 ऐसे चूल्हों पर जनजातीय क्षेत्रों/दूर दराज के क्षेत्रों में उपदान दिया गया। दिसम्बर, 1996 तक 35 उन्नत किस्म के दक्ष चक्कियां ∎घराट∎ प्रदेश के विभिन्न भागों में लगाई गई हैं। हिम उर्जा आई.आर.ई.पी. खण्डों में चयनित आई.आर.डी.पी.परिवारों को प्रेशर कुकर तथा नूतनन स्टोव दे रही है,। दिसम्बर, 1996 तक 7,922 प्रेशर कुकर तथा 2,855 नूतन स्टोव आई.आर.डी.पी. परिवारों में रियायती दरों पर वितरित किए गए।

3 मैगावाट तक के माइक्रो जल विद्युत परियोजना का कार्यान्वित करना

6.22 राज्य सरकार ने लघु (3 मैगावाट जल विद्युत तक की क्षमता वाले) संयत्रों को राज्य विज्ञान एवं तकनीकी विभाग के अंतर्गत हिमऊर्जा को कार्यान्वित करने की शक्तियां दी हैं। इस संस्थान ने निजी क्षेत्रों में विज्ञापनों के द्वारा प्रचार किया ताकि वे इस लघु जल विद्युत परियोजना की क्षमता वाले 139 स्थानों पर 100 किलोवाट से 3 मैगावाट तक की परियोजना लगाएं। निजी उद्यमियों की निविदाओ को समय पर निपटाने के प्रयत्न समयानुसार किए। 139 चयनित स्थलों में से 83 स्थलों के लिए निजी उद्यमियों के साथ एम. ओ.यू.ज हस्ताक्षर कर दिए गए हैं। 11 अतिरिक्त स्थलों के लिए एम.ओ.यू.सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात किया जाएगा। गैर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों के मंत्रालय ने प्रदेश को दस 15 किलोवाट तथा पांच 10 किलोवाट के पोर्टेबल माइक्रो जल विद्युत जनरेटर सैट प्रदान किए हैं। ये विकेन्द्रीकृत प्रणालियां प्रदेश के पिछड़े तथा बर्फ से भरे हुए क्षेत्रों के लिए लगाई जाएंगी। 15 पोर्टेबल जनरेटर सैट चम्बा जिले के पांगी उप-मण्डल तथा शिमला जिले के डोडरा क्वार क्षेत्र में लगाए गए। स्थलों पर स्थापना कार्य पूर्णता की ओर अग्रसर है।

भवनों के लिए सौर पैसिव हिटिंग डिजाइन

6.23 हिमाचल प्रदेश में परम्परागत तरीकों के साथ-साथ सौर ऊर्जा द्वारा स्पेस हिटिंग का बहुत महत्व है। सौर पैसिव प्रणाली के प्रचार से भवनों को गर्म करने से पारम्परिक ऊर्जा की काफी बचत हो सकती है इसी आधार पर हिम उर्जा द्वारा उर्जा भवन का निर्माण किया गया है। यह भवन सभी पहाड़ी राज्यों में सौर पैसिव प्रणाली पर आधारित अपनी प्रकार का पहला भवन है।

LIBRARY & DOCUMENTATION CENTRE
National Institute of Educational Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016
DOC, No........D-10774
Date........2000

यू.एन.डी.पी.–जी.ई.एफ. परियोजना

6.24 हिम ऊर्जा ने पहाड़ी क्षेत्रों में लघु पन परियोजनाओं की मास्टर योजना तैयार करने की अधिकता के लिए यू.एन.डी.पी.–जी.ई.एफ. परियोजनाओं में भाग लेने का निर्णय लिया है। लघु पन स्थल जहां पर 3 मैगावाट सम्भावित क्षमता नहीं जुटाई गई, के लिए ए.एच.इ.सी./ यू.एन.डी.पी.–जी.ई.एफ. के साथ वार्तालाप किया गया। नेरवा तथा लिंगटी नामक दो परियोजनाएं यू.एन.डी.पी.–जी.ई.एफ. की सहायता से चलाने का निर्णय लिया है। नेरवा परियोजना (1,000 किलोवाट) मैसर्ज साईका कोआपरेटिव यूनिट को शुरू करने के लिए दिया गया है तथा लिंगटी (600 किलोवाट) परियोजना को चलाने का कार्य हिमऊर्जा द्वारा किए जाने की सम्भावना है क्योंकि कोई भी निजी निवेशक इस परियोजना को चलाने के लिए आगे नहीं आ रहा है।

7. रोजगार

7.1 1991 जनगणना के अनुसार प्रदेश की कुल जनसंख्या मे 34.41 प्रतिशत मुख्य कामगार, 8.42 प्रतिशत सीमान्त कामगार तथा शेष 57.17 प्रतिशत गैर कामगार थे। मुख्य कामगारों में से 63.25 प्रतिशत काश्तकार, 3.30 प्रतिशत कृषि श्रमिक, 1.43 प्रतिशत गृह उद्योग इत्यादि तथा 32.02 प्रतिशत अन्य गतिविधियों में कार्यरत थे।

जनशक्ति तथा रोजगार सेवाएं

7.2 रोजगार सेवा परियोजना में निम्नलिखित शामिल हैं:- (क) उम्मीदवारों को उनके शैक्षणिक योग्यता व अनुभव के आधार पर उपयुक्त रोजगार प्राप्त करवाना (ख) छटनी व फालतू घोषित किए गए कर्मचारियों को वैकल्पिक रोजगार दिलाना, (ग) रोजगार देने वाले को उपयुक्त उम्मीदवार भेजना, (घ) रोजगार अवसरों व प्रशिक्षण अवसरों तथा सम्बन्धित कार्यों का जनता, छात्र, अध्यापक, माता-पिता तथा प्रशासकों के लिए पता लगाना तथा (ड.) युवकों व रोजगार ढूंढने वालों की समस्याओं की समीक्षा तथा प्रशिक्षण व पाठ्यक्रमों को दुबारा से समायोजित करने हेतु रोजगार बाजार की जरूरतों के अनुसार कामगारों को उनसे सम्बन्धित प्रशिक्षण देना । 3 क्षेत्रीय रोजगार कार्यालयों, 9 जिला रोजगार कार्यालयों, 2 विश्वविद्यालय रोजगार तथा सुझाव कार्यालय, एक राज्य रोजगार मार्केट सूचना इकाई, 3 व्यावसायिक सुझाव इकाईयां, विकलांगों के लिए एक विशेष इकाई तथा हिमाचलवासियों को विभिन्न औद्योगिक इकाईयों, संस्थाओं तथा निजि क्षेत्र में रोजगार प्रदान करने हेतु एक केन्द्रीय रोजगार कार्यालय के द्वारा राज्य में रोजगार सहायता सूचना दी जा रही है । प्रदेश में बाहर के देशों में रोजगार जुटाने के लिए रोजगार निदेशालय में एक विदेशी रोजगार कक्ष स्थापित किया गया है।

रोजगार कार्यालयों सम्बन्धी सूचना

7.3 वर्ष 1996 में कुल 1,57,520 प्रार्थियों का पंजीकरण हुआ तथा 4,760 व्यक्तियों को रोजगार मिला । विभिन्न नियुक्तकों द्वारा अधिसूचित खाली स्थानों की संख्या 11,104 थी। सभी रोजगार कार्यालयों में 30 नवम्बर, 1996 तक सक्रिय पंजी में कुल संख्या 6.45 लाख थी जबकि वर्ष 1995 में यह संख्या 5.96 लाख थी।

रोजगार मार्केट सूचना कार्यक्रम

7.4 वर्ष 1960 से रोजगार मार्केट सूचना कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार आंकड़े जिला स्तर पर एकत्र किए जा रहे हैं। 31 मार्च, 1996 को प्रदेश में कुल 2.90 लाख कर्मी थे (सार्वजनिक क्षेत्र 2.49 लाख तथा निजि क्षेत्र 0.41 लाख) तथा पिछले वर्ष की इसी अवधि में कुल

कर्मी 2.89 लाख (सार्वजनिक क्षेत्र 2.50 लाख तथा निजि क्षेत्र 0.39 लाख) थे।

व्यवसायिक सुझाव कार्यक्रम

7.5 व्यवसायिक सुझाव एवं रोजगार सलाह जैसे कार्यक्रम उनके लिए बनाए गए हैं जो कि इस प्रकार की सहायता चाहते हैं । व्यावसायिक सुझाव मुख्यतः युवाओ की सहायता के लिए हैं जबकि रोजगार परामर्श सभी व्यस्कों की सहायता के लिए हैं । राज्य रोजगार निदेशालय इस कार्य को रोजगार कार्यालयों द्वारा शिक्षा विभाग की सहायता से व्यवस्थित करता है । राष्ट्रीय नीतियों तथा तरीकों से सम्बन्धित मसले, कर्मचारियों को प्रशिक्षण, सामग्री एवं उपकरणों को तैयार करना तथा राष्ट्रीय स्तर पर तालमेल रखने के लिए महानिदेशालय रोजगार एवं प्रशिक्षण की केन्द्रीय इकाई, राज्य में निदेशक रोजगार निदेशालय की सहायता कर रही है । रोजगार कार्यालय में प्रभारी अधिकारी प्रशासनिक अधिकारी के नियत्रंण में यह कार्यक्रम कार्यान्वित किया गया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1996 में 1.1.1996 से 31.12.1996 तक की उपलब्धियां निम्नलिखित है:-

मद	उपलब्धियां (संख्या)
क. वैयक्तिक कार्यक्रम	
1. व्यक्तियों का वैयक्तिक मार्ग दर्शन	13,890
2. व्यक्तियों का पंजीकरण के समय वैयक्तिक मार्ग दर्शन	41,220
3. व्यक्तियों को वैयक्तिक सूचना दी गई	
(i) व्यक्तिगत सूचना दी गई	10,600
(ii) डाक द्वारा सूचना मिली	-
4. पुराने मामले सक्रिय पंजी से प्राप्त हुए	-
ख. सामूहिक कार्यक्रम	
1. सामूहिक चर्चाओ का आयोजन किया गया	1,260
2. व्यक्तियों द्वारा सामूहिक चर्चाओ में भाग लिया गया	14,007
3. कैरियर/ग्रुप मार्गदर्शन के बारे में चर्चाएं की गई	-
4. व्यक्ति जो कैरियर सूचना कक्ष में गए	20,687

विदेशी रोजगार तथा जनशक्ति एक्सपोर्ट ब्यूरो

7.6 इस ब्यूरो को, "समिति पंजीकरण एक्ट, **1860** के अंतर्गत मार्च, **1994** को स्थापित तथा पंजीकृत किया गया। यह ब्यूरो प्रदेश के उन प्रार्थियों को, जिनके पास वैद्य पासपोर्ट हो, को पंजीकृत करता है। इसके परिणामस्वरूप जनवरी, **1996** से दिसम्बर, **1996** तक **213** प्रार्थियों को इस ब्यूरो द्वारा पंजीकृत किया जिससे ब्यूरो में **142** विभिन्न व्यवस्थाओं में **1,036** प्रार्थी उपलब्ध हैं।

केन्द्रीय रोजगार कक्ष

7.7 केन्द्रीय रोजगार कक्ष की स्थापना प्रदेश में निजि क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं में तकनीकी आवेदकों तथा हुनर वाले आवेदकों को रोजगार दिलाने के लिए की गई है। इस कक्ष की स्थापना राज्य के श्रमिक एवं रोजगार निदेशालय के अधीन की गई है जिसका मुख्य उद्देश्य तकनीकी तथा अधिक कुशल तथा अकुशल आवेदकों की निजि क्षेत्र में आवश्यकतानुसार भर्ती है । इस परियोजना के अन्तर्गत एक तरफ तो निजि क्षेत्र में रोजगार चाहने वालों को उनकी योग्यता एवं अनुभवों के आधार पर रोजगार दिया जाता है जबकि दूसरी तरफ नियुक्तकों द्वारा सही श्रमिकों की नियुक्ति की जाती है । इस योजना के अन्तर्गत **30** नवम्बर, **1996** को **8,406** आवेदकों का पंजीकरण उनकी तकनीकी योग्यताओं के आधार पर किया गया जिन्हें कि मुख्य रोजगार कार्यालयों से भेजा गया होता है । निजि क्षेत्र संस्थाओं ने नवम्बर, **1996** तक केन्द्रीय रोजगार कक्ष को विभिन्न किस्मों की **6, 469** रिक्तियां सूचित की थी जिसमें **1,035** रिक्तियां तकनीकी एवं उच्च कुशल वर्ग की थीं। केन्द्रीय रोजगार कक्ष ने विभिन्न औद्योगिक इकाईयों के लिए **24,348** आवेदकों को भेजा जिन में **7, 709** आवेदक तकनीकी एवं उच्च कुशल(हुनर) वर्ग के थे । नवम्बर, **1996** तक प्रदेश में अभी तक **731** व्यक्तियों को विभिन्न निजि क्षेत्र औद्योगिक इकाईयों में रोजगार दिलाया जिनमें से **173** व्यक्ति तकनीकी एवं उच्च कुशल वर्ग के थे। निजी क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त करने के लिए केन्द्रीय रोजगार कक्ष ने **"Skill matching and skill upgradation"** नामक एक नई योजना प्रारम्भ की जिसमें प्रारम्भिक स्तर पर परवाणु व पांवटा औद्योगिक क्षेत्र में **50** प्रार्थियों का लक्ष्य रखा गया। जिसके परिणामों को देखने के पश्चात ही यह योजना राज्य के अन्य क्षेत्रों में चलाई जाएगी।

विकलांगों के लिए विशेष कक्ष

7.8 जनवरी से नवम्बर, **1996** के अन्तर्गत सक्रिय पंजी में **761** विकलांगों को और पंजीकृत करके विकलांग पंजीकृतों की संख्या **5,573** हो गई थी (चम्बा व किन्नौर जिला के अतिरिक्त) । इसके अतिरिक्त **81** आरक्षित रिक्तियां अधिसूचित की गई थी तथा **252**

विकलांगों को साक्षात्कार के लिए पत्र जारी किए गए थे। नवम्बर, 1996 तक 63 विकलांगों को लाभकारी रोजगार में रखा गया था ।

रोजगार कार्यालयों का कम्पयूटरीकरण

7.9 तीन रोजगार कार्यालयों शिमला, मण्डी तथा धर्मशाला का जिला मुख्यालयों पर कम्पयूटरीकरण किया गया । इसके अतिरिक्त इस वित्तीय वर्ष के दौरान राज्य मुख्यालय, नाहन तथा चम्बा में कम्पयूटर स्थापित किए जा रहे हैं। विभाग सभी जिलों में चरणबद्ध तरीके से कम्पयूटर स्थापित करने की योजना बना रहा है।

न्यूनतम मजदूरी

7.10 हिमाचल प्रदेश सरकार ने न्यूनतम मजदूरी एक्ट, 1948 के अन्तर्गत एक "न्यूनतम मजदूरी परामर्श बोर्ड" बनाया जो कि विभिन्न अनुसूचित रोजगारों के अन्तर्गत मजदूरों के न्यूनतम मजदूरी दर निर्धारण तथा उनके संशोधन के बारे में प्रदेश सरकार को परामर्श देता है। इस बो की सिफारिश पर 1.3.1996 से प्रदेश सरकार ने अकुशल मजदूरों को सभी 24 अनुसूचित रोजगारों में एक जैसी न्यूनतम दरें तय/संशोधित की हैं जो कि 45.75 रुपए प्रतिदिन या 1,375 रुपए प्रति माह हैं । इसी प्रकार 01.03.1996 से अर्ध कुशल, कुशल तथा अति कुशल मजदूरों की न्यूनतम दर की मजदूरी में अनुपातानुसार वृद्धि की है । इसके अतिरिक्त कुछ अनुसूचित रोजगारों जैसे कि कृषि, भवन/सड़क निर्माण व रख-रखाव, पत्थर तोड़ना व कूटना तथा वानिकी व इमारती लकड़ी सम्बन्धी कार्यों के लिए अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में 25 प्रतिशत की दर से न्यूनतम दर की मजदूरी से अधिक देने की सरकार द्वारा घोषित पिछड़े हुए क्षेत्रों में 12.5 प्रतिशत की दर से अधिक देने की स्वीकृति दी गई है। इसके अतिरिक्त सुरंगों में कार्यरत मजदूरों के लिए 20 प्रतिशत की वृद्धि न्यूनतम मजदूरी पर भी हुई।

श्रमिक कल्याण उपाय

7.11 बन्धुआ मजदूर प्रणाली (उन्मूलन) एक्ट, 1976 के अन्तर्गत राज्य सरकार ने राज्य स्तर पर एक सक्रीनिंग समिति के अतिरिक्त उपमण्डलीय स्तर पर सतर्कता समितियां तथा जिला स्तर पर सतर्कता समितियों का गठन किया । राज्य सरकार ने औद्योगिक झगड़े निपटाने के लिए श्रम न्यायालय तथा औद्योगिक न्याय अधिकरण जिनका मुख्यालय शिमला में है का गठन किया है । औद्योगिक झगड़ा नियम, 1947 के तहत जिला एवं शैशन जज के पद के बराबर, श्रम अदालत/औद्योगिक न्याय अधिकरण का एक स्वतंत्र पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया । राज्य कर्मचारी बीमा योजना सोलन, परवाणू बरोटीवाला, बद्दी, मैहतपुर, पांवटा साहिब, व काला अम्ब में लागू है। लगभग 1,462 उद्यम व 30,780 मजदूर इस योजना के अन्तर्गत लाए गए इसी प्रकार कर्मचारी भविष्य निधि एक्ट, 1952 के अन्तर्गत 1,000 उद्यमों में कार्यरत 62,975 मजदूरों को लाया गया।

औद्योगिक सम्बन्ध

7.12 प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों में विकास होने से औद्योगिक सम्बन्धों के मसले को काफी महत्व प्राप्त हो रहा है । प्रदेश में औद्योगिक झगड़ों के निपटारे व औद्योगिक शान्ति को बनाए रखने के लिए एक समाधान मशीनरी कार्यरत है । समाधान अधिकारियों के कार्य क्षेत्रीय/ जिला रोजगार अधिकारी तथा श्रम अधिकारी को सौंपे गए हैं तथा अपने-2 क्षेत्राधिकार में यह कार्य देख रहे हैं । इसके अतिरिक्त जिन संस्थाओं में **100** से कम मजदूर हैं उन संस्थाओं में समाधान अधिकारियों की शक्तियां श्रम निरीक्षकों को दे दी गई हैं। जिन झगड़ों का निपटारा ठीक तरीके से न हो सके अथवा जहां पर समाधान प्रणाली फेल हो जाए उन मामलों में उच्चतर अधिकारी हस्तक्षेप करके समझौता कराते हैं।

8 ग्रामीण विकास

8.1 ग्रामीण विकास कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विशेष वर्ग समूह के परिवारों को नकद व अन्य सहायता देकर तथा विभिन्न ग्रामीण विकास कार्यक्रमों को सुदृढ़ कर उनकी गरीबी दूर करना व उनके लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करना है जिससे उनके सामाजिक व आर्थिक जीवन में सुधार हो सके। इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए वर्ष **1996-97** में निम्न राज्य तथा केन्द्रीय प्रायोजित योजनाएं कार्यरत रहीं ।

सामुदायिक विकास कार्यक्रम

8.2 इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की सहायता से उनका एकीकृत विकास करना है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत पंचायत समितियों को सामाजिक शिक्षा तथा सामान्य शिक्षा के लिए अनुदान प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त महिला मण्डलों की गतिविधियों को बढ़ावा देने व सुदृढ़ करने के लिये इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुदान दिया जाता है तथा महिला मण्डलों को प्रोत्साहन देने, अनुदान देने तथा इनके सदस्यों को प्रशिक्षण शिविरों का भी आयोजन किया जाता है। इसके अलावा विकास खण्ड कार्यालय भवनों एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों के लिए आवास गृहों का निर्माण भी किया जाता है । चालू वित्त वर्ष **1996-97** के लिए इस कार्यक्रम के अन्तर्गत **182.40** लाख रूपए की राशि का प्रावधान है ।

ग्रामीण शौचालय

8.3 इस योजना के अन्तर्गत ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ शौचालय के निर्माण हेतु वित्तिय सहायता दी जाती है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में प्रदुषण की रोकथाम व ग्रामीण लोगों को अच्छी स्वच्छता सुविधांए प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त घरों, बाजारों तथा मेलों में भी खाली जगह पर शौचालयों का निर्माण किया जाता है । वर्ष **1996-97** से वित्तिय सहायता की राशी सामान्य वर्ग के लोगों के लिए **1,200** से बढ़ाकर **1,700** रूपए तथा अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों तथा आई.आर.डी.पी. परिवारों के लिए **1,500** से बढ़ाकर **2,000** रूपए कर दी गई है। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय ग्रामीण कार्यक्रम के अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों के लिए शौचालयों का निर्माण तथा **2,000** रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वर्ष **1996-97** में **17,431** ऐसे शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है, जिन पर अब तक **279.35** लाख रूपए व्यय किए जा चुके हैं ।

गांधी कुटीर योजना

8.4 गांधी कुटीर योजना का शुभारम्भ प्रदेश भर में **2** अक्तूबर, **1994** से किया गया। इस योजना के अन्तर्गत पांच वर्षों में प्रदेश भर में आई.आर.डी.पी. गृहहीन परिवारों के लिए **72,000** मकानों का निर्माण किया जाएगा। इस योजना के अधीन प्रत्येक लाभार्थी को **16,300** रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। प्रचलित वित्तीय वर्ष में गांधी कुटीर योजना के अंतर्गत **13,513** मकानों को बनाने का लक्ष्य रखा गया है। दिसम्बर, **1996** तक **4,183** मकानों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तथा **10,412** मकानों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है । इसी प्रकार इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत वर्ष **1996-97** के लिए **2,487** मकान के निर्माण के लक्ष्य की तुलना में दिसम्बर, **1996** तक **836** मकान पूरे किए जा चुके हैं तथा 1,891 मकानों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम:आई.आर.डी.पी.:

8.5 यह कार्यक्रम केन्द्र द्वारा प्रायोजित **50:50** के अनुपात में कार्यरत है तथा इसका उद्देश्य लघु व सीमान्त किसानों, कृष्य श्रमिकों, ग्रामीण कारीगरों तथा अन्य जो कि गरीबी रेखा के नीचे हैं, को ऊपर उठाना है । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गरीब लोगों को आय उत्पादक सम्पति एवं रोजगार देना तथा जहां आवश्यकता हो विभिन्न उपदानों एवं संस्थागत ऋणों की सहायता से कार्यपूंजी सहित आय उत्पादन सम्पति का प्रबन्ध करना है। वर्ष **1995** के परिवारों के सर्वेक्षण के अनुसार **2,58,859** परिवार गरीबी रेखा से नीचे हैं। भारत सरकार के आदेशों के अनुसार गैर अनुसूचित जाति/ जनजाति तथा अनुसूचित जाति/ जनजाति के परिवारों को क्रमश: **4,000** रुपये तथा **6,000** रुपये के अनुदान का प्रावधान रखा है। परन्तु राज्य सरकार सभी आई.आर.डी.पी.परिवारों को जिसमें गैर अनुसूचित जाति/ जनजाति के परिवार सम्मिलित हैं, बराबर **6000** रुपये का अनुदान दे रही है। इसी प्रकार सभी आई.आर.डी.पी.परिवारों को **12.5%** ब्याज के स्थान पर **4%** ब्याज प्रतिवर्ष की दर से ऋण दिया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत दिसम्बर, **1996** तक **4,872** परिवारों को लाभान्वित किया गया तथा **219.34** लाख रुपये तथा **728.71** लाख रुपये अनुदान तथा ऋण इन परिवारों को दिया गया।

स्व: रोजगार योजना के लिए ग्रामीण युवकों को प्रशिक्षण:ट्राईसम:

8.6 यह कार्यक्रम आई.आर.डी.पी. कार्यक्रम के उप कार्यक्रम के रूप में कार्यान्वित किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य **18** से **35** वर्ष की आयु के युवक/ युवतियों को ऐसे व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान करना है जिससे उन्हें स्वरोजगार मिल सके। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों की इच्छा अनुसार व्यवसायों में मास्टर क्राफटसमैन या सरकार प्रशिक्षण संस्थाओं में एक साल की अवधि में प्रशिक्षण प्रदान

किया जाता है। प्रशिक्षण के स्थान के अनुसार प्रशिक्षणार्थियों को 200 रुपये से लेकर 500 रुपये प्रति माह तक का वजीफा प्रदान किया जाता हैं। संस्थान को तथा मास्टर क्राफ्टसमैन को 100 रुपये तथा 300 रुपये प्रति प्रशिक्षणार्थी प्रतिमास फीस या मानदेय दिया जाता है। इसके अतिरिक्त मास्टर क्राफटसमैन को 50 रुपये प्रति प्रशिक्षणार्थी प्रोत्साहन दिया जाता है। प्रत्येक कोर्स के लिए कच्चे माल के लिए प्रति प्रशिक्षणार्थी 75 रुपये से लेकर अधिकतम 600 रुपये तक देने का प्रावधान है। यह राशि कच्चा माल उपलब्ध करवाने के लिए दी जाती हैं। इसके अतिरिक्त ग्रामीण दस्तकारों को सुधरे औजार उपलब्ध करवाने के लिए 1,800 रुपये की राशि की सहायता भी दी जाती हैं । चालू वित्त वर्ष में दिसम्बर,1996 तक 369 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है तथा 225 युवकों को वैतनिक रोजगार प्रदान किया गया । इस योजना के अन्तर्गत दिसम्बर,1996 तक 9.74 लाख रुपये व्यय किए जा चुके हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्त्रियों तथा बच्चों का उद्धार॥डवाकरा॥

8.7 यह कार्यक्रम भी राज्य में एकीकृत विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत चलाया जा रहा है । इसका मुख्य उद्देश्य चयनित परिवारों की महिलाओ को समूहों में संगठित करके उनकी इच्छानुसार आर्थिक गतिविधियों में शामिल किया जाना है ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी जिलों में चलाया जा रहा है । दिसम्बर,1996 तक 101 समूहों का गठन किया जा चुका है जिसमें 1,226 महिला सदस्य हैं तथा इन पर 26.40 लाख रुपए व्यय किए जा चुके हैं ।

जवाहर रोजगार योजना

8.8 राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना एवं ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गांरटी योजनाओ को सम्मिलित रूप देकर जवाहर रोजगार योजना को तैयार किया गया तथा पूरे देश भर में चलाया गया जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारों को भारी मात्रा में रोजगार अवसर प्रदान करना है । इन्दिरा आवास योजना तथा मिलियन वैल्ज योजना इस योजना की उप-योजना है। यह कार्यक्रम गांव में पंचायतों द्वारा चलाया जाता है जो कि पूरी योजना एवं कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए जिम्मेवार है। 7.63 लाख कार्य दिवस के लक्ष्य के विरुद्ध दिसम्बर,1996 तक 7.05 लाख कार्य दिवस अर्जित किये जा चुके हैं, जिसके लिए वर्ष 1996-97 के लिए 1,107.27 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

धुंआ रहित चूल्हा कार्यक्रम

8.9 यह कार्यक्रम प्रदेश में केन्द्रीय सहायता से चलाया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य इंधन बचत, बन कटाव को रोकना, प्रदूषण को रोकना तथा ग्रामीण महिलाओ के स्वास्थ्य को सुधारना है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीणों को प्रशिक्षण तथा जागरूकता देने के लिए राज्य स्तर, जिला स्तर तथा विकास खण्ड स्तर पर शिविर लगाए जाते हैं तथा उनके घरों में मुफ्त चूल्हा लगाया जाता है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार कार्यकर्ता चूल्हों के निर्माण के लिए लगाए जाते हैं। वर्ष **1996-97** में दिसम्बर, **1996** तक **5,954** चूल्हों का निर्माण किया जा चुका है तथा इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु **8.50** लाख रूपए की धन राशि दिसम्बर, **1996** तक क्षेत्रीय एजैंसियों को दी जा चुकी है।

मरूस्थल विकास कार्यक्रम

8.10 यह कार्यक्रम प्रदेश में लाहौल-स्पिति जिले के स्पिति उप-मण्डल तथा जिला किन्नौर के पूह उप-मण्डल में केन्द्रीय सहायता द्वारा चलाया जा रहा है। लाहौल-स्पिति जिले का लाहौल विकास खंड भी अब इस कार्यक्रम के अन्तर्गत लाया जा चुका है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के नए दिशा निर्देशों पर वाटरशैडस आधार पर **1.4.1995** से कार्यान्वित किया जा रहा है। इसके लिए डी.डी.पी./ डी.पी.ए.पी. पर तकनीकी समिति द्वारा सिफारिशें की गई थीं। भारत सरकार द्वारा वर्ष **1995-96** से चार वर्षों तक **80** वाटरशैडस विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्ष **1996-97** में दिसम्बर, **1996** तक **500.00** लाख रूपये के प्रावधान में से **412.50** लाख रूपये इस कार्यक्रम के लिए दिये जा चुके हैं। दिसम्बर, **1996** तक इस कार्यक्रम के अन्तर्गत नए वाटरशैडस विकसित करने के लिए **129.26** लाख रूपये खर्च किए जा चुके हैं।

सुनिश्चित रोजगार योजना

8.11 यह योजना अक्तूबर **1993** में प्रदेश के सात विकास खण्डों में प्रारम्भ की गई थी और **1** जनवरी, **1995** में **11** और नए खण्डों में चलाई गई। वर्ष **1996-97** में **25** और नए खण्ड इस योजना के अन्तर्गत लाए गए। इस योजना को केन्द्र एंव राज्य सरकार **80:20** के अनुपात में वित्तीय साधन उपलब्ध कराती है । इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को गैर-कृषि कार्य अवधि के दौरान संवैधानिक न्यूनतम मजदूरी दर पर **100** दिनों का सुनिश्चित रोजगार प्रदान करना है। चालू वित्त वर्ष के दौरान दिसम्बर, **1996** तक इस योजना के अधीन **6.35** लाख कार्य दिवस का सृजन किया जा चुका हैं तथा **528.28** लाख रूपये की धन राशि व्यय की जा चुकी है।

परती भूमि विकास योजना

8.12 यह शत प्रतिशत केन्द्रीय प्रायोजित योजना प्रदेश के चम्बा, सोलन, हमीरपुर तथा कांगड़ा जिलों में चलाई जा रही है । इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय जन सहयोग से बंजर भूमि को ऐसी योजनाओं के अन्तर्गत लाना है जिससे ग्रामीण लोगों को ईंधन, चारा इत्यादि उपलब्ध हो सके तथा उन्हें रोजगार भी मिल सके। दिसम्बर, **1996** तक भारत सरकार द्वारा कांगड़ा जिले के लिए **25.00** लाख रुपए का प्रावधान किया गया।

नवीनतम परियोजना

8.13 वर्ष **1993-94** के दौरान तृतीय स्ट्रीम जवाहर रोजगार योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा कांगड़ा जिले के लिए **200** लाख रुपये की लागत से "कांगड़ा की **2000** ए. डी. तक आत्म-निर्भरता" एक नवीनतम परियोजना स्वीकृत की। इस परियोजना के अंतर्गत हर्बल व एरोमैटिक पौधों की खेती की जा रही है। इसी प्रकार **200.51** लाख रुपए की लागत से सोलन जिले के लिए "डैरी विकास परियोजना" जो वर्ष **1994-95** में स्वीकृत की गई थी, कार्यरत है। शिमला जिले के लिए भारत सरकार द्वारा **306.72** लाख रुपए की लागत से स्वीकृत परियोजना "विभिन्न तरीकों द्वारा उन्नति" भी वर्ष के दौरान कार्यरत रही।

8.14 इसके अतिरिक्त वर्ष **1996-97** में मण्डी जिले के लिए "मण्डी डिस्ट्रिक्ट ऑन ग्रीन गोल्ड ट्रैक" नामक परियोजना स्वीकृत की गई। इस योजना की कुल लागत **100.26** लाख रुपये है तथा इस परियोजना को शुरू करने के लिए **73.20** लाख रुपये दिये जा चुके हैं।

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम

8.15 यह शत प्रतिशत केन्द्रीय प्रायोजित कार्यक्रम प्रदेश में **15** अगस्त, **1995** को शुरू किया गया। इसके मुख्य उद्देश्य (i) निर्धारित ग्रुप परिवारों में से **65** वर्ष को आयु से अधिक निराश्रित व्यक्तियों को **100** रुपए प्रतिमास की दर से वृद्धावस्था पैंशन, (ii) गरीबी से नीचे परिवार के रोजी कमाने वाले व्यक्ति की सामान्य मृत्यु होने के कारण **5,000** रुपए की तथा दुर्घटना से मृत्यु होने के कारण **10,000** रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करना तथा (iii) निर्धारित ग्रुप परिवार में से गर्भवती महिला जिसकी आयु **19** वर्ष से अधिक हो को दो जीवित बच्चों तक **300** रुपए की एक मुश्त राशि प्रदान करना है। वर्ष **1996-97** के दौरान इस स्कीम को कार्यान्वित करने के लिए सभी जिलों को **52.20** लाख रुपए दिए गए।

सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम:डी.पी.ए.पी.:

8.16 यह कार्यक्रम मूलत: क्षेत्र विकास क्रार्यक्रम है तथा इसका उद्देश्य भूमि, जल, सब्जी उगाने की प्रक्रिया इत्यादि प्राकृतिक स्त्रोतों द्वारा वाटरशैड विकास परियोजनाओ का एकीकृत विकास करना हैं। यह कार्यक्रम राज्य में 50:50 के अनुपात से राज्य तथा केन्द्र सरकार के माध्यम से वर्ष 1995-96 में 9 खण्डों में शुरू किया गया। 30 वाटरशैड 500 हैक्टेयर प्रति वाटरशैड के लगभग क्षेत्र को 4 वर्षों में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 1996-97 में राज्य के लिए 165.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है जिसमें से दिसम्बर,1996 तक 95.57 लाख रूपये व्यय किये जा चुके हैं और शेष राशि इस वर्ष के अंत तक उपयोग में लाई जाएगी। इसके अतिरिक्त वर्ष 1996-97 के दौरान डी.डी.ए.पी जिलों में अतिरिक्त वाटरशैडस परियोजनाओ के लिए राशि प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा सहमति दे दी गई है। तदनुसार वित्तीय वर्ष के लिए 24 अतिरिक्त वाटरशैडस का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जा चुका है।

9. भाव की स्थिति

9.1 वर्ष 1993-94 में मुद्रा स्फीति अधिकतर जनसाधारण के लिये गम्भीर समस्या रही, विशेषतया खाद्य पदार्थों का मूल्य सूचकांक समस्त वस्तुओ से अधिक रहा। थोक मूल्य सूचकांक §आधार 1981-82=100§ में वृद्धि दर बिंदूवार आधार पर वर्ष 1993-94 में 10.8 प्रतिशत, 1994-95 में यह दर 10.4 प्रतिशत रही तथा 1995-96 में मुद्रा स्फिति की दर केवल 5.0 प्रतिशत रही। इसी आधार पर वर्ष 1996-97 अर्थात 31.12.1995 से 30.12.1996 तक मुद्रा स्फीति की दर 7.4 प्रतिशत रही जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 6.03 प्रतिशत थी। दिसम्बर,1996 के पश्चात मुद्रा स्फिति की दर बढ़ते हुए 1 फरवरी,1997 को 7.7 प्रतिशत तक पहुंच गई।

9.2 पिछले कुछ वर्षों के थोक मूल्य सूचकांक निम्न सारणी में दिए गए हैं:-

थोक मूल्य सूचकांक §आधार 1981-82=100§

वर्ष	थोक मूल्य सूचकांक	
	अन्तिम सप्ताह	सप्ताहों की औसत
1990-91	191.8	182.7
1991-92	217.8	207.8
1992-93	233.1	228.7
1993-94	258.3	247.8
1994-95	285.2	274.7
1995-96	299.5	295.7
30.12.95 को	297.4	297.7
28.12.96 को	319.5§अ§	311.9§अ§

§अ = अस्थायी§

मूल्य सूचकांक

थोक मूल्य सूचकांक



उपभोक्ता मूल्य सूचकांक



9.3 पिछले पांच वर्षों का माहवार थोक मूल्य सूचकांक निम्न सारणी में दर्शाया गया है:-

थोक मूल्य सूचकांक (आधार: 1981-82=100)

मास	1992-93	1993-94	1994-95	1995-96	1996-97 (अ)
अप्रैल	219.5	234.6	262.3	288.4	301.4
मई	221.6	237.0	265.4	291.6	304.0
जून	224.1	239.8	268.1	292.6	306.1
जुलाई	226.6	243.1	271.3	294.3	310.2
अगस्त	228.8	247.0	272.1	296.1	313.2
सितम्बर	230.7	250.9	273.2	297.4	316.4
अक्तूबर	232.4	252.2	274.7	297.9	317.4
नवम्बर	231.4	251.6	276.2	299.4	319.1
दिसम्बर	231.4	251.7	279.9	297.7	319.5
जनवरी	231.6	252.7	283.3	297.4	..
फरवरी	232.8	254.8	284.7	297.6	..
मार्च	233.1	257.6	284.9	298.7	..
औसत	228.7	247.8	274.7	295.7	311.9

(28.12.96)

(अ = अस्थाई)

9.4 आर्थिक प्रगति के लाभों को बराबर में बांटने के लिए कीमतों में स्थिरता जरूरी है । मुद्रा-स्फीति का सर्वाधिक प्रभाव गरीब वर्ग के लोगों पर पड़ता है। इस का प्रभाव वित्तीय साधनों के जुटाने पर भी पड़ता है । वित्तीय घाटे में कठोर नियंत्रण, आयात में ढील देना, कड़ी मुद्रा स्फीति, गेहूं तथा चावल के आयात द्वारा घरेलू स्टाक में वृद्धि तथा औद्योगिक उत्पादन बढ़ाने के लिये आयात में रियायत जैसे मुख्य कारणों से वर्ष के दौरान मुद्रा स्फीति को स्थिर रखने में सहायता मिली।

9.5 हिमाचल प्रदेश में भाव की स्थिति पर निरन्तर निगरानी के कारण कीमतों में बढ़ौतरी नहीं होने दी गई । ऐसा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के द्वारा प्रदेश में भाव पर निगरानी व आवश्यक वस्तुओं के वितरण के लिए 3,634 उचित मूल्य की दुकानों से सम्भव

हुआ । इसके साथ-साथ जमाखोरी, मुनाफाखोरी तथा अन्य अनाचारों द्वारा आवश्यक उपभोग की वस्तुओं की बिक्री तथा वितरण पर निगरानी रखने के लिए प्रदेश सरकार ने कई आदेशों/अधिनियमों को कड़ाई से लागू किया है । वर्ष के दौरान नियमित साप्ताहिक प्रणाली द्वारा आवश्यक वस्तुओं के भावों का अनुश्रवण करना जारी रखा ताकि भावों में अनुचित बढ़ौतरी को समय पर रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सकें ।

10. नागरिक आपूर्ति एवं सामाजिक सेवाएं

10.1 प्रचलित वर्ष में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गुणात्मक सुधार किया गया। इसके अतिरिक्त वर्ष में सार्वजनिक वितरण के माध्यम से खाद्यान्नों के अतिरिक्त नियन्त्रित वस्तुएं जैसे लेवी चीनी, नियन्त्रित कपड़ा, खाद्य तेल, दालें, नमक, चाय पत्ती, अभ्यास पुस्तिकें, लेखन सामग्री, मिट्टी का तेल तथा खाना पकाने की गैस आदि जनता को उपलब्ध करवाई गई। राज्य में इस प्रणाली को **3,634** उचित मूल्यों की दुकानों के माध्यम से कार्यान्वित करवाया जा रहा है। इन **3,634** उचित मूल्य की दुकानों में से **2,767** सहकारिता क्षेत्र में, **680** व्यक्तिगत डिपू होल्डरों, **61** पंचायतों द्वारा तथा **126** हि.प्र. राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा चलाई जा रही हैं।

खाद्यान्न वितरण

10.2 वर्ष **1996** में दिसम्बर, **1996** तक **53,745** मि.टन गंदम तथा **57,907** मि.टन गंदम आटा व **71,034** मि.टन चावल उपभोक्ताओं को वितरित किए गए।

राशन की चीनी

10.3 भारत सरकार प्रदेश में कार्ड होल्डरों को वितरण के लिए **1996** से **2,197** मि.टन राशन की चीनी प्रतिमाह देती है। महत्वपूर्ण त्यौहारों जैसे दिवाली व दशहरा पर केन्द्र सरकार द्वारा राज्य के कोटे में **608** मि.टन की वृद्धि की गई। प्रदेश में उपभोक्ताओं को **400** ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिमाह तथा दिवाली व दशहरा त्यौहारों के दौरान **500** ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिमाह राशन की चीनी उपलब्ध कराई गई। वर्ष **1996** में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत **27,800** मिट्रिक टन लेवी चीनी उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई गई।

खाने का तेल

10.4 वर्ष **1996** में भारत सरकार द्वारा अक्तूबर, **1996** तक **1,800** मि. टन खाद्य तेलों का आंवटन प्रदेश को किया जो कि उपभोक्ताओं को **34.75** रुपए प्रति कि.ग्राम की दर से **2** कि.ग्राम **5** व्यक्तियों के परिवार को तथा **3** कि.ग्राम **5** व्यक्तियों से अधिक सदस्यों वाले परिवार को उपलब्ध करवाया गया।

नियन्त्रित कपड़ा

10.5 वर्ष **1996** में **6.10** लाख मीटर नियन्त्रित कपड़ा उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से जनता को वितरित किया गया जिसके साथ अनियन्त्रित कपड़ा भी उचित दामों पर उपलब्ध करवाया गया।

आयोडीन युक्त नमक

10.6 सरकार द्वारा प्रदेश में केवल आयोडीन युक्त नमक का ही आवंटन किया जाता है। वर्ष **1996-97** में दुर्गम एवम दूर-दराज

के क्षेत्रों के लिए 7.10 लाख रुपये परिवहन अनुदान के लिए खर्च होने की संभावना है।

तरल पैट्रोलियम गैस

10.7 प्रदेश में सरकारी तेल कम्पनियां जन साधारण को खाना पकाने की गैस उपलब्ध करवा रही है। जहां यह कम्पनियां आर्थिक दृष्टि से लाभप्रद नहीं है वहां यह गैस हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से उपलब्ध करवाई जाती है।

डीजल, पैट्रोल तथा मिट्टी का तेल

10.8 इस समय प्रदेश में 89 पैट्रोल और डीजल पम्प कार्यरत हैं। भारत सरकार ने प्रदेश का जनवरी, 1996 से मार्च, 1996 तक 4,522 किलोलिटर मिट्टी का तेल प्रतिमास उपलब्ध करवाया जबकि अप्रैल, 1996 से मासिक आवंटन बढ़ाकर 6,142 किलोलिटर कर दिया। वर्ष 1996 में 68,844 किलो लिटर मिट्टी का तेल उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया गया।

भण्डारण एवं परिरक्षण

10.9 सरकारी खाद्यान्नों और अन्य आवश्यक वस्तुओं के भण्डारण के लिए प्रदेश के विभिन्न स्थानों में 56 गोदाम 14,250 मि.टन भण्डारण क्षमता के बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 34 भण्डार जिनकी भंडारण क्षमता 4,900 मि. टन है, निर्माणाधीन है। वर्ष 1996-97 के दौरान इन गोदामों के रख-रखाव के लिए 18.30 लाख रुपये का प्रावधान रखा गया।

नवीकृत सार्वजनिक वितरण प्रणाली

10.10 नवीकृत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत 7 जनजातीय विकास खण्डों जो 6 से 8 माह तक शेष संसार से कटे रहते हैं, को लाया गया है। इन क्षेत्रों में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 4 नई उचित मूल्यों की दुकाने खोली गई। इस प्रकार इन क्षेत्रों में इन दुकानों की संख्या 175 हो गई। वर्ष 1996-97 में दिसम्बर, 1996 तक निम्न खाद्यान्नों की आपूर्ति इन क्षेत्रों में की गई:-

वस्तु का नाम	गेंहू	गेंहू आटा	चावल	राशन की चीनी	नमक	खाद्य तेल	कोयला	मिट्टी का तेल
मात्रा क्विंटल में	49075	15653	56227	8889	1983	1776	36905	1980 कि. लि.

एकीकृत ग्रामीण विकास योजना

10.11 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत चुने हुए लगभग 89 हजार परिवारों को गेंहू, चावल तथा नमक क्रमश: 2 रुपये 80 पैसे

(6 कि.ग्रा. प्रति व्यक्ति व 3 कि.ग्रा. प्रति बच्चा) 4 रुपये 80 पैसे (1 कि.ग्रा.प्रति व्यक्ति व 1/2 कि.ग्रा. प्रति बच्चा) तथा 25 पैसे प्रति किलो प्रति परिवार उपलब्ध करवाया जा रहा है। अगस्त,1996 से प्रदेश में इस परियोजना के अंतर्गत एक पुनः सर्वेक्षण करवाया गया जिसके अंतर्गत 4,000 रुपए तक मासिक आय पाने वाले परिवारों को भी इसके अन्तर्गत लाया गया।

10.12 आवश्यक वस्तुओ की बिक्री तथा वितरण में जमाखोरी व काला बाजारी को रोकने के लिए प्रदेश सरकार विभिन्न आदेशों व अधिनियमों का सख्ती से पालन कर रही है । वर्ष 1996 में 29,753 निरीक्षण किए गए, 437 व्यापारियों को लिखित चेतावनी दी गई और 419 व्यापारियों को विभागीय कार्यवाही के अधीन दण्ड दिया गया । 55,954 रुपए की राशी जुर्माने के तौर पर वसूल की गई। इसके अतिरिक्त मापतोल संगठन द्वारा इसी अवधि में 16,212 निरीक्षण तथा 1,238 चालान किए गए।

उपभोक्ता फोरम

10.13 उपभोक्ताओ की शिकायतों को शीघ्र सरल तरीके से तथा उन्हें संरक्षण दिलाने की दृष्टि से केन्द्र सरकार द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम,1986 बनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओ को बेहतर संरक्षण प्रदान करना है। इसके उपबन्धों में क्षतिपूर्ति अथवा हर्जाने की व्यवस्था है।

पेयजल

10.14 राज्य के समस्त 16,807 गांवों (1981 जनगणनानुसार) को मार्च,1994 तक स्वच्छ पेयजल सुविधा प्रदान की जा चुकी हैं। भारत सरकार द्वारा 1991-93 में करवाए गए सर्वेक्षण के अनुसार हिमाचल प्रदेश में कुल 43,781 बस्तियां (एन.सी.) हैं जिनमें से 1.4.1996 को 6,283 नाटकवरड बस्तियों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध करवानी शेष थी। वर्ष 1996-97 में 1,172 बस्तियों को पेयजल उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा गया है जिनमें से दिसम्बर,1996 तक 769 बस्तियों को पेयजल उपलब्ध करवाया गया और शेष के लिए कार्य प्रगति पर है। वर्ष 1996-97 के 6,621 लाख रुपए के परिव्यय की तुलना में नवम्बर,1996 तक 5,557 लाख रुपए व्यय किए जा चुके हैं। वर्ष 1996-97 में प्रदेश में 623 लाख रुपयों के परिव्यय से 600 हैण्डपम्प लगाने के लक्ष्य की तुलना में दिसम्बर, 1996 तक 465 हैण्डपम्प लगाए जा चुके हैं तथा नवम्बर,1996 तक 520.45 लाख रुपए व्यय किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन को आवंटित राशि में से 200 हैण्डपम्प लगाने के लक्ष्य की तुलना में दिसम्बर,1996 तक 145 हैंडपम्प लगाए जा चुके हैं। अतः कुल 800 हैंडपम्पों के लक्ष्य के अंतर्गत 610 हैंडपम्प दिसम्बर,1996 तक लगाए जा चुके हैं और शेष लक्ष्य मार्च,1997 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

10.15 प्रदेश के सभी शहरों में पेयजल योजनाओं की सुविधा उपलब्ध है परन्तु इन शहरों की पेयजल योजनाएं बहुत पुरानी हैं जिनका सम्बर्धन, नवीकरण एवं विस्तार आवश्यक है। वर्ष 1996-97 में 5 शहरों की पेयजल योजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। दिसम्बर,1996 तक ऊना नगर की योजना पूर्ण कर ली गई हैं तथा अन्य लक्षित नगरों को मार्च,1997 तक पूरा कर लिया जाएगा। 2,200 लाख रूपयों के स्वीकृत परिव्यय की तुलना में नवम्बर,1996 तक 969 लाख रूपए व्यय किए जा चुके हैं।

मल निकास

10.16 वर्ष 1996-97 में दो शहरों चम्बा व श्री नैना देवी जी में मल निकास योजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 1996-97 के 715 लाख रूपये के उदव्वय की तुलना में नवम्बर,1996 तक 199.95 लाख रूपए व्यय किए जा चुके हैं तथा शेष लक्ष्य मार्च,1997 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

शिक्षा

10.17 हिमाचल प्रदेश में 1991 की जनगणना के अनुसार साक्षरता दर 63.86 है। राज्य में पुरूषों व स्त्रियों की साक्षरता दर में काफी अन्तर है । पुरूषों की 75.36 प्रतिशत साक्षरता दर की तुलना में स्त्रियों की साक्षरता दर 52.13 प्रतिशत है ।

प्राथमिक पाठशालायें

10.18 प्रदेश में अब तक 8,850 प्राथमिक पाठशालायें हैं। प्राथमिक पाठशालाओं में अध्ययन कर रहे सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से पिछड़े वर्ग के छात्रों की स्कूल छोड़ने की प्रवृति को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन तथा छात्रवृतियां जैसे कि मुफत कपड़े व पुस्तकें, आई.आर.डी.पी. तथा लाहौल-स्पिति पैट्रन पर दी जाने वाली छात्रवृतियां आदि एवं लड़कियों के लिए सभी स्तर पर मुफत शिक्षा शुरू की गई है। पात्र आध्यपकों के लिए 1996-97 सत्र में चार राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय योजनाएं जैसे डाईट, आप्रेशन बलैक बोर्ड तथा मिड-डे मील आदि भी शुरू की गई है। डाईट स्कीम के अन्तर्गत 1996-98 सत्र के लिए 1,500 प्रशिक्षणार्थियों को जे.बी.टी. प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया।

10.19 प्रदेश में शत प्रतिशत साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्राथमिक शिक्षा विभाग के संयोजन में साक्षरता अभियान चलाया गया है तथा इन जिला साक्षरता समितियों का अध्यक्ष सम्बन्धित जिले के जिलाधीश को बनाया गया है।

माध्यमिक पाठशालाएं

10.20 वर्ष 1996-97 में 2, 182 माध्यमिक यूनिट जिनमें 1,006 माध्यमिक पाठशालाएं 925 उच्च माध्यमिक पाठशालाओ के माध्यमिक यूनिट तथा 251 वरिष्ठ पाठशालाओ के माध्यमिक यूनिट सम्मिलित है राज्य सरकार के अधीन कार्यरत हैं।

उच्च/वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षा

10.21 वर्ष 1996-97 में 1,176 उच्च/ वरिष्ठ यूनिट जिनमें 925 उच्च पाठशालाओ के यूनिट तथा 251 वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के उच्च स्कूलों के यूनिट सम्मिलित हैं राज्य सरकार के अधीन कार्य कर रही हैं।

विश्वविद्यालय तथा उच्चतर शिक्षा

10.22 प्रचलित वर्ष में 30 महाविद्यालय कार्य कर रहे हैं जिनमें से 4 सांयकालीन महाविद्यालय हैं। इसके अतिरिक्त एक बी.एड कालेज धर्मशाला में तथा एक एन.सी.ई.आर.टी. शिक्षा संस्थान सोलन में कार्य कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश ऐसा पहला राज्य है जिसने वर्ष 1995-96 से लड़कियों को सभी स्तरों पर सरकारी स्कूलों में दाखिला लेने से लेकर विश्वविद्यालय जिसमें तकनीकी कोर्स भी सम्मिलित है मुफ्त शिक्षा देने की घोषणा की है।

विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा

10.23 वर्ष 1996-97 में इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा से सम्बन्धित 5 केन्द्रों में शिक्षा का कार्यक्रम जारी रहा ।

व्यवसायिक शिक्षा

10.24 प्लस दो प्रणाली में व्यवसायिक शिक्षा का लागू करना नई शिक्षा प्रणाली का ही एक भाग है, व्यवसायिक शिक्षा 25 वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओ में सुचारू रूप से चलाई जा रही है।

वैज्ञानिक शिक्षा का सुधार

10.25 वर्ष 1996-97 में इस योजना के अन्तर्गत 77.03 लाख रुपये की स्वीकृति से (i) माध्यमिक स्कूलों को विज्ञान किट देना, (ii) उच्च / वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओ को विज्ञान पुस्तकें देना व विज्ञान प्रयोगशालाओ में सुधार तथा (iii) विज्ञान शिक्षकों को नौकरी के दौरान प्रशिक्षण देना सम्मिलित हैं।

मुफ्त छात्रावास

10.26 दूर दराज व पिछड़े क्षेत्रों में मुफ्त छात्रावास की योजना से शिक्षा के व्यापक प्रसार व बच्चों के स्कूलों से लगाव में बहुत सहायता मिली है। वर्ष 1996-97 में राज्य में ऐसे 22 नि:शुल्क छात्रावास कार्यरत थे। जन-जातीय बच्चों के लिए दो और छात्रावास एक लड़कों तथा दूसरा लड़कियों के लिए भरमौर में खोले जा रहे है।

छात्रवृतियां

10.27 विभिन्न स्तर पर छात्रवृतियों के प्रोत्साहन हेतु **236.00** लाख रुपए का प्रावधान है । वर्ष **1996-97** में **86,000** छात्र लाभान्वित होने का अनुमान है ।

अध्यापकों को प्रशिक्षण

10.28 शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत नौकरी के दौरान अभिनवन पाठचर्या के अतिरिक्त बी.एड. प्रशिक्षण हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय व धर्मशाला के शिक्षा महाविद्यालय में दिया जा रहा है।

अध्यापकों को राष्ट्रीय तथा राज्य पुरस्कार

10.29 वर्ष **1996-97** में **4** अध्यापकों को उनके श्रेष्ठ कार्य तथा व्यवसाय के प्रति निष्ठा के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया इसके अतिरिक्त चालू वर्ष में **9** अध्यापकों को राज्य पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया ।

10.30 तदर्थ/टेनयोर बेसिस अध्यापकों को **3** वर्ष की नौकरी पूरी करने पर उनकी सेवाओं को रेगुलर करने का सरकार का निर्णय प्रशंसा का विषय है जिसके अनुसार **442** तदर्थ अध्यापकों को अब तक नियमित किया गया।

निःशुल्क पाठय पुस्तकें

10.31 हिमाचल प्रदेश सरकार ने वर्ष **1996-97** से प्रदेश के गैर जन-जातीय क्षेत्रों में शिक्षा ग्रहण कर रहे अनुसूचित जाति/ जन-जाति तथा पिछड़े वर्ग के छात्रों को कक्षा छठी से दसवीं तक निःशुल्क पाठय पुस्तकें देने का निर्णय लिया है। इस वर्ष इस योजना से **1,25,000** छात्र लाभान्वित हुए।

तकनीकी शिक्षा

10.32 प्रदेश में इस समय एक क्षेत्रीय इन्जीनियरिंग कालेज **6** सरकारी बहुतकनीकी संस्थान, एक निजि बहुतकनीकी संस्थान, **17** सह-शिक्षा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिनमें एक संस्थान विकलांग व्यक्तियों के लिए सम्मिलित है तथा **15** प्रशिक्षण संस्थान स्त्रियों के लिए कार्यरत हैं। बहुतकनीकी संस्थानों में **3** वर्षीय सिविल इन्जीनियरिंग, मकैनिकल, इलैक्ट्रीकल, आटोमोबाईल, वास्तुकला सहायतार्थ, इलैक्ट्रौनिक्स तथा कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग एवं माईन आफिस प्रैक्टिस पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया जाता है । कम्पयूटर प्रयुक्ति में डेढ़ वर्ष का पोस्ट डिप्लोमा कोर्स तथा **2** वर्ष का डिप्लोमा कोर्स फार्मेसी में भी दिया जा रहा है। कांगड़ा बहुतकनीकी संस्थान का दर्जा बढ़ाने के उपरान्त वहां वर्ष **1994-95** से उपकरणीय इन्जीनियरिंग, कम्पयूटर इन्जीनियरिंग तथा

कम्यनिकेशन इन्जीनियरिंग पाठयक्रम भी शुरू किए गए हैं। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शिल्पकार योजना के अन्तर्गत इंजीनियरिंग तथा गैर-इंजीनियरिंग विषयों में प्रशिक्षण दिया जाता है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

10.33 हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जन स्वास्थ्य, विभिन्न बिमारियों की रोकथाम, स्वास्थ्य शिक्षा, परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की अमूल्य सेवाएं **39** चिकित्सालयों, **49** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों/ ग्रामीण चिकित्सालयों उत्थान्नित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, **245** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, **165** औषधालयों तथा **1,954** उपकेन्द्रों और **46** मातृ एवम् शिशु स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से प्रदान की जा रही है। राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कर रही है। वर्ष **1996-97** के दौरान राज्य में विभिन्न स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण गतिविधियों का विवरण निम्न प्रकार से है:-

§1§ ग्रामीण स्वास्थ्य योजना:- इस योजना के अन्तर्गत राज्य में ग्रामीण स्वास्थ्य मार्गदर्शकों द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही है। ये गाईड मलेरिया निरीक्षण, परिवार कल्याण तथा टीकाकरण की गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं ।

§2§ राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम:- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत **2,633** बुखार ईलाज डिपो, **2,918** औषधि वितरण केन्द्र, **213** मलेरिया क्लिनिक्स कार्य कर रहे हैं। वर्ष **1996** के माह नवम्बर तक इस कार्य के अन्तर्गत **5,49,216** रक्त स्लाईडें एकत्रित की गई जिनमें से **5,40,768** की जांच की गई और **8,227** अनुकूल पाई गई । **7,740** मामलों का आमूल उपचार किया गया तथा इस अवधि में कोई भी मृत्यु का मामला प्रकाश में नहीं आया।

§3§ कुष्ठ नियन्त्रण कार्यक्रम:- यह कार्यक्रम प्रदेश में **6** कुष्ठ चिकित्सालयों, **76** पारिणाह क्लीनिक तथा **15** सर्वेक्षण तथा शिक्षा उपचार केन्द्रों में चलाया जा रहा है । इसके साथ इन्दिरा गान्धी मैडिकल कालेज शिमला में **20** बिस्तरों वाला वार्ड कार्यरत हैं। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष **1996-97** के **200** मामलों के लक्ष्य के विरुद्ध

दिसम्बर,1996 तक 284 नए मामलों का पता लगाया गया तथा वर्ष 1996-97 के 300 मामलों के लक्ष्य के विरुद्ध दिसम्बर,1996 तक 752 मामले समाप्त किए गए ।

(4) एस.टी.डी. नियन्त्रण कार्यक्रम:- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में 71 एस.टी.डी. संस्थाएं हैं। वर्ष 1996 में नवम्बर,1996 तक एस.टी.डी. के 1,417 मामलों का उपचार किया गया। इसके अतिरिक्त 55,876 रक्त के नमूने सीफिलिस रोग की जांच के लिए आए जिनमें से 463 मामले अनुकूल पाए गए ।

(5) राष्ट्रीय क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम:- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में 2 क्षय रोग चिकित्सालय, 11 जिला क्षय रोग केन्द्र, 1 क्षय रोग क्लीनिक, 6 क्षय रोग उप क्लीनिक तथा 1 सर्वेक्षण एवं अधिवास उपचार केन्द्र जिनमें 713 बिस्तरों का प्रावधान है, कार्यरत हैं । दिसम्बर,1996 तक 14,073 नए रोगियों का पता लगाया गया जिनमें इस बिमारी के लक्षण अनुकूल पाए गए तथा 44,008 व्यक्तियों के थूक की जांच की गई।

(6) अन्धेपन से बचाने का राष्ट्रीय कार्यक्रम:- वर्ष 1996-97 में 10,000 कैटरेक्ट आप्रेशन करने का लक्ष्य है जिसके अन्तर्गत दिसम्बर,1996 तक 5,065 कैटरेक्ट आप्रेशन किए गए ।

(7) राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम:- राज्य में परिवार कल्याण कार्यक्रम स्वेच्छा के आधार पर चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 31 मार्च,1996 तक परिवार कल्याण कार्यक्रम के विभिन्न तरीकों से 57.73 प्रतिशत पात्र दम्पतियों को प्रभावी तौर से सुरक्षित किया गया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत दिसम्बर,1996 तक क्रमश: 11,949 बन्धयकरण तथा 24,645 लूप निवेश किए गए।

(8) शिशु उत्तरजीविता एवं सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम:- हिमाचल प्रदेश में यह कार्यक्रम केन्द्र प्रायोजित योजना के रूप में विश्व बैंक की सहायता से चलाया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में प्रदेश में पोलियो का कोई भी मामला प्रकाश में नहीं

आया है। टीकाकरण से बचाव वाली अन्य बिमारियों जैसे:- आयरोग, गलघोटू, धनुष्टकार तथा खसरा में भी गत वर्षों में सराहनीय कमी आई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत दिसम्बर,1996 तक की उपलब्धियां नीचे दी गई हैं :-

मद	उपलब्धियां दिसम्बर, 1996 तक
1. टी.टी. (गर्भवती माताएं)	87,661
2. डी.पी.टी.	86,130
3. पोलियो	86,289
4. डी.पी.टी. बुस्टर	66,433
5. पोलियो बुस्टर	67,903
6. बी.सी.जी.	88,787
7. मीजल	85,615
8. डी.टी. (5-6 वर्ष)	1,02,308
9. टी.टी. (10 वर्ष)	84,326
10. टी.टी. (16 वर्ष)	49,495
11. माताओं को आर्यन, फोलिक एसिड	1,25,225
12. विटामिन "ए" पहली खुराक	73,419
13. विटामिन "ए" दूसरी खुराक	60,480

इस कार्यक्रम के अंतर्गत पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान पुन: चलाया गया। अभियान का पहला चरण माह दिसम्बर,1996 में चलाया गया तथा दूसरा चरण जनवरी,1997 में पूरा किया गया। जन-जातीय एवं बर्फीले इलाकों में प्रथम चरण अक्तूबर तथा दूसरा चरण नवम्बर में चलाया गया। इस वर्ष इस अभियान के अंतर्गत 0-5 वर्ष तक की उम्र वाले बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई जबकि पिछले वर्ष 0-3 वर्ष तक की आयु वाले बच्चों को यह खुराक पिलाई गई थी। पहले चरण के अभियान में 6,27,319 बच्चों को पोलियो की अतिरिक्त खुराक पिलाई गई।

(9) स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम: इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कूली बच्चों की चिकित्सा की जांच की जाती है और रोगग्रस्त

बच्चों को नजदीक वाली स्वास्थ्य संस्थाओं में उपचार के लिए भेज दिया जाता है । बच्चों को टाइफाईड तथा टी.टी. के टीके भी लगाए जाते हैं। देश में जुलाई,1996 में स्कूली बच्चों की जांच का अभियान चलाया गया परन्तु प्रदेश में कुछ स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश होने के कारण यह अभियान सितम्बर,1996 में चलाया गया। इस अभियान के दौरान 10,468 स्कूलों का निरिक्षण किया गया तथा 7,41,369 स्कूली बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई और उनमें से 2,42,228 बच्चे विभिन्न बिमारियों से ग्रस्त पाए गए जिन्हें निकटतम चिकित्सा संस्था में उपचार के लिए भेजा गया।

§10§ संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष परिवार कल्याण क्षेत्रीय परियोजना :- यह परियोजना जो भारत सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश में अप्रैल,1990 से 35.28 करोड़ रुपये की लागत से प्रारम्भ की गई थी 31 दिसम्बर,1996 को समाप्त हो गई। इस परियोजना के अन्तर्गत 702 स्वास्थ्य संस्थाओं के भवन निर्माण का लक्ष्य है जिसमें 699 भवनों का निर्माण कार्य नवम्बर,1996 तक पूरा हो चुका है।

§11§ राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम:- यह कार्यक्रम प्रदेश में वर्ष 1992 से केन्द्रीय प्रायोजित कार्यक्रम के रूप में चलाया गया है जिसके अंतर्गत रक्त की सुरक्षा एवं विवेकपूर्ण प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए राज्य में 12 रक्त कोष बैंक स्थापित किए गए हैं। आई.जी.एम.सी.शिमला के चौकसी केन्द्र में इस सम्बन्ध में रक्त नमूने जांच किए गए। इस चौकसी केन्द्र में 32 फुल ब्लोन एड्स के मामले पाए गये। इसके अतिरिक्त 55 मामले एच.आई.वी.अनुकूल पाए गए।

§12§ आयुर्विज्ञान महाविद्यालय:- वर्ष 1996-97 में इन्दिरा गान्धी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय में 100 प्रशिक्षणार्थियों की क्षमता रही। अध्ययन तथा प्रशिक्षण के उद्देश्य से इन्दिरा गांधी अस्पताल शिमला तथा कमला नेहरू अस्पताल शिमला इससे सम्बन्धित हैं। इस महाविद्यालय में औषधि, शल्य क्रिया, स्त्री रोग व प्रसूति क्षेत्र विज्ञान, रति रोग विज्ञान, आंख नाक व गला चिकित्सा, रेडियोलौजी, जीव भौतिक विज्ञान, कार्डियोलॉजी, रेडियोथिरेपी, न्यूरोलॉजी तथा न्यूरोसर्जरी इत्यादि में आम जनता को विशिष्ट सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय नर्सों,

रेडियोग्राफर्स, ओपथैलमिक सहायक, ओ.टी.ए. प्रयोगशाला तकनीकी, को प्रदेश के औषधालयों व चिकित्सालयों की जरूरतों को मध्यनजर रखते हुए प्रशिक्षण भी देता है। इसके साथ ही इस महाविद्यालय में 16 विभिन्न विभागों में स्नातकोतर उपाधि तथा 8 विभागों में पत्रोपाधि का पाठयक्रम भी चल रहा है जिसकी पाठयक्रम की क्रमश: 35 व 18 विद्यार्थियों की क्षमता है। इसके अतिरिक्त आयुर्विज्ञान महाविद्यालय ग्रामीण तथा कठिन क्षेत्रों के लोगों के लिए 50 बिस्तरों वाला चलता-फिरता अस्पताल चला रहा है तथा इन्टर्नल व प्रशिक्षण ले रही नर्सों को बेहतर क्षेत्रीय प्रशिक्षण दे रहा है ।

विशेष सेवांए :- इन्दिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय भारत के उन महा विद्यालयों में से है जिसके पास फाइबर ओपटिक एन्डोस्कोपी तथा सी.टी.सकैन उपकरण है तथा वर्तमान विचाराधीन वर्ष के दौरान कलोज हृदय शल्य चिकित्सा जिसमें पेस मेकर को प्रयोग करना तथा परिवार नियोजन कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए लैपरोस्कोपी के प्रयोग को भी सम्मिलित किया गया है।

(13) दन्त महाविद्यालय एवं चिकित्सालय :- वर्ष 1994-95 के दौरान एक दन्त महाविद्यालय एवं चिकित्सालय प्रदेश में शुरू किया गया। इस महाविद्यालय में 20 बी.डी.एस. प्रशिक्षणार्थियों का क्षमता है। यह महाविद्यालय राज्य की हमेशा से दन्त-चिकित्सकों तथा दन्त-पैरामेडिकल स्टाफ की बढ़ती मांग को पूरा करने तथा लोगों को बेहतर एवं आधुनिक दन्त-चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से खोला गया। राज्य के लोगों को विशेष चिकित्सा उपलब्ध करवाने के लिए संस्थान में आधुनिक तथा विशेष प्रकार के उपकरण तथा मशीनरी है। प्रदेश के दूर-दूराज के ग्रामीण क्षेत्रों में दन्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु सचल सामुदायिक दन्त-चिकित्सा क्लीनिक बनाया गया है।

आयुर्वेद

10.34 हिमाचल प्रदेश में जनता को भारतीय चिकित्सा पद्धति तथा होम्योपैथिक द्वारा सुविधाएं प्रदान करने के लिए 2 क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अस्पताल, 2 वृत अस्पताल, 2 जनजातीय अस्पताल, 8 जिला अस्पताल, 1 प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र, 657 आयुर्वैदिक औषधालय, 3 यूनानी औषधालय, 2 होम्योपैथिक औषधालय तथा 2 पंचकर्मा यूनिट कार्यरत हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 150 नए आयुर्वैदिक औषद्यालय खोलने की सम्भावना है। वर्ष 1995 में इन संस्थाओ मे 36,941 अन्तरंग व 32,44,675 बाह्य रोगियों का ईलाज किया

गया । प्रचलित वर्ष में विभाग द्वारा 28 निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर लगाए गए जिनमें 12,000 मरीजों का उपचार किया गया तथा मरीजों को निःशुल्क दवाईयां दी गई। विभाग के अन्तर्गत 2 आयुर्वेदिक फार्मेसियां कार्यरत हैं जिनमें से एक जोगिन्द्रनगर (जिला मण्डी) तथा दूसरी माजरा (जिला सिरमौर) में स्थित है। यह फार्मेसियां 103 शास्त्रीय औषधियों का निर्माण करती हैं जिसमें विभाग के अन्तर्गत 679 संस्थाओं को दवाईयां प्राप्त होती हैं। इन फार्मेसियों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के प्रयत्न किए जा रहे हैं । कांगड़ा जिले के पपरोला में बी.ए.एम.एस. उपाधियों और आयुर्वेदिक शिक्षा देने के लिए एक आयुर्वेदिक महाविद्यालय भी कार्य कर रहा है जिसकी क्षमता 20 विद्यार्थी प्रति वर्ष हैं । भारतीय चिकित्सा पद्धति विभाग राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम में पूर्ण रूप से जुड़ा है जैसे कि मलेरिया, राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम रोग प्रतिरोध कार्यक्रम इत्यादि में भी अपना सहयोग देता रहा है। आयुर्वेदिक संस्थाओं नें पात्र दम्पतियों को प्रेरित करने के लिए परिवार कल्याण शिविर लगाए तथा शल्यक्रिया वाले मामलों की देख रेख के लिए भी शिविर लगाए ।

पौषाहार कार्यक्रम

10.35 समाज तथा महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाए गए विशेष पौषाहार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 6 वर्ष से छोटे बच्चों और गर्भवती तथा दूध पिलाने वाली माताओं को अनुपूरक पौष्टिक आहार प्रदान करना है । इस कार्यक्रम से वर्ष 1996-97 में 1,50,000 बच्चे व 31,000 गर्भवती तथा दूध पिलाने वाली माताओं को लाभ पहुंचाने की आशा है । इस पौष्टिक आहार की लागत 95 पैसे प्रति दिन प्रति बच्चा तथा 1.15 रुपए प्रतिदिन प्रति माता है । इस कार्यक्रम के अंतर्गत 600.93 लाख रुपये का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार प्रदेश के लिए वर्ष 1996-97 तक 71 समेकित बाल विकास सेवाएं (आइ.सी.डी.एस.) परियोजना स्वीकृत कर चुकी है । इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य 0-6 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान करना, उनके स्वास्थ्य स्तर को उन्नत करना और उनके विकसित मानसिक व सामाजिक जीवन की दृढ़ नींव रखना तथा इसके साथ ही मृत्यु दर को कम करना और स्कूलों के प्रति बच्चों का लगाव पैदा करना है। इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए 6 सेवाएं जैसे प्रतिरक्षण, प्रतिपूरक पौषाहार, स्वास्थ्य की देखभाल, रैफरल सेवाएं, स्वास्थ्य तथा पौषाहार शिक्षा तथा नान-फार्मल प्री स्कूल शिक्षा कार्यरत हैं । इस वित्तीय वर्ष के दौरान समेकित बाल विकास सेवाओं के अन्तर्गत 894.63 लाख रुपये का बजट प्रावधान है।

समाज कल्याण एवं पिछड़े वर्गों का कल्याण

10.36 समाज एवं महिला कल्याण विभाग, हिमाचल प्रदेश का लक्ष्य अनुसूचित जाति/जनजाति व अन्य पिछड़े वर्गों, वृद्धों एवं बेसहारा,

शारीरिक रूप से विकलांग बच्चों, महिलाओं, विधवाओं तथा बेसहारा महिलाओं जो नैतिक खतरे में हों, की सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति करना है।

सामाजिक कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्न परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं:-

समाज कल्याण

10.37 इस योजना के अन्तर्गत उन व्यक्तियों को पैंशन दी जाती हैं जिनकी आयु **60** वर्ष या उससे अधिक है और उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं और उनकी वार्षिक आय **2,000** रूपए से अधिक नहीं हैं। यह पैंशन **100** रूपये प्रति मास की दर से दी जाती हैं। अपंग व्यक्तियों के लिए कोई आयु सीमा नहीं है और उनको यह पैंशन अपंग राहत भत्ते के रूप में दी जाती है । इसी प्रकार विधवाओं को भी इस पैंशन की प्राप्ति के लिए कोई आयु सीमा नहीं है । वर्ष **1996-97** के दौरान प्रदेश में इस प्रकार के पैंशनरों की संख्या **1,29,416** थी । इसके अतिरिक्त **1,773** कुष्ठ रोगी व्यक्तियों को **120** रूपये प्रति मास की दर से वर्ष **1996-97** में पुनर्वास भत्ता दिया जा रहा है। वर्ष **1996-97** के दौरान वृद्धावस्था, विधवा और अपंग व्यक्तियों के लिए **16.35** करोड़ रूपए कुष्ठ रोगियों के लिए **30.25** लाख रूपये का बजट प्रावधान है। राष्ट्रीय सुरक्षा स्कीम के अंतर्गत ऐसे वृद्ध व्यक्तियों को पैंशन दी जा रही है जिनकी आयु **65** वर्ष या इससे अधिक है तथा जिनकी देखभाल करने वाला कोई न हो, इन व्यक्तियों को **100** रूपये प्रतिमाह की दर से पैंशन दी जा रही है। इस योजना के अंतर्गत **75** रूपये केन्द्रीय सरकार द्वारा तथा **25** रूपये राज्य सरकार द्वारा दिए जाते हैं। इस स्कीम के अंतर्गत **11,600** वृद्धों को लाभान्वित किया जा रहा है।

बाल कल्याण

10.38 अनाथ, अर्ध-अनाथ तथा निराश्रित बच्चों की देखभाल के लिए विभाग बाल/बालिका आश्रमों को चलाने हेतु अनुदान प्रदान कर रहा है। स्वयंसेवी संघों द्वारा रिकांग-पिओ, सराहन, सुन्नी, मशोबरा, टूटीकण्डी, (शिमला), रॉकवुड (शिमला), कुल्लू और लाहौल, ढल्ली, कल्पा, शिल्ली (सोलन) देहर (मण्डी), भरनाल (मण्डी), तथा चम्बा में बाल/बालिका आश्रम चलाए जा रहे हैं। परागपुर (कांगड़ा) मशोबरा (शिमला) में बालिका आश्रम तथा सुजानपुर (हमीरपुर) व टुटीकण्डी (शिमला) में बाल आश्रम विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त रोहड़ू (शिमला) तीसा (चम्बा) में बाल/बालिका आश्रम शुरू किए गए हैं। इन आश्रमों में रहने वालों को निशुल्क खाने पीने तथा रहने के प्रबन्ध के अतिरिक्त **10+2** तक शिक्षा दी जाती है। प्रवासियों को आश्रम छोड़ने पर स्वंय रोजगार तथा पुर्नवास के लिए **6,000** रूपये की सहायता तथा **10+2** के बाद उच्चतर अध्ययन हेतु सहायता उपलब्ध

करवाई जाती है। सुन्दरनगर में किशोर न्याय अधिनियम एक्ट, 1986 के अन्तर्गत निराश्रित बच्चों के लिए स्थापित एक किशोर गृह भी कार्य कर रहा है। इसके अतिरिक्त ऊना (ऊना) में एक विशेष स्कूल प्रेक्षण-कम-होम भी कार्यरत है। मानसिक रूप से अविकसित बच्चों के लिए सरकारी खर्चे पर शिक्षा दिलाने हेतु प्रेम आश्रम ऊना में दाखिल किया जाता है। फोस्टर केयर सर्विस योजना के अन्तर्गत उपेक्षित बच्चों को अगर कोई दम्पति गोद लेना चाहे तो विभाग ऐसे दम्पति को बच्चों के पालन-पोषण के लिए **100** रुपए प्रतिमाह की दर से सहायता देता है। इस योजना के अंतर्गत दिसम्बर, **1996** तक **0.32** लाख रुपए की राशि खर्च की गई तथा **14** व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया।

महिला कल्याण

10.39 महिलाओ के कल्याण के लिए प्रदेश में विभिन्न स्कीमें चल रही हैं। प्रमुख स्कीमें जो चलाई जा रही हैं वह इस प्रकार से हैं:-

(क) नारी सेवा सदन.- निराश्रित और राह भटकी लड़कियों/ महिलाओ के लिए चम्बा, मण्डी, शिमला, कांगड़ा, बिलासपुर और कल्पा में विभाग द्वारा नारी सेवा सदन चलाए जा रहे हैं । इसके अतिरिक्त नाहन में एक नारी सेवा सदन भारतीय बाल कल्याण परिषद द्वारा चलाया जा रहा है । इन सदनों में रहने वालों को निशुल्क आवास तथा प्रवास की सुविधा प्रदान करने के अतिरिक्त कटाई, सिलाई तथा कढ़ाई में प्रशिक्षण दिया जाता है। ऐसी स्त्रियों को सदन छोड़ने पर पुनर्वास के लिए तीन हजार रुपये तक की प्रति स्त्री आर्थिक सहायता भी दी जाती है ।

(ख) कार्यरत महिलाओ के लिए छात्रावास.- नगरों में कार्यरत महिलाओ को आवास की सुविधा सुलभ कराने के उद्देश्य से विभाग ने **13** कार्यरत महिला छात्रावासों का निर्माण किया है । यह छात्रावास स्वयंसेवी संगठनों द्वारा केन्द्रीय सरकार के **75** प्रतिशत तथा राज्य सरकार के **25** प्रतिशत अनुदान से निर्मित किए गए हैं।

(ग) बेसहारा लड़कियों को शादी के लिए अनुदान.- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ऐसी लड़कियों को या तो उनके माता- पिता को जिनकी वार्षिक आय **7,500** रुपये से अधिक न हो, **2,500** रुपये प्रति लड़की शादी के लिए अनुदान के रूप में दिये जाते हैं । वर्ष **1996-97** में इस उद्देश्य के लिए **8.25** लाख रुपयों का प्रावधान है और दिसम्बर, **1996** तक **6.96** लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं जिससे लगभग **279** अभिभावकों को लाभ पहुंचा।

(घ) स्वयं-रोजगार के लिए महिलाओं को सहायता:- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत उन महिलाओं को जिनकी वार्षिक आय 7,500 रुपए से अधिक न हो तथा जिन्हें किसी विशेष व्यवसाय की जानकारी हो या उस व्यवसाय में प्रशिक्षण डिप्लोमा प्राप्त किया हो, को 2,500 रुपये की दर से सहायता दी जाती है। 1996-97 में 6.60 लाख रुपये इस उद्देश्य के लिए रखे गए हैं तथा दिसम्बर, 1996 तक 3.60 लाख रुपये व्यय किए जा चुके हैं जिससे 144 महिलाओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

(ङ) महिला विकास निगम:- प्रदेश में महिलाओं को विभिन्न व्यवसायों हेतु वित्तीय सहायता प्राप्ति के लिए एक महिला विकास निगम की स्थापना की गई है । वर्ष 1996-97 में इस निगम को 17.00 लाख रुपये का बजट प्रावधान है तथा दिसम्बर, 1996 तक 3.40 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं और शेष राशि का उपयोग इस वर्ष के अंत तक कर लिया जाएगा।

अपंग कल्याण

10.40 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विकलांगों के कल्याण के लिए निम्नलिखित स्कीम विभाग द्वारा चलाई जा रही हैं :-

(क) कृत्रिम अंग सहायता :- इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1996-97 के लिए 1.20 लाख रुपये का बजट प्रावधान रखा गया है जिनकी मासिक आय 1,200 रुपये तक हो उन्हें कृत्रिम अंग लगवाने हेतु पूरी राशि दी जाती है तथा 1,201 से 2,500 रुपए तक की मासिक आय वाले को आधी कीमत अनुदान के रूप में दी जाती है।

(ख) अपंग छात्रवृति:- इसका मुख्य उद्देश्य अपंग बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित करना है तथा इसके अंतर्गत इन बच्चों को छात्रवृति दी जाती है। वर्ष 1996-97 के लिए 4.30 लाख रुपये का बजट प्रावधान है तथा दिसम्बर, 1996 तक 1.29 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं जिससे लगभग 149 अपंग छात्रों को लाभान्वित किया जा चुका है।

(ग) अपंग विवाह अनुदान:- इस योजना के अन्तर्गत स्वैच्छा से अपंग लड़के या लड़की के विवाह करने पर प्रोत्साहन के रूप में 5,000 रुपये तक की राशी दी जाती है। वर्ष 1996-97 के लिए इस योजना के अन्तर्गत 3.20 लाख रुपये का बजट प्रावधान है तथा दिसम्बर, 1996 तक 2.55 लाख रुपयें खर्च किए

जा चुके हैं इससे लगभग 51 व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा चुका है ।

(घ) अपंगों के लिए स्वयं रोजगार योजना:- इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1996-97 के लिए 5.50 लाख रुपये का बजट प्रावधान है। इसके अन्तर्गत दिसम्बर, 1996 तक 1.88लाख रुपए खर्च किए जा चुके है जिससे लगभग 75 व्यक्तियों का लाभान्वित किया गया ।

अनुसूचित जाति/ जन-जाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण

10.41 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1996-97 के दौरान निम्नलिखित स्कीमें कार्यान्वित की गई हैं:-

(क) तकनीकी छात्रवृतियां.- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के प्रशिक्षणार्थियों को जो आई.टी.आई., आर.टी.आई. इत्यादि से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं 100 रुपये प्रति मास प्रति प्रशिक्षणार्थी छात्रवृति दी जाती है । वर्ष 1996-97 में 19.35 लाख रुपए बजट में रखे गए हैं जिससे 993 प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित होगें ।

(ख) अन्तर्जातीय विवाह के लिए प्रोत्साहन.- अस्पृश्यता को दूर करने के लिए नवम्बर,1994 से 25,000 रुपए प्रति दम्पति प्रोत्साहन के रुप में दिये जाते है। वर्ष 1996-97 में इस योजना के अन्तर्गत 12.00 लाख रुपयों का प्रावधान है तथा दिसम्बर,1996 तक लगभग 17 दम्पतियों को लाभ पहुंचाया जा चुका है जिन पर 3.96 लाख रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है ।

(ग) गृह अनुदान.- इस स्कीम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को बर्फ से ढके क्षेत्रों में 10,000 रुपये का अनुदान और 8,000 रुपये अन्य क्षेत्रों में, आवास निर्माण के लिए दिये जाते हैं। इसके अतिरिक्त इस जाति के सदस्यों को उपरोक्त राशि का 50 प्रतिशत घर की मुरम्मत के लिए दिया जाता है। वर्ष 1996-97 में 137.15 लाख रुपए का बजट प्रावधान है तथा दिसम्बर,1996 तक 135.31 लाख रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है जिससे लगभग 1,619 व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा चुका है ।

(घ) हरिजन बस्तियों व उनमें रहने की सुविधाओ में सुधार:- इस स्कीम के अन्तर्गत ऐसे गांव जहां पर

अनुसूचित जाति के लोग रहते हों व अनुसूचित जाति के लोग अधिक हों छोटी पेयजल योजना के अंतर्गत कुंआं/ बावड़ी का निर्माण किया जाता है जो कि जन-स्वास्थ्य विभाग की योजनाओ के द्वारा लाभान्वित नहीं होते हैं। दिसम्बर,1996 तक लगभग 227 बस्तियों को लाभान्वित किया गया है जिसपर 16.93 लाख रुपये की राशि खर्च की गई।

(ङ.) टाईप व शॉर्टहैण्ड में निपुणता:- इस स्कीम के अंतर्गत अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के पूर्व प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त करके प्रशिक्षण देना है ताकि वे अपनी निपुणता को कायम रख सकें। वर्ष 1996-97 में इस योजना के अंतर्गत 3.97 लाख रुपए का बजट प्रावधान रखा गया है जिससे दिसम्बर,1996 तक लगभग 61 प्रशिक्षणार्थियों को लाभान्वित किया गया जिसपर 1.48 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं।

(च) अनुसूचित जाति परिवारों को राहत जो अत्याचारों से पीड़ित हैं.- इस स्कीम के अन्तर्गत ऐसे अनुसूचित जाति के परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाती है जिन पर जातीय आधार पर अन्य परिवारों द्वारा अत्याचार किये गए हों । वर्ष 1996-97 के दौरान इस उद्देश्य के लिए 1.00 लाख रुपए का प्रावधान है।

(छ) अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास निगम:- अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति के आर्थिक विकास के लिए प्रदेश में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति निगम की स्थापना की गई है। यह निगम बैंकों की सहायता से अनेक उद्धार कार्यक्रम चला रहा है।

(ज) अनुवर्ती कार्यक्रम :- इस योजना के अन्तर्गत अनुसूचित तथा जन-जाति व अन्य पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों को 800 रुपए की कीमत तक के औजार तथा उपकरण दिए जाते हैं। वर्ष 1996-97 में इस योजना के अंतर्गत 11.50 लाख रुपये का बजट प्रावधान है। दिसम्बर,1996 तक इससे 1,127 व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा चुका है जिसपर 10.20 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

(झ) कन्या छात्रावास :- अनुसूचित जाति/ जन-जाति की छात्राओ के शिक्षा स्तर के विकास तथा छात्राओ द्वारा

जा चुके हैं इससे लगभग 51 व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा चुका है ।

(घ) अपंगों के लिए स्वयं रोजगार योजना:- इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1996-97 के लिए 5.50 लाख रुपये का बजट प्रावधान है। इसके अन्तर्गत दिसम्बर, 1996 तक 1.88लाख रुपए खर्च किए जा चुके है जिससे लगभग 75 व्यक्तियों का लाभान्वित किया गया ।

अनुसूचित जाति/ जन-जाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण

10.41 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1996-97 के दौरान निम्नलिखित स्कीमें कार्यान्वित की गई हैं:-

(क) तकनीकी छात्रवृतियां.- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के प्रशिक्षणार्थियों को जो आई.टी.आई., आर.टी.आई. इत्यादि से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं 100 रुपये प्रति मास प्रति प्रशिक्षणार्थी छात्रवृति दी जाती है । वर्ष 1996-97 में 19.35 लाख रुपए बजट में रखे गए हैं जिससे 993 प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित होगें ।

(ख) अन्तर्जातीय विवाह के लिए प्रोत्साहन.- अस्पृश्यता को दूर करने के लिए नवम्बर,1994 से 25,000 रुपए प्रति दम्पति प्रोत्साहन के रूप में दिये जाते है। वर्ष 1996-97 में इस योजना के अन्तर्गत 12.00 लाख रुपयों का प्रावधान हैं तथा दिसम्बर,1996 तक लगभग 17 दम्पतियों को लाभ पहुंचाया जा चुका है जिन पर 3.96 लाख रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है ।

(ग) गृह अनुदान.- इस स्कीम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को बर्फ से ढके क्षेत्रों में 10,000 रुपये का अनुदान और 8,000 रुपये अन्य क्षेत्रों में, आवास निर्माण के लिए दिये जाते हैं । इसके अतिरिक्त इस जाति के सदस्यों को उपरोक्त राशि का 50 प्रतिशत घर की मुरम्मत के लिए दिया जाता है। वर्ष 1996-97 में 137.15 लाख रुपए का बजट प्रावधान है तथा दिसम्बर,1996 तक 135.31 लाख रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है जिससे लगभग 1,619 व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा चुका है ।

(घ) हरिजन बस्तियों व उनमें रहने की सुविधाओ में सुधार:- इस स्कीम के अन्तर्गत ऐसे गांव जहां पर

केन्द्रीय सहायता से लाभान्वित किया गया तथा वर्ष 1996-97 के लिए 0.30 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं ।

10.44 1991 की जन गणना के अनुसार प्रदेश में अनुसूचित जातियों की संख्या 13.10 लाख थी जो कि राज्य की कुल जनसंख्या का 25.34 प्रतिशत है, अनुसूचित जाति जनसंख्या बिखरी होने के कारण, इस जाति के लिए व्यक्ति/परिवार/बस्ती आधारित स्कीमें/कार्यक्रम अपनाए गए ताकि (1) इनकी आय तथा उत्पादकता में वृद्धि हो सके, (2) ये व्यवसाय कम अपमानित हों, (3) इनकी शिक्षा का विकास सुनिश्चित किया जाए ताकि रोजी रोटी कमाने के लिए वे दूर के स्थानों में भी जा सकें, साथ ही उनके रहन सहन और वातावरण में सुधार लाया जाए । वर्ष 1979-80 में प्रथम बार प्रदेश में विशेष घटक योजना को प्रारम्भ किया गया । सातवीं योजनावधि में सकल योजना से 10.90 प्रतिशत राशि विशेष घटक योजना के लिए आरक्षित की गई तथा वर्ष 1991-92 तथा 1992-93 में क्रमश: 10.34 प्रतिशत तथा 12.35 प्रतिशत रही है। यह उपलब्धि भारत सरकार गृह मंत्रालय (अब कल्याण मंत्रालय) द्वारा दी गई, विशेष केन्द्रीय सहायता के कारण प्राप्त हो सकी । आठवीं योजना के लिए राज्य योजना की राशि सम्पूर्ण राज्य योजना का 12.12 प्रतिशत रखा गया (अभाजीय व भाजीय घटक के विचार बिना) वर्ष 1992-97 तक विशेष घटक योजना के अन्तर्गत कुल 290.58 करोड़ रुपये व्यय किए गए और वर्ष 1996-97 में 109.35 करोड़ रुपये व्यय होने की सम्भावना है। इस प्रकार 8वीं पंचवर्षीय योजना 1992-97 की अवधि तक निर्धारित लक्ष्य 303.15 करोड़ रुपये की तुलना में 399.93 करोड़ रुपये व्यय होने की सम्भावना है। यह व्यय विशेष केन्द्रीय सहायता तथा केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों के अतिरिक्त हैं। नौंवी पंचवर्षीय योजना के लिए राज्य योजना के अन्तर्गत 668.50 करोड़ रुपये और विशेष केन्द्रीय सहायता के अन्तर्गत 21.00 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है जिसमें से वार्षिक योजना 1997-98 के लिए क्रमश: 122.50 करोड़ रुपये तथा 3.50 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है।

10.45 विशेष घटक योजना के लिए जिला स्तर (किन्नौर और लाहौल-स्पिति को छोड़कर) पर योजना के सामायिक संचालन हेतु जिला स्तरीय पुर्नवलोकन समितियां गठित की गई हैं ।

10.46 20 सूत्रीय कार्यक्रम,1986, के 11वें सूत्र के अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति को वर्ष 1996-97 के दौरान 34,000 परिवारों को लाभान्वित करने के लक्ष्य की तुलना में दिसम्बर,1996 तक 31,363 परिवारों को लाभान्वित किया गया ऐसे लाभार्थियों का समवर्ती मूल्यांकन भी किया जाता है।

11. व्यापार तथा वाणिज्य

वाणिज्यिक बैंकिंग

11.1 सभी शैडयूल्ड वाणिज्यिक बैंकों के कार्यालयों की संख्या में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई । इनकी संख्या मार्च,1995 को 756 से बढ़कर मार्च,1996 को 760 हो गई । राज्य में कांगड़ा जिला में सबसे अधिक 150(19.7 प्रतिशत) तथा उसके बाद शिमला जिला में 120(15.8 प्रतिशत) बैंक थे । ग्रामीण तथा अर्ध नगरीय क्षेत्रों में बैंक शाखाओं को बढ़ाने का कार्य वर्ष 1996 में भी जारी रहा और ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक शाखाओं की संख्या 647 हो गई जो कि राज्य में कुल बैंक कार्यालयों की संख्या का 85.1 प्रतिशत है । यदि इसे जनसंख्या से जोड़ा जाए तो राज्य में प्रति बैंक शाखा औसत जनसंख्या मार्च,1995 में 7,375 से बदलकर मार्च,1996 में 7,476 हो गई ।

11.2 प्रदेश में शैड्यूल्ड वाणिज्यिक बैंकों में कुल जमा राशि मार्च,1995 को 2,678.92 करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च,1996 में 3,138.93 करोड़ रुपये हो गई । इस प्रकार इस दौरान इसमें 17.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई । सकल बैंकों में ऋण राशि मार्च,1995 में 705.78 करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च,1996 में 810.04 करोड़ रुपये हो गई। यह वृद्धि 14.8 प्रतिशत के लगभग थी । राज्य में ऋण पर दी गई राशि व जमा राशि का अनुपात मार्च,1995 के 26.3 प्रतिशत की तुलना में मार्च, 1996 में 25.8 प्रतिशत हो गया। राज्य में मार्च,1996 में 85.1 प्रतिशत बैंक कार्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित थे परन्तु कुल ऋण का केवल 67.5 प्रतिशत तथा कुल जमा राशि का 63.7 प्रतिशत इन बैंकों में था । मार्च,1996 में राज्य के जिला कांगड़ा के बैंकों में जमाराशि 24.8 प्रतिशत तथा बैंकों द्वारा दिये गये ऋण 14.7 प्रतिशत थे । जिला शिमला में बैंकों में जमा राशि 22.9 प्रतिशत तथा बैंकों द्वारा दिये गये ऋण 17.3 प्रतिशत थे ।

सहकारी बैंक

11.3 हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंकों की मुख्य कार्यालय सहित शाखा कार्यालयों की संख्या मार्च,1996 में 111 थी। सहकारी बैंकों में कुल जमा राशि मार्च,1995 में 386,33.46 लाख रुपये की तुलना में मार्च,1996 में 408,43.82 लाख रुपये हो गई । इस प्रकार इस दौरान इसमें 5.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई । इसके अतिरिक्त कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित, धर्मशाला की मार्च,1996 में 95 शाखाएं जिसमें मुख्यालय भी सम्मिलित है, कार्यरत हैं। इन बैंकों की जमा राशि मार्च,1996 में 366,06.55 लाख रुपए थी जबकि मार्च,1995 को 281,49.03 लाख रुपए थी।

इसी प्रकार जोगिन्द्रा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित, सोलन की मार्च, 1996 में 19 शाखाएं जिसमें मुख्यालय भी सम्मिलित है, थीं, जिनमें मार्च, 1997 तक 38,29.00 लाख रुपये की जमा राशि होने की सम्भावना है जबकि मार्च, 1996 तक 30,94.00 लाख रुपये की जमा राशि थी।

12. परिवहन तथा संचार

I. राज्य क्षेत्र

सड़कें तथा पुल

12.1 जल मार्ग तथा रेलवे जैसे संचार के विशेष व अनुकूल साधनों के न के बराबर होने के कारण सड़कें ही हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सरकार सड़कों के क्षेत्र को अत्याधिक प्राथमिकता दे रही है। वर्ष **1996-97** के लिए **8,282.00** लाख रूपए का व्यय अनुमोदित किया गया जिसमें **23.00** लाख रूपए केबलवेज तथा **120.00** लाख रूपये नाहन फाऊंड्री के लिए अनुमोदित है। **8,282.00** लाख रूपये पूंजीगत उद्व्यय की तुलना में दिसम्बर, **1996** तक **6,771.00** लाख रूपये खर्च किये गए तथा शेष **1,511.00** लाख रूपए मार्च, **1997** तक व्यय किए जाएंगे। वर्ष **1996-97** का लक्ष्य तथा दिसम्बर,**1996** तक की उपलब्धियों का ब्यौरा निम्न प्रकार से है:-

क्रम सं.	मद	इकाई	लक्ष्य 1996-97	उपलब्धियां दिसम्बर, 1996 तक	1.1.97 से 31.3.97 तक संभावित उपलब्धियां
1.	वाहन चलने योग्य सड़कें	कि.मी.	251	190	61
2.	जल निकास	"	192	118	74
3.	पक्की तथा विरालित सड़कें	"	202	160	42
4.	जीप चलने योग्य सड़कें	"	15	15	-
5.	पुल	संख्या	30	11	19
6.	गांव जुड़े	"	20	15	5
7.	केबलवेज	कि.मी.	2	-	2

II. केन्द्रीय क्षेत्र

राष्ट्रीय उच्च मार्ग

12.2 हिमाचल प्रदेश में **760.35** किलोमीटर लम्बे राष्ट्रीय उच्च मार्ग जिसमें शहरों को जोड़ना तथा बाईपास सम्मिलित हैं के सुधार के लिए दिसम्बर,**1996** तक **11.58** किलोमीटर लम्बे मार्ग को चौड़ा करके दोहरी सड़कों में परिवर्तित करने के अतिरिक्त **8.04** किलोमीटर लम्बे मार्ग को पक्का तथा विरालित किया तथा पटरियों को चौड़ा किया।

गैर आवासीय/आवासीय भवन

12.3 लोक निर्माण विभाग सभी विभागों के गैर आवासीय तथा आवासीय दोनों प्रकार के भवनों के निर्माण कार्यक्रम को कार्यान्वित करता है । वर्ष 1996-97 के लिए गैर-आवासीय भवनों के लिए 'भवन निर्माण कार्यक्रम' के अन्तर्गत् 1,125.90 लाख रूपये की धनराशि अनुमोदित की गई है। इसमें से 743.91 लाख रूपये दिसम्बर,1996 तक खर्च किए जा चुके हैं। इसी प्रकार वर्ष 1996-97 के लिए 1,103.75 लाख रूपये का प्रावधान आवासीय भवनों जिसमें 323.75 लाख रूपये पुलिस आवासीय भवनों के सम्मिलित हैं के लिए रखे गये हैं। इसमें से 683.63 लाख् रूपये दिसम्बर, 1996 तक खर्च किए जा चुके हैं और शेष राशि का उपयोग मार्च,1997 तक कर लिया जाएगा।

रेलवे

12.4 प्रदेश में केवल दो छोटी लाईनें शिमला-कालका (96 किलोमीटर) और जोगिन्द्रनगर-पठानकोट (113 किलोमीटर) तथा नंगल डैम-ऊना (16 किलोमीटर) बड़ी लाईन है।

पर्यटन तथा नागरिक उड्डयन

12.5 प्रदेश की अर्थ-व्यवस्था के लिए पर्यटन महत्वपूर्ण स्थान रखता है। पर्यटन उद्योग को प्रदेश सरकार ने अधिक प्राथमिकता दी है। भविष्य में प्रदेश में पर्यटन की वृद्धि के लिए उचित मूलाधार विकसित किया है। वर्ष 1996-97 में पर्यटन विकास के लिए 755.00 लाख रूपये का प्रावधान तथा नागरिक उड्डयन 659.00 लाख रूपए का प्रावधान रखा गया। प्रदेश के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग ने सूरज कुण्ड क्राफट मेला, एस.ए.टी.टी.ई. टी.टी.एफ, कलकत्ता, सी. आई. आई., लखनऊ, टी.ए.ए.आई दिल्ली, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार उत्सव, दिल्ली क्षितीय हिमालयन उत्सव, धर्मशाला, ताबो मिलिनीयम उत्सव, डब्लयू.टी.एम. लन्दन तथा आई.टी.वी. बर्लिन में भाग लिया।

12.6 निजि उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए विभाग ने प्रदेश में 9 स्थानों का चयन किया है जो निजि क्षेत्र में उद्यमियों को दिए जाएंगे। इसी प्रकार विभिन्न स्थानों के लिए 12 रोपवेज बनाने हेतु विज्ञापन दिए गए जिन में उद्यमियों द्वारा निजी निवेश किया जाएगा। तीन रोपवेज चम्बाघाट से करोल टिब्बा, जावली से कसौली तथा भैनादेवी का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

12.7 पर्यटन विभाग विभिन्न साहसिक खेल गतिविधियों जैसे कि जल-क्रीड़ा, रीवर रैफ्टिंग, ट्रैकिंग तथा पैरागलाइडिंग इत्यादि में प्रशिक्षण देने का कार्य कर रहा है। वर्ष 1996 के दौरान बिलासपुर, पौंग डैम व पंडोह झीलों में पर्वतारोहण संस्थान मनाली द्वारा जल-क्रीड़ा के 185 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया। राज्य में साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभाग बिलासपुर में जल-क्रीडा केंद्र

86.68 लाख रुपये की लागत से तथा एक एयरो क्रीडा केंद्र बीर-बिलिंग में बना रहा है। विभाग पैरा-गलाइडरों के लिए बिलिंग के निकट शोजा में भूमि ले रहा है। वर्ष 1995-96 में विभाग ने जल क्रीड़ाओ के लिए 20.00 लाख रुपये के उपकरण खरीदे हैं तथा वर्ष 1996-97 में इसके लिए 30.00 लाख रुपये का बजट प्रावधान है।

12.8 हिमाचल प्रदेश सरकार ने कुछ वर्षों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में 134.26 लाख रुपये की कुल लागत से 10 हैली-पैड बनाए है। बनीखेत ‡चम्बा‡ तथा रंगरिक ‡स्पिति‡ में हवाई-पटियां बनाने के लिए कारगर कदम उठाए गए हैं। भारत सरकार ने कुल्लू हवाई-अड्डे का सुदृढ़ करने के लिए 36 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। वित्त-आयोग ने 30 करोड़ रुपये बनीखेत तथा रंगरिक हवाई-पटियों के निर्माण के लिए स्वीकृत किए हैं। वर्ष 1996-97 में ताबो हैलीपैड का निर्माण किया गया तथा सिस्सु, बारिंग, रिबलिंग तथा सांगला के हैलीपैडों का निर्माण किया जा रहा है। पांगी तथा भरमौर को जोड़ने के लिए भरमौर हैलीपैड के विस्तार का कार्य 79 लाख रुपये की अनुमानित राशि से शुरू किया जा रहा हैं।

पथ परिवहन

12.9 परिवहन के अन्य स्त्रोत जैसे रेलवे, वायु तथा जल परिवहन न के बराबर होने के कारण पथ परिवहन का महत्व और भी बढ़ जाता है । प्रदेश के सभी भागों, पड़ौसी राज्यों तथा केन्द्र शासित राज्यों के पथों पर, समन्वित आयोजित, पर्याप्त तथा कार्यसाधक परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की स्थापना की गई ।

12.10 वर्ष 1996-97 में अक्तूबर, 1996 तक हिमाचल पथ परिवहन निगम के पास 1,698 बसें थीं। वर्ष 1995-96 में 2,232 मार्गों की तुलना में वर्ष 1996-97 में अक्तूबर,1996 तक 2,275 मार्गों पर बसें चल रही थी।

12.11 वर्ष 1996-97 में अक्तूबर,1996 तक निगम की बसों ने 3.50 लाख किलोमीटर प्रतिदिन की दूरी तय की जबकि वर्ष 1995-96 में यह दूरी 3.42 लाख किलोमीटर प्रतिदिन थी । इस समय प्रदेश में 23 क्षेत्र, 4 मण्डल स्तर के कार्यालय कार्यरत हैं तथा मण्डी, तारादेवी तथा परवाणू में 3 मण्डलीय कर्मशालाएं कार्य कर रही हैं। इसके अतिरिक्त जस्सूर में एक रीकण्डीशनिंग इकाई स्थापित है।

12.12 वर्ष 1996-97 में कुछ प्रभावशाली जैसे कि मूल्यांकन प्रणाली का कम्पयूटरीकरण, निजी क्षेत्र में बसों के आरक्षण का कार्य, कार्यशालाओं में काम करने की प्रणाली में सुधार, नालागढ़, रोहडू तथा चमेरा स्टेशनों को छोड़ शेष सभी स्टेशनों में सीटों का अग्रिम आरक्षण का कम्पयूटरीकरण, इत्यादि, कदम उठाए गए। चालक की कठिनाई

को कम करने के लिए बसों में पावर स्टेरिंग का प्रयोगात्मक आधार पर प्रचलन किया गया। राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा उन सभी कर्मचारियों के लिए पैंशन योजना लागू की गई जो पहले इस स्कीम के अन्तर्गत नहीं आते थे। चालू वित्तीय वर्ष 1996-97 में अक्तूबर, 1996 तक निगम का राजस्व 57.20 करोड़ रुपए था, जबकि पिछले वर्ष यह राजस्व इसी अवधि में 55.20 करोड़ रुपए था।

13. सहकारिता

13.1 प्रदेश में सहकारी समितियों की संख्या 31.3.1995 में 4,410 थी जो कि 31.3.1996 में 0.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती हुई 4,419 हो गई है और उनकी अंश पूंजी जो वर्ष 31.3.1995 में 6,927.06 लाख रूपये थी 31.3.1996 में 8.67 प्रतिशत की वृद्धि से 7,527.98 लाख रूपये हो गई । इन समितियों की जमा पूंजी मार्च,1996 के दौरान 32.93 प्रतिशत की वृद्धि से 93,735.56 लाख रूपये हो गई जो कि मार्च,1995 में 70,514.53 लाख रूपये थी । अल्पकालीन व मध्यकालीन ऋण(कृषि और गैर कृषि) वर्ष 1994-95 में 8,069.61 लाख रूपये से बढ़कर 1995-96 में 9,553.40 लाख रूपये हो गये। दीर्घकालीन ऋण 31.3.1996 तक बढ़कर 1,629.26 लाख रूपये हो गये जब कि 31.3.1995 तक 1,132.15 लाख रूपये थे। कार्यरत पूंजी में 31.3.1996 के अंत तक पिछले वर्ष की तुलना में 12.67 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नीचे दी गई तालिका में हिमाचल प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र में पिछले 2 वर्षों की प्रगति को दर्शाया गया है ।

सहकारिता की प्रगति

(लाख रूपयों में)

क्रम	मद	31.3.95	31.3.96	गत वर्ष से प्रतिशत वृद्धि/कमी
1.	समितियों की संख्या	4,410	4,419	0.2
2.	सदस्यता(लाखों में)	11.29	11.53	2.13
3.	अंश पूंजी	6,927.06	7,527.98	8.67
4.	जमा पूंजी	70,514.53	93,735.56	32.93
5.	कुल अल्प कालीन व मध्य कालीन ऋण वितरित(कृषि तथा गैर कृषि ऋण)	8,069.61	9,553.40	18.39
6.	दीर्घ कालीन ऋण वितरित	1,132.15	1,629.26	43.91
7.	कृषि उपज का विपणन मूल्य	4,476.35	4,626.61	3.36
8.	फुटकर वितरण:			
	(क)उपभोक्ता वस्तुएं	10,311.82	11,232.95	8.93
	(ख)कृषि उर्वरक	1,969.35	2,169.53	10.16
9.	ग्रामीण जनसंख्या की भागीदारी(प्रतिशत)	100	100	-

सहकारी समितियों के मुख्य कार्यक्रमों का संक्षिप्त वर्णन इस प्रकार है:-

सहकारी ऋण

13.2 सहकारी ऋण हिमाचल प्रदेश ग्रामीण कृषि विकास बैंक, लिमिटिड शिमला तथा प्राथमिक ग्रामीण कृषि विकास बैंक लिमिटिड, धर्मशाला द्वारा प्रदान किये जा रहे हैं । यह दीर्घकालीन ऋण किसानों को विभिन्न कृषि उद्देश्यों के लिये दिये जाते हैं ।

उपभोक्ता वस्तुओ का वितरण

13.3 सहकारी समितियां प्रदेश के विशेषकर दूर-दराज तथा जनजातीय क्षेत्रों के लोगों को उपभोग की आवश्यक वस्तुओं का वितरण उचित मूल्यों पर करती हैं ।

आदानों की आपूर्ति

13.4 सहकारी समितियां किसानों को उचित मूल्य पर विभिन्न कृषि आदानों जैसे कृषि उपकरण, उर्वरक, उन्नत बीज आदि की आपूर्ति करती है।

विपणन

13.5 सहकारी संस्थाएं प्रदेश में नगदी फसलें जैसे बीज आलू, अदरक, चाय तथा सेव आदि फसलों के विपणन का कार्य कर रही हैं ताकि उत्पादकों को उचित मूल्य प्राप्त हो सके ।

14. स्थानीय निकाय

पंचायती राज

14.1 प्रदेश में 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के प्रावधानों के अनुरूप पंचायती राज प्रणाली की स्थापना के उद्देश्य से संविधान के अनुच्छेद 243 एन तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 200(2) के उपबंधों के अंतर्गत प्रदेश विधानसभा द्वारा एक संकल्प पारित करके, हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1968 के प्रावधानों के तहत वर्ष 1991 और 1992 में गठित ग्राम पंचायतों तथा पंचायत समितियों को भंग किया गया।

14.2 पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों तथा जिला परिषदों के लिए सदस्यों तथा सभापतियों के एक-तिहाई स्थान आरक्षित किए गए। इसी प्रकार अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जन-जातियों के लिए भी पदों को आरक्षित किया गया। इस समय प्रदेश में 2,922 ग्राम पंचायतें, 72 पंचायत समितियां तथा 12 जिला परिषद कार्यरत हैं। इस वित्त वर्ष के दौरान 1,450 ग्राम पंचायतों में व्यवसायिक/ सिलाई केन्द्र खोले गए।

14.3 सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के लिए पुस्तकालय अनुदान राशि में से गिरिराज तथा अन्य सरकारी पत्रिकाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं ताकि ग्रामीण लोगों को प्रदेश की विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी मिल सके। ग्राम पंचायत के प्रधानों तथा उप-प्रधानों और पंचायत समिति के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों को राज्य सरकार द्वारा मानदेय प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पंचायत चौकीदारों का मानदेय 100 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये कर दिया गया है। यह निर्णय भी लिया गया है कि प्रत्येक दो पंचायतों के लिए एक पंचायत सचिव उपलब्ध करवाया जाएगा। सरकार पंचायतों को आयवर्धक परिसम्पतियों के सृजन के लिए ऋण प्रदान कर रही है।

नगरपालिकाएं

14.4 प्रदेश में इस समय नगर निगम शिमला सहित 49 शहरी स्थानीय निकाय कार्यरत हैं । इन शहरी स्थानीय निकायों की आय के साधन सीमित होने के कारण सरकार प्रतिवर्ष नागरिक सुख-सुविधा प्रदान करने हेतु अनुदान देती है । वर्ष 1996-97 के दौरान शहरी स्थानीय निकायों को 1,145.55 लाख रुपए (489.47 लाख रुपए योजना, 4.90 लाख रुपये विशेष घटक योजना तथा 651.18 लाख गैर-योजना के अन्तर्गत) अनुदान दिए जाने का बजट में प्रावधान है जो कि शहरी स्थानीय निकायों को अपने क्षेत्र के रख-रखाव और विकास कार्यों के लिए अनुदान के रूप में स्वीकृत किए जाते हैं जिसमें से 92.78 लाख रुपये निदेशालय, शहरी विकास पर व्यय करने का प्रावधान है।

14.5 अप्रैल, **1982** में चुंगी के समाप्त कर देने के कारण शहरी स्थानीय निकायों की आय कम हो जाने के कारण सरकार इनको अनुदान सहायता प्रदान कर रही है ताकि इनका कार्यक्रम सुचारू रूप से चलाया जा सके । वर्ष **1996-97** में इनके लिये **446.68** लाख रूपए का प्रावधान है। नागरिक अधिकारों के दृष्टिगत सिर पर मैला उठाने जैसे घृणित कार्य को समाप्त करने हेतु विशेष घटक योजना के अन्तर्गत् वर्ष **1996-97** के लिए **4.90** लाख रूपये का प्रावधान है जिसके अन्तर्गत पांच निकायों हमीरपुर, ज्वालामुखी, मनाली, रिवाल्सर तथा सुन्नी शहरों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया जा रहा है।

14.6 शहरी मूल सुविधा सेवाएं प्रदेश के तीन शहरों नालागढ़, पौंटा तथा कांगड़ा में चलाई जा रही है। वर्ष **1996-97** के दौरान इस योजना के अन्तर्गत **32.77** लाख रूपये की राशि का बजट प्रावधान किया गया है। नेहरू रोजगार योजना के अन्तर्गत वर्ष **1996-97** के दौरान बेरोजगार युवकों को रोजगार दिलाने का कार्य जारी रहेगा। इस स्कीम के अन्तर्गत **57.44** लाख रूपये बजट का प्रावधान किया गया है।

14.7 छोटे एवम मध्यम नगरों के लिए एकीकृत विकास योजना जो पहले नगर एवम ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित की जा रही थी, अब शहरी विकास विभाग को हस्तांतरित कर दी गई है। यह योजना तीन शहरों नाहन, ऊना तथा धर्मशाला में चलाई गई है। इस योजना के अंतर्गत वर्ष **1996-97** के लिए **50.00** लाख रूपये का प्रावधान है। नौराड परियोजना के अंतर्गत कूड़ा निकासी व्यवस्था के सुधार के लिए **53.66** लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। प्रधानमंत्री एकीकृत शहरी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम राज्य की सभी नगरपालिकाओं में चलाया जाएगा जिसके अन्तर्गत वर्ष **1995-96** के लिए **82.22** लाख रूपये का प्रावधान था तथा वर्ष **1996-97** के लिए **126.74** लाख रूपये का प्रस्ताव है।

ECONOMIC REVIEW
OF
HIMACHAL PRADESH

1997

Economics and Statistics Department

PREFACE

Economic Review is one of the budget documents, which indicates the important economic activities of the Government through its departments. The Review of progress, presented in Part-I, gives the salient features of the State's economy during 1996-97, while statistical tables on various subjects are given in Part-II. Graphs and charts are given at appropriate places.

I am thankful to all the departments and public undertakings for their co-operation in making available the material, included in the Review . The burden of collection and updating of huge and voluminous data and its presentation in a concise and inter-related form was borne by the Economics and Statistics Department. I highly appreciate and commend the hard work done by the officers and officials of this Department.

KR. SHAMSHER SINGH
Financial Commissioner-cum-Secretary,
(Finance,Plg. and Eco. & Stat.)to the,
Government of Himachal Pradesh.

CONTENTS

PART-I REVIEW OF PROGRESS DURING 1996-97

		Page
1.	General Appraisal	1
2.	Population	5
3.	State Income	7
4.	Agriculture	9
5.	Industries	28
6.	Electricity	30
7.	Employment	36
8.	Rural Development	41
9.	Price Situation	46
10.	Civil Supplies and Social Services	48
11.	Trade and Commerce	65
12.	Transport and Communications	66
13.	Co-operative Movement	69
14.	Local Bodies	71

PART-I

REVIEW OF PROGRESS DURING 1996-97

1 GENERAL APPRAISAL

Economic Situation in the Country

1.1 The economic reforms introduced in 1991-92 to extricate the economy from previous mess continued to sustain the momentum of growth this year also. The real growth of gross domestic product which had fallen to 0.8 percent in 1991-92 increased to 7.2 percent in 1994-95 and is again 7.1 percent in 1995-96 as the total G.D.P. at constant prices is estimated at Rs. 2,74,209 crores in 1995-96 against Rs. 2,56,095 crores in 1994-95. At current prices the G.D.P. registered an increase of about 14.8 percent as it increased to Rs. 9,85,787 crores in 1995-96 from Rs. 8,54,340 crores in 1994-95. The per capita income in real terms i.e. at 1980-81 prices, is estimated at Rs. 2,573 for 1995-96 as against Rs. 2,449 for 1994-95. The per capita income at current prices is estimated at Rs. 9,321 in 1995-96 as against Rs. 8,282 for the previous year (12.5 percent increase).

